वर्ष 23, अंक 363, पृष्ठ 08, मूल्य: 3.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज गुरूवार 23 जनवरी 2025 विश्व निर्माण एवं मानव विकास को दुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

## आग की अफवाह, चेन पुलिंग और 11 मौतें



**महाराष्ट्र : महाराष्ट्र** के जलगांव के परांडा रेलवे स्टेशन पर बुधवार (22 जनवरी, 2025) को बड़ा ट्रेन हादसा हो गया. बताया जा रहा है कि किसी ने अफवाह उड़ा दी कि पुष्पक एक्सप्रेस में आग लगी है और ये सुनकर वहां पर भगदड़ मच गई. आग फैलने के डर से सवार यात्रियों ने ट्रेन से छलांग लगा दी. वहीं दूसरी ओर कर्नाटक एक्सप्रेस गुजर रही थी, जिसने यात्रियों को कुचल दिया. हादसे में 11 लोगों की मौत हुई है और कई लोग घायल हो गए हैं.

हादसे के बाद प्रशासन की ओर से राहत और बचाव कार्य शुरू कर दिया गया है. महाराष्ट्र सरकार की 108 एम्बुलेंस की 8 गाड़ियां वहां रेस्क्यू के लिए भेजी गई हैं. वहीं घटनास्थल पर एसपी, एडिशनल एसपी, कलेक्टर और डिवीजनल रेलवे मैनेजर सहित स्थानीय अधिकारी भी पहुंच गए हैं. ट्रेन हादसा इतना बड़ा है कि इसको लेकर कई सवाल पैदा हो रहे हैं कि ये हादसा कैसे हुआ, कहां हुआ आदी. आइये नजर डालते हैं महाराष्ट्र ट्रेन हादसे की 10 बड़ी बातों पर.

पुष्पक एक्सप्रेस ट्रेन हादसे की 10 बड़ी बातें

1- इस ट्रेन हादसे में 11 लोगों की मौत की पुष्टि हुई है तो वहीं 5 लोग गंभीर रूप से घायल बताए जा रहे हैं.

2- ये हादसा महाराष्ट्र के जलगांव और पचौरा स्टेशन के बीच का है. यहां पर पुष्पक एक्सप्रेस लखनऊ से मुंबई की ओर जा रही थी तो वहीं कर्नाटक एक्सप्रेस दिल्ली की ओर जा रही थी. यह भयावह रेल दुर्घटना बुधवार शाम 4.19 बजे परांदा रेलवे स्टेशन के पास हुई. ये हादसा मुंबई से 400 किलोमीटर की दूरी पर हुआ है.

3- यात्रियों ने बताया कि किसी ने ये कहा कि ट्रेन में आग लग गई है. आग के डर से यात्रियों ने चेन पुलिंग की. चेन पुलिंग के साथ ही यात्री ट्रेन से नीचे उतर गए. इसी के तुरंत बाद बगल से गुजर रही कर्नाटक एक्सप्रेस की चपेट में आ गए.

4- हादसे को लेकर महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने घटना में मरने वाले लोगों को श्रद्धांजलि दी. उन्होंने एक्स पर कहा है, ह्रजलगांव जिले के पचोरा के पास एक अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण घटना में कुछ लोगों की मृत्यु की घटना अत्यंत दुखद है. मैं उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं. मेरे सहयोगी मंत्री गिरीश महाजन और पुलिस अधीक्षक मौके पर पहुंच गए हैं और कुछ ही देर में कलेक्टर भी वहां पहुंच रहे हैं."

5- हादसे को लेकर रेलवे बोर्ड के सूचना एवं प्रचार विभाग के कार्यकारी निदेशक दिलीप कुमार ने कहा है कि कुछ यात्रियों ने पुष्पक एक्सप्रेस पर अलार्म चेन खींची और ट्रेन से उतर गए. दूसरी तरफ से बेंगलुरु-नई दिल्ली कर्नाटक एक्सप्रेस आ रही थीं।

## बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ अभियान को हुए 10 साल

### "लोगों द्वारा संचालित पहल" पीएम मोदी ने कही ये बात

**नई दिल्ली**

**बेटी** बचाओ, बेटी पढ़ाओ अभियान लैंगिक भेदभाव को दूर करने में सहायक रहा है और साथ ही इसने यह सुनिश्चित करने के लिए सही माहौल तैयार किया है कि बालिकाओं को शिक्षा और अपने सपनों को पूरा करने के अवसर मिलें।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को "बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ" आंदोलन के 10 साल पूरे होने के अवसर पर आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह एक जन-संचालित पहल बन गई है, जिसमें विभिन्न क्षेत्रों के लोग भाग ले रहे हैं।

प्रधानमंत्री मोदी ने एक्स पर लिखा, "आज हम बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ आंदोलन के 10 वर्ष पूरे कर रहे हैं। पिछले एक दशक में यह एक परिवर्तनकारी, जन-संचालित पहल बन गई है और इसमें समाज के सभी वर्गों के लोगों की भागीदारी रही है।" प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि इस आंदोलन का ध्यान लैंगिक बाधाओं और पूर्वाग्रहों पर काबू पाने पर केंद्रित है, जिससे यह सुनिश्चित करने का मार्ग प्रशस्त हुआ है कि बालिकाओं को शिक्षा और अवसरों तक पहुंच मिले।



उन्होंने कहा, "बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ अभियान लैंगिक भेदभाव को दूर करने में सहायक रहा है और साथ ही इसने यह सुनिश्चित करने के लिए सही माहौल तैयार किया है कि बालिकाओं को शिक्षा और अपने सपनों को पूरा करने के अवसर मिलें।" प्रधानमंत्री ने "ऐतिहासिक रूप से कम बाल लिंग अनुपात" को देखते हुए लोगों और विभिन्न सामुदायिक संगठनों द्वारा किए गए प्रयासों के प्रति आभार व्यक्त किया।

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, "लोगों और विभिन्न सामुदायिक सेवा संगठनों के समर्पित प्रयासों की बदौलत #बेटीबचाओबेटीपढ़ाओ ने उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल की हैं। ऐतिहासिक रूप से कम बाल लिंगानुपात वाले जिलों में महत्वपूर्ण सुधार हुआ है और जागरूकता अभियानों ने लैंगिक समानता के महत्व की गहरी समझ पैदा की है।"

## महाकुंभ से पांच बड़े एलान, एक्सप्रेसवे और कई ब्रिजों की सौगात; विकास को मिलेगी रफ्तार

**यूपी**

**यूपी** के प्रयागराज में बुधवार को महाकुंभ में योगी सरकार की कैबिनट बैठक हुई। इस दौरान सीएम ने मंत्रिमंडल के साथ संगम में डुबकी लगाई। इसके बाद संबोधित किया। इस दौरान सीएम ने कैबिनेट बैठक में लिए गए फैसलों की जानकारी साझा की।

सीएम योगी ने कहा कि प्रयागराज, वाराणसी और आगरा हमारे तीन महत्पूर्ण नगर निगम हैं। यहां के



लिए बांड जारी करने जा रहे हैं। सरकार चित्रकूट और प्रयागराज को लेकर डेवलप करेगी। इसके लिए गंगा एक्सप्रेसवे को एक्सटेंशन देंगे। इससे पर्यटन और आर्थिक दृष्टि से मजबूती मिलेगी।

बनेगा फोरलेन ब्रिज

इसके साथ ही गंगा एक्सप्रेसवे को बुंदेलखंड से जोड़ेंगे। इससे प्रयागराज और चित्रकूट क्षेत्र में विकास को रफ्तार मिलेगी। इसके आलावा प्रयागराज से मिजार्पुर, वाराणसी और जौनपुर को जोड़ने के लिए सरकार झूंसी की तरफ एक फोरलेन ब्रिज बनाएगी।

यमुना में भी बनेगा ब्रिज

साथ ही सिग्नेचर ब्रिज के समानानंतर एक और ब्रिज बनाया जाएगा।

### मेरे खिलाफ कोई साजिश नहीं हुई

## पीएम मोदी ने हम पर जो भरोसा जताया वो बहुत बड़ी बात: जीतन



**नई दिल्ली। हिंदुस्तान** आवाम मोर्चा के प्रमुख जीतन राम मांझी ने मोदी सरकार से अलग होने की अफवाहों पर विराम लगा दिया। बुधवार को न्यूज एजेंसी आईएएनएस से बातचीत में स्पष्ट कर दिया कि उनके खिलाफ किसी तरह की साजिश नहीं हो रही है। उन्होंने कहा, " अगर मेरे खिलाफ कोई साजिश करेगा भी तो हम उसके नतीजे भुगतने के लिए तैयार हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने हम पर जो भरोसा जताया है, वो बहुत बड़ी बात है। जब एक व्यक्ति जो पहली बार चुनाव जीत कर आता है, उसे एमएसएमई जैसा महत्वपूर्ण विभाग सौंपा जाता है, तो ये एक बड़ी जिम्मेदारी है। हमें नरेंद्र मोदी जी पर पूरा भरोसा है, और हम उनके साथ हैं।"

बिहार के पूर्व सीएम ने विधानसभा चुनाव को लेकर चल रही तैयारियों का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा, "बिहार में हम अपनी ताकत दिखाएंगे मैंने मीडिया से ऐसा कुछ नहीं कहा। मैं अपने कार्यकर्ताओं से कहता हूं कि आप ही हमारी ताकत हैं। झारखंड में हमारी ताकत का सही इस्तेमाल नहीं हुआ, अगर हमारी मदद ली जाती तो एनडीए को ज्यादा सीटें मिल सकती थीं। दिल्ली में भी मैंने इस बारे में बात की थी। लेकिन वहां भी हमारी मदद नहीं ली गई। अगर हमें एक सीट मिलती तो हमारे कार्यकर्ताओं का उत्साह बढ़ता और हम ज्यादा मेहनत करते। हमारी मदद से एनडीए को फायदा होता। लेकिन, हमारी बात नहीं मानी गई। वहीं, उनसे जब पूछा गया कि क्या आप झारखंड में एनडीए की हार से दुखी हैं।

## बिहार : लखीसराय में चलती ट्रेन में यात्री की गोली मारकर हत्या

**बिहार :**

**प्रत्यक्षदर्शियों** के अनुसार वारदात को अंजाम देने के बाद बदमाश ट्रेन से कूद गए। उन्होंने कहा कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है और मामले की विस्तृत जांच जारी है।

बिहार के लखीसराय जिले में हावड़ा-गया एक्सप्रेस में सवार 49 वर्षीय एक व्यक्ति की बदमाशों ने गोली मारकर हत्या कर दी। पुलिस ने यह जानकारी दी। मृतक की पहचान लखीसराय के महसोना गांव निवासी धर्मेंद्र कुमार (49) के रूप में हुई है। जमालपुर रेल पुलिस अधीक्षक रमन चौधरी ने पीटीआई- से कहा, मंगलवार शाम को किऊल जंक्शन पर उक्त ट्रेन रुकने वाली थी, तभी कुछ बदमाशों ने एक यात्री की गोली मारकर हत्या कर दी। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार वारदात को अंजाम देने के बाद बदमाश ट्रेन से कूद गए। उन्होंने कहा कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है और मामले की विस्तृत जांच जारी है। चौधरी ने कहा, धर्मेंद्र कुमार द्वारा ले जाए जा रहे बैग के भीतर से संपत्ति से संबंधित कुछ दस्तावेज बरामद किए गए हैं। हालांकि, इस मामले की सभी पहलुओं से जांच की जा रही है।

### 'इनकम टैक्स छूट 7 से 10 लाख किया जाए'

## अरविंद केजरीवाल की मोदी सरकार से बड़ी मांग

**नई दिल्ली। आदमी** पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने बुधवार (22 जनवरी) को 'मिडिल क्लास' के लोगों के लिए बड़ा ऐलान किया. उन्होंने कहा कि दिल्ली में चौथी बार हमारी सरकार बनी तो हम मिडिल क्लास को टैक्स से राहत देने का काम करेंगे. उन्होंने कहा कि 'मिडिल क्लास' पर टैक्स का बोझ सबसे ज्यादा है. उन्होंने ये भी कहा कि मिडिल क्लास केवल एटीएम बनकर रह गया है.

उन्होंने कहा कि हजारों सामान्य लोग जो मिलकर देश चलाते हैं,



वही मीडिल क्लास है. मिडिल क्लास को हमारे देश में सबसे ज्यादा परेशान किया जाता है. मिडिल क्लास वालों की 50 प्रतिशत से ज्यादा आमदनी टैक्स देने में चली जाती है.

दिल्ली के पूर्व सीएम ने कहा, "आमतौर पर जब कोई नेता चुनाव के ठीक पहले किसी विषय पर घोषणा करता है तो लोग कहते हैं कि वोट के लिए कर रहा है. कई वादे धर्म के नाम पर किए जाते हैं. कई जाति और निचले तबके के नामपर किए जाते हैं. कई वादे चंद उद्योपतियों के लिए किए जाते हैं. आखिर ऐसा क्यों होता है?"

इसका जवाब देते हुए केजरीवाल ने कहा, "बाकी पार्टियों ने धर्म और जाति के नामपर वोट बैंक बना रखे हैं. बड़े-बड़े पूंजीपतियों को खुश करना होता है, क्योंकि उनसे चंदा लेना होता है. ये एक तरह से बड़े उद्योगपतियों के नोट बैंक हैं।

### केजरीवाल बोले- बोले- मिलेगी 2015 से भी बुरी हार

## खुलेआम हिंसा और गुंडागर्दी पर उतर आई बीजेपी

**नई दिल्ली**

**केजरीवाल ने** आगे कहा कि जिस तरह से बीजेपी द्वारा गुंडागर्दी और हिंसा फैलाई जा रही है, आतिशी ने जो कहा, ये घटनाएं उनके संसदीय क्षेत्र तक सीमित नहीं हैं। ये पूरी दिल्ली में हो रहे हैं। हमें शिकायतें मिल रही हैं कि बीजेपी हिंसा का सहारा ले रही है। कोई भी पार्टी या उम्मीदवार हिंसा क्यों करेगा? ऐसा तब होता है जब वे देखते हैं कि शांतिपूर्ण तरीकों से उनकी जीत संभव नहीं है, जब लोग उनकी बात नहीं सुनते। ये है दिल्ली में बीजेपी का हाल। भाजपा तेजी से अपनी ऐतिहासिक हार की ओर बढ़ रही है।

दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री और आप प्रमुख अरविंद केजरीवाल ने बुधवार को भाजपा पर



निशाना साधा और कहा कि वह किसी को भी राष्ट्रीय राजधानी को नष्ट करने की अनुमति नहीं देंगे। एक प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान आप प्रमुख ने कहा कि विधानसभा चुनाव से पहले बीजेपी दिल्ली में हिंसा फैला रही है और उनकी पार्टी को रोजाना शिकायतें मिल रही हैं.

अरविंद केजरीवाल ने पूछा कि जब कोई पार्टी या समूह सोचता है कि अहिंसक तरीकों से चुनाव जीतना मुश्किल है तो वह हिंसा का सहारा क्यों लेता है। केजरीवाल ने कहा कि पुलिस शहर में गुंडागर्दी करने के लिए भाजपा के गुंडों को संरक्षण दे रही है। केजरीवाल ने आगे कहा कि जिस तरह से बीजेपी द्वारा गुंडागर्दी और हिंसा फैलाई जा रही है, आतिशी ने जो कहा, ये घटनाएं उनके संसदीय क्षेत्र तक सीमित नहीं हैं। ये पूरी दिल्ली में हो रहे हैं। हमें शिकायतें मिल रही हैं कि बीजेपी हिंसा का सहारा ले रही है। कोई भी पार्टी या उम्मीदवार हिंसा क्यों करेगा? ऐसा तब होता है जब वे देखते हैं कि शांतिपूर्ण तरीकों से उनकी जीत संभव नहीं है।

## महाकुंभ में सिलेंडर की जांच अनिवार्य, अनधिकृत सिलेंडरों की बिक्री पर सख्ती

**महाकुंभ नगर। महाकुंभ** मेले के दौरान श्रद्धालुओं और कल्पवासियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए मंगलवार को खाद्य एवं रसद विभाग ने एलपीजी सुरक्षा पर एक विशेष बैठक आयोजित की।

इस बैठक में विभागीय अधिकारियों, एलपीजी वितरकों, गैस कंपनियों के प्रतिनिधियों और अग्निशमन विभाग के अधिकारियों ने भाग लिया। इस दौरान एलपीजी के रिसाव से हो रही दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए महत्वपूर्ण दिशानिर्देश दिए गए। बैठक में निर्देश दिया गया कि सिलेंडर की जांच अनिवार्य है। एलपीजी सिलेंडरों की लीकेज जांच तकनीकी सहायकों द्वारा की जाएगी। लीकेज मिलने पर सिलेंडर की आपूर्ति रोक दी जाएगी। इसके लिए सुरक्षा उपकरणों का उपयोग भी किया जाएगा। उपभोक्ताओं के गैस सिलेंडर, पाइप और रेगुलेटर की जांच करके मानक के अनुसार नहीं होने पर उन्हें बदलने के निर्देश दिए गए। महाकुंभ मेला में आकस्मिकता से निपटने की तैयारी भी है। मेला क्षेत्र में तकनीकी सहायकों की टीमों को तैनात किया गया है, जो किसी भी आपात स्थिति में तुरंत कार्रवाई करेंगी। वहीं, मेला क्षेत्र में अधिकतम 100 किलोग्राम गैस तक ही भंडारण की अनुमति होगी। हर आपूर्ति वाहन का पूरा विवरण कार्यालय में उपलब्ध कराया जाएगा। बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि घरेलू गैस का दुरुपयोग या अनधिकृत सिलेंडरों की बिक्री पाए जाने पर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## जम्मू-कश्मीर में रहस्यमयी मौतों से दहशत

### लगाई गई धारा 163, सीएम अब्दुल्ला पहुंचे राजौरी

**जम्मू-कश्मीर**

**पूरे** इलाके को 3 जोन में बांटा गया है। सभी सार्वजनिक और निजी समारोह प्रतिबंधित रहेगा। नामित अधिकारी/कर्मचारी नियंत्रण क्षेत्रों में परिवारों को प्रदान किए जाने वाले सभी भोजन की निगरानी करेंगे। जम्मू-कश्मीर के राजौरी में 17 रहस्यमयी मौतों की सूचना के बाद धारा 163 लागू कर दी गई है और बधाल गांव को नियंत्रण क्षेत्र घोषित कर दिया गया है। जिला मजिस्ट्रेट द्वारा बधाल में बीएनएसएस की धारा 163 (पहले 144 सीआरपीसी) लगाई गई है। निदेर्शानुसार प्रभावित परिवारों के घरों को सील कर दिया जायेगा। पूरे



इलाके को 3 जोन में बांटा गया है। सभी सार्वजनिक और निजी समारोह प्रतिबंधित रहेगा। नामित अधिकारी/कर्मचारी नियंत्रण क्षेत्रों में परिवारों को प्रदान किए जाने वाले सभी भोजन की निगरानी करेंगे।

उमर अब्दुल्ला ने स्थिति की समीक्षा की

यह कहते हुए कि राजौरी जिले के इस गांव में 17 मौतों के पीछे के रहस्य को उजागर करने के लिए जांच चल रही है, जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने मंगलवार को लोगों को आश्वासन दिया कि सभी सवालों के जवाब जल्द ही दिए जाएंगे। शोक संतप्त परिवारों के प्रति सहानुभूति व्यक्त करने के लिए गांव की अपनी यात्रा के दौरान पत्रकारों से बात करते हुए, अब्दुल्ला ने कहा कि हर जगह बड़े अस्पताल बनाना संभव नहीं है, लेकिन दूरदराज के इलाकों में लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं प्रदान करने के लिए जिला स्तर पर स्वास्थ्य क्षेत्र में अपर्याप्तता को दूर किया जाएगा।

## 'जो राम को लेकर आए, उनका राज होगा दिल्ली में', भाजपा ने लॉन्च किया नया कैंपेन सॉन्ग

**नई दिल्ली। भारतीय** जनता पार्टी (भाजपा) ने आगामी दिल्ली विधानसभा चुनाव के लिए बुधवार को एक नया सॉन्ग जारी किया, जिसमें अयोध्या में राम मंदिर का जिक्र भी किया गया है।

'जो राम को लेकर आए, उनका राज होगा दिल्ली में' शीर्षक वाले इस गीत में दिल्लीवासियों के समक्ष आने वाले प्रमुख मुद्दों पर प्रकाश डाला गया है, जैसे प्रदूषण, गंदा पेयजल, अनुचित कचरा निपटान, सीवेज की समस्या और लैंडफिल का ओवरफ्लो होना।

भाजपा ने दिल्ली में "डबल इंजन सरकार" के नारों पर जोर देते हुए सत्ता में आने पर बिना किसी




भेदभाव के स्वास्थ्य बीमा का वादा किया है।

इस गीत में सत्तारूढ़ आम आदमी पार्टी (आप) पर कटाक्ष करते हुए मौजूदा सरकार की आलोचना करने के लिए "आपदा" और "चोर" जैसे शब्दों का इस्तेमाल किया गया है। पार्टी ने विश्वास जताया कि दिल्ली के मतदाता आम आदमी पार्टी (आप) की जगह भाजपा के नेतृत्व वाली सरकार बनाने के लिए तैयार हैं।

## दिल्ली विधानसभा चुनाव जीतने के लिए 'हिन्दू-मुसलमान' पर वोट नहीं लेंगे : उदित

**नई दिल्ली। दिल्ली** विधानसभा चुनाव 2025 के मद्देनजर भाजपा के प्रत्याशियों के समर्थन में प्रचार करने के लिए उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ चुनावी सभाएं करेंगे। कहा जा रहा है कि मुख्यमंत्री योगी दिल्ली में करीब एक दर्जन से ज्यादा चुनावी सभाएं करेंगे। कांग्रेस नेता उदित राज ने कहा कि भाजपा नेता भले हिंदू-मुसलमान करें, कांग्रेस का लक्ष्य लोगों को बांटकर वोट मांगना नहीं है।

पूर्व सांसद उदित राज ने मंगलवार को आईएएनएस से कहा, "दिल्ली चुनाव में काम-धंधे या रोजगार पर कोई चर्चा नहीं होगी।

# जंघई में मारमीट दो घायल, हवाई फायरिंग की सूचना



**अखंड भारत संदेश**

**जंघई।** सरायममरेज थानांतर्गत ककरहवा, जंघई गांव में बुधवार शाम को छात्रों के दो गुटों की आमने-सामने भिड़ंत हो गई जिसमें एक पक्ष के दो लोग घायल हो गए हैं। जंघई ककरहवा गाँव व भदोही जिले के दुगार्गंज थानांतर्गत हरदुआ गाँव के छात्र जंघई मे पढ़ने आते हैं साल भर से दोनो गुटों के छात्रों में किसी न किसी बात को लेकर विवाद होता रहा। बुधवार शाम को ककरहवा जंघई में दोनो गुट के छात्र आमने सामने आ गये और मार-पीट हो गई यह देखकर बड़े लोग भी शामिल हो गये और लाठी डंडे से मार-पीट हुई।उपस्थित लोगों के अनुसार छः राउंड हवाई फायरिंग भी की गई है। सूचना पर जंघई चौकी इंचार्ज संजय कुमार मौर्य और सरायममरेज थाना की पुलिस मौके पर पहुंच कर जांच करने में जुट गई। थाना प्रभारी सरायममरेज योगेश प्रताप सिंह एवं चौकी इंचार्ज जंघई संजय कुमार मौर्य ने कहा कि दोनों पक्षों में लाठी डंडे मारपीट हुई है और कुछ लोगों ने फायरिंग की भी सूचना दिया है मामले की जांच की जा रही है दोषियों को बख्शा नहीं जाएगा। मारपीट में महेंद्र मौर्य उम्र 27 वर्ष एवं विनोद यादव उम्र 28 वर्ष घायल हो गये हैं दोनों को इलाज के लिए सहसों में भर्ती कराया गया है।

## दोहरे हत्याकांड में फरार सिपाही समेत दो आरोपियों ने किया न्यायालय में सरेंडर ,सभी 14 आरोपी गिरफ्तार

**उतरांव।** प्रयागरा के कजरीगढ़-आराकलां में हुए दोहरे हत्याकांड में पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल की है। इस हाई प्रोफाइल मामले में सभी 14 आरोपी अब सलाखों के पीछे हैं। मामले में फरार चल रहे दो मुख्य आरोपी सिपाही लवकुश यादव और राम अभिलाष यादव ने पुलिस की सख्त कार्रवाई के चलते न्यायालय में आत्मसमर्पण कर दिया है।घटना पिछले साल दीपावली के दिन की है, जब कजरीगढ़-आराकलां गांव में जमीनी विवाद को लेकर यादव और ब्राह्मण समुदाय के बीच झड़प हो गई थी। इस झड़प में ब्राह्मण समुदाय के दो लोगों की मौत हो गई थी। मामले में 10 नामजद समेत कई अज्ञात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया था। हत्याकांड के बाद पीड़ित परिवार ने शवों को घर के पास रखकर प्रदर्शन किया था। प्रयागराज के डीएम और अपर पुलिस आयुक्त ने मौके पर पहुंचकर कार्रवाई का आश्वासन दिया, जिसके बाद परिजनों ने अंतिम संस्कार किया। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपियों की धरपकड़ शुरू की। फरार आरोपियों के खिलाफ 84 बीएनएस की कार्रवाई की गई और डुगडुगी बजवाई गई। पीड़ित पक्ष के एसपी दुबे ने पुलिस की कार्रवाई की सराहना करते हुए कहा कि उतरांव पुलिस की सक्रियता से सभी आरोपी गिरफ्तार हो गए हैं। यह मामला स्थानीय स्तर पर काफी चर्चित रहा है और पुलिस की कार्रवाई से कानून व्यवस्था का संदेश मजबूत हुआ है।



## अभिनेत्री भाग्यश्री ने संगम इंटरनेशन स्कूल का किया उद्घाटन

**मऊआइमा।** मऊआइमा क्षेत्र के खमपुर सिसवां स्थित संगम इंटरनेशनल स्कूल का उद्घाटन बुधवार को अभिनेत्री भाग्यश्री ने फीता काटकर किया। विद्यालय संचालक पूर्व सांसद संगम लाल गुप्ता ने पुष्प गुलदस्ता देकर सभी अतिथियों का स्वागत और आभार प्रकट किए। मुख्य अतिथि उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने लाइव के माध्यम बच्चों के उज्वल भविष्य की कामना की। विशिष्ट अतिथि फूलपुर सांसद प्रवीण पटेलने कहा कि सरकार जल , विकाश, शिक्षा आदि को लेकर मजबूती से काम कर रही है । विशिष्ट अतिथि अभिनेत्री भाग्यश्री ने प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित करते हुए कहा की आगे बढ़ने के लिए शिक्षा की आवश्यकता होती है ।इसलिए हम सबको पढ़ने की आवश्यकता है । स्कूली बच्चों द्वारा अलग अलग संस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। इस मौके पर प्रधानाचार्य स्मृता खरे,पूर्व ब्लॉक प्रमुख मऊआइमा सुधीर मौर्य, सोरांव ब्लॉक प्रमुख प्रदीप पासी, विद्यायल सचिव दिनेश गुप्ता, सांसद के पुत्र राहुल गुप्ता, विधायक गुरु प्रसाद मौर्य, रोहित गुप्ता, साधु दुबे, ओम प्रकाश पांडेय, विवेक उपाध्याय आदि लोग मौजूद रहे।

## 24 फरवरी को सांसद उज्ज्वल रमण का अभिनंदन समारोह आयोजित

**अखंड भारत संदेश**

**पसना।** स्थानीय जवाईन विद्यालय में क्षेत्रीय सांसद कुंवर उज्जवल रमण सिंह का नागरिक अभिनंदन एवं स्वागत समारोह 24 फरवरी दिन शुक्रवार को आयोजित किया गया है। कार्यक्रम के आयोजन प्रभारी चौधरी शिव जोखन सिंह इंटर कॉलेज जवाईन कोरांव के कार्यकारी प्रबंधक श्री सुरेंद्र सिंह ने बताया कि इलाहाबाद लोकसभा संसदीय सीट कांग्रेस सांसद माननीय उज्जवल जी का विद्यालय में नागरिक अभिनंदन 24 फरवरी को किया जाएगा।



उन्होंने क्षेत्रीय नागरिकों एवं प्रबुद्ध जनों से कार्यक्रम में दोपहर 12:00 बजे पहुंचने की अपील की है।

## मदरा टेला गंगा घाट पर पुल निर्माण होने से आम जनमानस को आवागमन में मिलेगी सहूलियत : सक्षम करवरिया

**मेजा की पूर्व विधायक स्व नीलम करवरिया के सुपुत्र ने मदरा टेला गंगा घाट पर नवनिर्मित पीपे के पुल का किया पूजन**



**मेजा।** मेजा की पूर्व विधायक स्व नीलम करवरिया के सुपुत्र सक्षम करवरिया ने बुधवार को मदराटेला गंगा घाट पर बने पीपे के पुल का पूरी विधि विधान से पूजन किया। पूजन के दौरान सक्षम करवरिया ने कहा कि इस पुल के निर्माण होने से आम जनता के आवागमन में बड़ी सहूलियत मिलेगी। उन्होंने इस कार्य में लगे संबंधित अधिकारियों कर्मचारियों को धन्यवाद दिया है। सक्षम करवरिया ने बताया कि यह पुल आम जनमानस के लिए आगामी 15 फरवरी से शुरू कर दिया जाएगा। इस मौके पर पूर्व अध्यक्ष प्रधान संघ उरूवा टुनटुन तिवारी, दिनेश मिश्र पूर्व प्रधान मदरा, मंडल अध्यक्ष आशिष पटेल, मेजा मंडल अध्यक्ष शैलेश पांडेय, सुधाकर शुक्ला, लालजी निषाद, अभी निषाद, जेपी तिवारी, विकास शुक्ला, राजकुमार शुक्ल, बबलू परसिया, मुंदर मिश्रा पूर्व प्रधान नीबी, बल्ली बिंद,राधे बिंद तथा ओपी दुबे आदि के अलावा कई अन्य लोग प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

## हजरत शहीद मर्द शाह बाबा के उर्स पर चादरपोशी के साथ कव्वालों ने सजाई सूफीयाना महफिल

**प्रयागराज।** दायरा शाह अजमल में लसौड़े शाह बाबा के नाम से मशहूर हजरत शहीद मर्द शाह बाबा का उर्स अकीदत व ऐहतेराम के साथ मनाया गया। इस्लामिक माह रजब उल मुरज्जब की इक्कीसवीं को जहां बाबा की मजार पर जायरीनों की आमद रही वहीं अकीदतमन्दों ने मजार शरीफ का गुस्ल संदल व चादरपोशी कर मन्नत व मुरादें मांगी।कव्वालों ने जहां पैगम्बरे इस्लाम की शान में एक से बढ़ कर एक कव्वाली पेश की वहीं मनकुन्तो मौला व इमाम हसन और इमाम हुसैन के वसीले से भी कव्वाली सुना कर लोगों को झूमने पर मजबूर कर दिया।आबिद नियाजी की ओर से जायरीनों को लंगर वितरित किया गया।मजार को आकर्षक झालरों से सजाया गया था।देर रात तक चले कव्वाली को सुनने बड़ी संख्या में अकीदतमन्द जुटे मौलाना आबिद हुसैन,शकील ,आबिद नियाजी ,सैय्यद मोहम्मद अस्करी ,सकलैन ,हाफिज अब्दुल समद ,फिरोज खान , मोहम्मद चांद ,दुलारे खां आदि शामिल रहे।

## संगम किनारे कैबिनेट के ऐतिहासिक निर्णय से भाजपाईयों में हर्ष

**सहसों।** गोल चौराहा सहसों स्थित भाजपा कार्यालय पर प्रयागराज के कुंभ नगरी में हुई प्रदेश सरकार मंत्रीमंडल की बैठक में कैबिनेट द्वारा लिए गए प्रयागराज क्षेत्र के विकास के लिए ऐतिहासिक फैसले से भाजपाइयों ने हर्ष व्यक्त करते हुए प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री सहित सभी मंत्रियों को बधाई दी है। इस मौके पर भूमि विकास बैंक फूलपुर के अध्यक्ष वीरेन्द्र बहादुर सिंह ने कहा कि सीएम योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में महाकुंभ प्रयागराज स्थित संगम के किनारे मां त्रिवेणी की रेती पर मंत्रिमंडल की हुई ऐतिहासिक बैठक में गंगा और यमुना पर चार नए सेतुओं के निर्माण की मंजूरी का ऐतिहासिक निर्णय से प्रयागराज के शहर के साथ ग्रामीण क्षेत्र का असीमित विकास होगा इसके साथ-साथ रोजगार के अवसर भी बढ़ेंगे। सबसे महत्वपूर्ण यह है कि प्रयागराज शहर पूरी तरह से जाम के झाम से मुक्त हो जाएगा। इस मौके पर भाजपा नेता जय प्रकाश द्विवेदी, राजधर द्विवेदी, अनिल सरोज, संजय सिंह, संतोष सिंह, राजवंत सिंह, मनीष तिवारी, अशोक मिश्रा, सुशील मिश्रा, जयेश केसरवानी एवं रंजन तिवारी सहित आदि लोगों ने प्रदेश मंत्रिमंडल के प्रति खुशी का इजहार करते हुए उपस्थित रहे।

## पत्रकार सामाजिक कुरीतियों के समाधान का मार्ग करते हैं प्रशस्त : रामकृष्ण त्रिपाठी

**मेजा तहसील क्षेत्र के मांडवी परिसर में आयोजित हुआ स्थानीय पत्रकारों का सम्मान समारोह कार्यक्रम**



**अखंड भारत संदेश**

**मेजा।** क्षेत्र के मांडवी परिसर में स्थानीय पत्रकारों का सम्मान समारोह भव्य तरीके से आयोजित किया गया। जिसके मुख्य अतिथि समाजसेवी रामकृष्ण त्रिपाठी रहे। समारोह कार्यक्रम में उपस्थित पत्रकारों को संबोधित करते हुए श्री त्रिपाठी ने कहा कि पत्रकार समाज के सच्चे दर्पण हैं, जो समाज को उसकी वास्तविक स्थिति दिखाने का कार्य करते हैं। उन्होंने आगे कहा कि पत्रकार देश के चौथे स्तंभ के रूप में न केवल सामाजिक कुरीतियों को उजागर करते हैं, बल्कि लोगों की समस्याओं और ज्वलंत मुद्दों को सामने लाकर उनके समाधान का मार्ग भी प्रशस्त करते हैं। सम्मान समारोह कार्यक्रम में पत्रकारों को शाल, डायरी, और कलम भेंट कर सम्मानित किया गया। यह सम्मान उनकी मेहनत, समर्पण और ईमानदारी के लिए था, जो वे समाज को जागरूक करने के लिए करते हैं। कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ पत्रकार हरि प्रसाद पांडेय ने किया। इस मौके पर क्षेत्र के सम्मानित पत्रकार दीनदयाल द्विवेदी, राजमणि द्विवेदी, दिनकर पांडेय, रामेश्वर त्रिपाठी, अजय प्रजापति, संदीप मिश्रा, प्रदीप सोनकर, अभिषेक मिश्रा, अमन मिश्रा, राहुल यादव तथा कमलेश सिंह आदि के अलावा कई अन्य पत्रकार प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

## ऑनलाइन शिकायत पर पकड़े गए नौ गोवंश ग्रामीणों में राहत

**सहसों।** विकास खण्ड सहसों के दामोदरपुर उर्फ तिवारीपुर गांव में कई आवारा गोवंश किसानों की फसलों के नुकसान के साथ ग्रामीण भी हर समय भयभीत रहते थे, परंतु जनहित के दृष्टिगत ऑनलाइन शिकायत सेवा का असर दिखाई दिया। गांव निवासी अधिवक्ता सृष्टि नाथ तिवारी ने गोवंशो को पकड़ने के लिए आइजीआरएस यानि एकीकृत शिकायत निवारण प्रणाली के माध्यम से गांव में गोवंशो के आतंक एवं फसलों को नुकसान की शिकायत की थी। जिस पर बुधवार को ग्राम पंचायत अधिकारी अविनाश सिंह, ग्राम प्रधान बाल गोविंद त्रिपाठी सहित अन्य सफाई कर्मियों एवं ग्रामीण के सहयोग से कड़ी मशक्कत के बाद गांव में तथा गांव के आसपास के नौ आवारा गोवंशों को पकड़कर गोवंश आश्रय स्थल मनेथू में पहुंचाया गया। गोवंशों के पकड़े जाने से ग्रामीणों ने अपनी फसल के साथ अपनी सुरक्षा महसूस करते हुए प्रशासन एवं क्षेत्रीय लोगों के प्रति आभार जताया।

## कर्मचारियों को सड़क सुरक्षा का पढ़ाया गया पाठ



**अखंड भारत संदेश**

**सोरांव।** बुधवार को कोखराज हंडिया एक्सप्रेसवे प्राइवेट लिमिटेड द्वारा सोरांव टोल प्लाजा पर कैंप लगाकर सड़क पर काम करने वाले सभी मजदूर एवं कंपनी कर्मचारी,आम जनता को यातायात सुरक्षा नियमावली उनके अनुपालन एवं उनके परिणामों के बारे में अवगत कराया गया। यातायात सुरक्षा मानकों एवं सड़क सुरक्षा जैसे की कार्य के दौरान (व्यक्तिगत सुरक्षा उपकरण) का उचित प्रयोग सड़क सांकेतिक बोर्ड कार्यस्थल को समुचित बेरिकेशन सीट बेल्ट एवं हेलमेट के सही इस्तेमाल एवं उसके समुचित उपयोग के बारे में जोर दिया गया है। इस सड़क सुरक्षा अभियान में प्रशिक्षक कोखराज हड़िया एक्सप्रेसवे के वरिष्ठ सड़क सुरक्षा प्रबंधक अभिषेक यादव, प्रोजेक्ट हेड अविनाश कुमार, मेंटेनेंस प्रबंधक राहुल बुटोला, अनिल दुबे, अभय मिश्रा आदि का सहयोग सराहनी रहा। इस मौके पर कोखराज हडिया घटना प्रबंधक धीरज कुमार तिवारी, सोरांव उप टोल प्रबंधक कौशल किशोर सिंह एवं अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

## नेता जी का अपमान नहीं सहेंगे समाजवादी : पयासी

**कोरांव।** देश के रक्षा मंत्री रहे पद्मश्री से सम्मानित उत्तर प्रदेश के कई बार मुख्यमंत्री रहे समाजवादी पार्टी के संस्थापक लाखों करोड़ों लोगों की राजनीति के आस्था के केंद्र माननीय मुलायम सिंह यादव जी के उपर राजूदास द्वारा की गई अभद्र अमर्यादित टिप्पणी के खिलाफ तहसील परिसर में समाजवादी पार्टी विधानसभा अध्यक्ष जी के नेतृत्व में नायब तहसीलदार को ज्ञापन देकर सम्बन्धित कोराव थाने में मुकदमा दर्ज किए जाने की माँग किया गया। चर्चित सपा नेता प्रमोद पयासी ने कहा की राजूदास जो आपराधिक प्रवृत्ति का आदमी है ये लगातार समाजवादी पार्टी के लोगों के खिलाफ हमेशा अभद्र टिप्पणी करता रहता है ऐसे लोगों के खिलाफ सख्त कार्यवाही कर गिरफ्तारी की माँग किया पयासी ने ये भी कहा की कोई भी राजनीतिक



हो उसको अशोभनीय टिप्पणी करना गलत है राजूदास के द्वारा इस तरह की भाषा का ईस्तेमाल किया गया जिसको सार्वजनिक तौर पर बोला नहीं जा सकता जब की इनको ये पता नहीं की माननीय नेता जी को मरणोपरांत जिनके सरंक्षण मे राजनीति करते हैं उन्हीं की सरकार वो देश के प्रधानमंत्री ने पद्म विभूषण से इनको सम्मानित किया गया है। उक्त कार्यक्रम में सोमदत्त पटेल जी विधानसभा अध्यक्ष सपा कोराव नि राष्ट्रीय सचिव यूथ प्रमोद मिश्र पयासी यादवेदर अहीर शिवदानी पाल शहादत अली रबी बेनवश अश्वनी पटेल दीपक पटेल नौशाद अंसारी मंगल देव कोल राजेश यादव आदि समाजवादी लोग उपस्थित रहे।

## धूमधाम से मनाई गई छोटे लोहिया की पुण्यतिथि सपाइयों ने डाला उनके जीवन पर प्रकाश

**अखंड भारत संदेश**

**शंकरगढ़।** सिंधी टोला स्थित बलिराज सदन में सपा नेता जनेश्वर मिश्र की पुण्यतिथि मनाते हुए सपाइयों ने उनके द्वारा बताए गए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। बुधवार को शंकरगढ़ में उनकी पुण्य तिथि मनाई गई। इस अवसर पर सपा नेता अनुज मिश्रा ने उनके जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि जनेश्वर मिश्र समाजवादी पार्टी के एक राजनेता थे। समाजवादी विचारधारा के प्रति उनके दृढ निष्ठा के कारण वे 'छोटे लोहिया' के नाम से प्रसिद्ध थे। वे कई बार लोकसभा और राज्यसभा के सदस्य रहे। उन्होने मोरारजी देसाई, चौधरी चरण सिंह, विश्वनाथ प्रताप सिंह, चन्द्रशेखर, एच डी देवगौड़ा और इंद्रकुमार गुजराल के मंत्रिमण्डलों में काम किया। इस अवसर पर पूर्व जिला सचिव गुड्डा मिश्रा ने उनके जीवन में प्रकाश डालते हुए कहा कि उनका जीवन इतना सादगी भरा था। सात बार केन्द्रीय मंत्री रहने के बाद भी उनके पास न अपनी गाड़ी थी





और न ही बंगला। ब्लॉक अध्यक्ष राजकरन सिंह ने कहा की इनके नाम पर लखनऊ में एशिया का सबसे बड़ा सुन्दर पार्क सपा प्रमुख मुलायम सिंह यादव के प्रेरणा से उत्तर प्रदेश के पुर्व युवा मुख्यमंत्री अखिलेश यादव द्वारा निर्माण कराया गया। उपस्थित सभी कार्यकताओं को उनके द्वारा बताए गए मार्ग पर चलने की अपील की। सपा नेता कामद प्रताप सिंह ने श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए जनेश्वर मिश्र के योगदान को याद किया। उन्होंने बताया कि उनका जन्म एक गांव में हुआ था। उनके पिता रंजीत मिश्र किसान थे। बलिया में प्राथमिक शिक्षा पूरी करने के बाद 1953 में इलाहाबाद पहुंचे जो उनका कार्यक्षेत्र रहा। विजय सिंह ने जनेश्वर मिश्रा जी के जीवन में प्रकाश डालते हुए कहा की उनको आजाद भारत के विकास की राह समाजवादी सपनों के साथ आगे बढ़ने में दिखी और समाजवादी आंदोलन में इतना पगे कि उन्हें लोग 'छोटे लोहिया' के तौर पर ही जानने लगे। इस अवसर पर पूर्व जिला सचिव गुड्डा मिश्रा, पूर्व जिला सचिव कामद प्रताप सिंह, जिला सचिव अनुज मिश्रा,विधानसभा महासचिव अर्जुन सिंह, ब्लॉक अध्यक्ष राज करन सिंह, समाजसेवी सपा नेता शैलेंद्र यादव, ब्लॉक महासचिव अंशुमान सिंह,ब्लॉक उपाध्यक्ष अनमोल सिंह, जिला सचिव लोहिया वाहिनी विजय सिंह, सपा नेता अनीश खान, युवजनसभा लाल साहब यादव, इंद्रसेन सिंह , महीप सिंह ,अतुल यादव, देव मूर्ति यादव, आशीष पांडेय, बंसी लाल यादव, राजकुमार दलजीत सिंह,तीरथ प्रसाद सहित कई सपा नेता व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# सीएम योगी ने मंत्रियों के संग संगम में लगाई डुबकी

## बैठक के दौरान 17 प्रस्ताव हुए पास, बैठक में सूबे के 54 मंत्री रहे मौजूद, योगी कैबिनेट में विंध्य एक्सप्रेसवे को मंजूरी, कैबिनेट बैठक के बाद सीएम ने किए कई बड़े ऐलान







**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** बुधवार को सूबे के मुखिया योगी आदित्यनाथ और उनका मंत्रिमंडल प्रयागराज पहुंचा, निर्धारित समय पर कैबिनेट की बैठक सम्पन्न हुई। कैबिनेट की बैठक में कई अहम प्रस्ताव पास किए गए। सीएम सीएम योगी समेत सभी मंत्री अरैल स्थित वीआपी घाट से बोट के जरिए संगम पहुँचे और त्रिवेणी में आस्था की डुबकी लगाई।

योगी सरकार बुधवार को अरैल के सेक्टर तेईस में मंत्रिमंडल की बैठक में शामिल हुआ। इस बैठक में प्रयागराज समेत पूरे प्रदेश के इंफ्रास्ट्रक्चर परियोजनाओं पर अन्तरिम मुहर लगी। बैठक में मिर्जापुर से प्रयागराज तक विंध्य एक्सप्रेसवे को मंजूरी दी गई है। तीन नए जिलों में मेडिकल कॉलेज बनाने को मंजूरी दी गयी। साथ ही एयरोस्पेस और डिफेंस से संबंधित पॉलिसी नए सिरे से बनाने की बात कही।

**नमामि गङ्गे तव पादपङ्कजं सुरासुरैर्वन्दितदिव्यरूपम। भुक्तिं च मुक्तिं च ददासि नित्यं भावानुसारेण सदा नराणाम।। श्लोक को लिखकर मुख्यमंत्री ने अपने एक्स हैंडल से किया ट्वीट किया।**

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के साथ डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य, ब्रजेश पाठक और अन्य कैबिनेट मंत्री प्रयागराज में चल रहे महाकुंभ के दौरान त्रिवेणी संगम पर मौजूद रहे। सीएम योगी ने मंत्रियों संग संगम घाट पर किया स्नान त्रिवेणी संगम में डुबकी लगाने के साथ साथ सीएम और उनके मंत्री एक दूसरे पर पानी की बौछार करते और हंसी ठिठोली करते दिखलाई पड़े।जिसमें मुख्यमंत्री और उनके सहयोगी डुबकी लगाने के बाद मां गंगा का आचमन भी किया। त्रिवेणी स्नान के बाद सीएम योगी ने कहा कि आज प्रयागराज में मंत्रिमंडल के सदस्यों के साथ 'विष्णुपदी' मां गंगा का पूजन-अर्चन एवं आरती करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। जय माँ गंगे!

**कैबिनेट में इन फैसलों को मिली मंजूरी :** मेरठ से प्रयागराज तक बनने वाले गंगा एक्सप्रेस वे का विस्तार होगा। मिजार्पुर होते हुए इसे गाजीपुर में पूर्वांचल एक्सप्रेस वे से जोड़ा जाएगा, जिसे प्रयागराज-काशी एक्सप्रेस कहा जाएगा। चित्रकूट के रास्ते इसे बुंदेलखंड एक्सप्रेस वे से भी जोड़ा जाएगा। लखनऊ की तर्ज पर प्रयागराज-चित्रकूट और वाराणसी-विंध्य विशेष विकसित क्षेत्र (स्पेशल डेवलपमेंट रीजन) बनाया जाएगा। प्रयागराज में सलोरी से हेतापट्टी के बीच फोर लेन ब्रिज और यमुना के सिग्नेचर ब्रिज के समान एक और पुल को कैबिनेट ने मंजूरी दी। प्रयागराज, आगरा और काशी नगर निगम की ओर से बांड जारी किया जाएगा। प्रयागराज में सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल के लिए बांड जारी होगा। प्रदेश में अभियोजन निदेशालय की स्थापना को भी कैबिनेट से मंजूरी मिली है। 2018 में बनाए गई एयरोस्पेस और डिफेंस इम्पलाइमेंट पॉलिसी नए सिरे से बनाई जाएगी, जिसमें इंसेंटिव की व्यवस्था की जाएगी। मिजार्पुर में दस हजार करोड़ के निवेश सहित मुरादाबाद और कुछ और जिलों में निवेश के लिए मिले प्रस्ताव को कैबिनेट ने मंजूरी दी है। युवाओं को स्मार्ट फोन और लैपटॉप वितरित करने के लिए बजट की व्यवस्था की जाएगी। बलरामपुर स्थित केजीएमयू के सेटेलाइट सेंटर को मेडिकल कॉलेज की तरह विकसित किया जाएगा। बागपत, हाथरस और कासगंज में मेडिकल कॉलेज की स्थापना की जाएगी।

**एयरोस्पेस तथा रक्षा इकाई एवं रोजगार प्रोत्साहन नीति 2024 मंजूर :** उत्तर प्रदेश एयरोस्पेस तथा रक्षा इकाई एवं रोजगार प्रोत्साहन नीति 2024 को मंजूरी दी गई।

**मेडिकल कॉलेज होंगे स्थापित** :जनपद हाथरस,बागपत, व कासगंज में भारत सरकार की वायबिलिटी गैप फंडिंग के अंतर्गत PPP मोड पर मेडिकल कॉलेज सन्चालित किये जाने हेतु सफल निविदादाता का चयन किये जाने के सम्बंध में प्रस्ताव को मंजूरी दी गई। स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय, बलरामपुर की स्थापना हेतु 166 बेडेड राजकीय संयुक्त चिकित्सालय बलरामपुर को चिकित्सा शिक्षा विभाग के पक्ष में निःशुल्क हस्तातंरण किये जाने व जनपद बलरामपुर में स्थापित किये जा रहे KGMU के सेटेलाइट सेंटर को स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय, बलरामपुर में परिवर्तित किये जाने के प्रस्ताव को मंजूरी दी गई।

**सीआईआईआईटी की स्थापना को दी मंजूरी :** टाटा टेक्नोलॉजी लिमिटेड के सहयोग से प्रदेश के 62 राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानो का उन्नयन, व 5 सेंटर फॉर इनोवेशन, इंवेंनशन, इन्क्यूबेशन एंड ट्रेनिंग की स्थापना किये जाने के सम्बंध में प्रस्ताव को मंजूरी दी गई।

**अभियोजन निदेशालय की स्थापना के संबंध में प्रस्ताव को मंजूरी :** योगी कैबिनेट बैठक में भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 20 के अंतर्गत अभियोजन निदेशालय की स्थापना के संबंध में प्रस्ताव को मंजूरी मिली है।

**गंगा पर निर्मित होगा सिक्स लेन पुल :** योगी आदित्यनाथ ने बैठक के दौरान बताया कि गंगा एक्सप्रेस-वे को चित्रकूट से जोड़ने के लिए, बुन्देलखण्ड एक्सप्रेस-वे को गंगा एक्सप्रेस-वे से जोड़ा जाएगा। गंगा नदी में 6-लेन का पुल निर्मित किया जा रहा है। एक और 4-लेन का पुल निर्मित किया जाएगा।

**प्रयागराज से जुड़ेगा गंगा एक्सप्रेस-वे :** योगी आदित्यनाथ ने बैठक के दौरान बताया कि प्रयागराज और आसपास के क्षेत्रों के लिए सतत विकास करने के लिए, हम एक विकास क्षेत्र विकसित करेंगे। इसके बुनियादी ढांचे के लिए, गंगा एक्सप्रेसवे का विस्तार किए जाने की योजना है। मिर्जापुर से भदोही से काशी, चंदौली और गाजीपुर में पूर्वांचल एक्सप्रेसवे को जोड़ा जाएगा।

**अरैल में भी एक पुल को मंजूरी:** सीएम योगी ने कहा कि हेतापट्टी से सलोरी तक गंगा पर पुल बनेगा, अरैल में भी एक पुल को मंजूरी दी गई है। वाराणसी, प्रयागराज समेत सात जिलों को धार्मिक क्षेत्र की मंजूरी मिली है। प्रयागराज, वाराणसी और आगरा में मल्टी सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल और मुरादाबाद में 10 हजार करोड़ का निवेश का प्रस्ताव पास हुआ है।

**सुपर स्पेशलिटी अस्पताल के लिए बांड होंगे जारी :** सीएम योगी ने कहा कि अब तक संगम में 9.25 करोड़ से ज्यादा श्रद्धालुओं ने पवित्र डुबकी लगाई है। प्रयागराज नगर निगम प्रयागराज सुपर स्पेशलिटी अस्पताल के लिए बांड जारी करेगा।

**मेडिकल कॉलेज और आईटीआई किए जाएंगे स्थापित :**

सीएम योगी ने बताया कि केजीएमयू सेंटर को मेडिकल कॉलेज के रूप में स्थापित करने का निर्णय लिया गया है। तीन जिलों, हाथरस, कासगंज और बागपत में तीन नए मेडिकल कॉलेज स्थापित किए जाएंगे। 62 आईटीआई, 5 नवप्रवर्तन, आविष्कार एवं प्रशिक्षण केंद्र की स्थापना होगी।

**तीन नगर निगम के बॉन्ड होंगे जारी :** केबिनेट बैठक के दौरान सीएम योगी ने एक महत्वपूर्ण घोषणा करते हुए कहा कि प्रदेश के तीन नगर निगम प्रयागराज, आगरा और वाराणसी के बॉन्ड जारी किए जाएंगे। इस फैसले से इन नगर निगमों को वित्तीय मजबूती मिलेगी और शहरों के विकास कार्यों में तेजी आएगी।

**तीन नए जिलों में निर्मित होंगे मेडिकल कॉलेज :** सीएम योगी ने घोषणा करते हुए बताया कि तीन नए जिलों - बागपत, हाथरस और कासगंज में मेडिकल कॉलेज निर्मित किए जाएंगे, जिससे स्वास्थ्य सुविधाओं में सुधार होगा और स्थानीय युवाओं को रोजगार के अवसर मिलेंगे।

**नए सिरे से बनेगी एयरोस्पेस और डिफेंस से संबंधिक पॉलिसी :** सीएम योगी ने कहा कि उत्तर प्रदेश की एयरोस्पेस और डिफेंस से संबंधित जो पॉलिसी है उसे 2018 में हमारी सरकार द्वारा बनाया गया था। इस पॉलिसी के 5 साल पूर्ण हो चुके हैं। अब उसको नए सिरे से बनाने की व्यवस्था की गई है।

**बैठक पर अखिलेश का हमला** :प्रयागराज में हुई उत्तर प्रदेश कैबिनट बैठक पर सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने कहा कि कुंभ और प्रयागराज वो स्थान नहीं है जहां पर राजनीतिक कार्यक्रम और फैसले लिए जाएं। कैबिनेट राजनीतिक है और कुंभ के स्थान पर कैबिनेट बैठक करना राजनीतिक है। हम में से बहुत से लोग हैं जो गंगा स्नान कर आए होंगे और तस्वीर भी नहीं डाली होगी।

## न्यूज झरोखा

### महाकुम्भ में सर्वाधिक डुबकी लगाने वाले मंत्री बने नंदी



**महाकुम्भ।** प्रयागराज में अगर किसी बड़े नेता का नाम लेना हो तो पहला नाम नंद गोपाल गुप्ता नंदी का नाम आता है। नंद गोपाल गुप्ता उत्तर प्रदेश की योगी आदित्यनाथ सरकार में औद्योगिक विकास, निर्यात प्रोत्साहन, एनआरआई एवं निवेश प्रोत्साहन मंत्री भी हैं। ये 'नंदी' के नाम से लोकप्रिय हैं। इनकी गिनती उन नेताओं में होती है जो सियासी हवा का रूख भांप लेते हैं और सरकार किसी की भी हो उनका मंत्री पद पर बने रहना पक्का है। नेता के रूप में अब तक सबसे अधिक बार संगम में डुबकी लगाने का रिकार्ड नंद गोपाल गुप्ता का ही है।और अभी रिकॉर्ड में आगे भी इजाफा होगा। जब भी कोई वीआईपी स्नान करने आते हैं, उन्हें डुबकी लगानी पड़ती है। मंगलवार को पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद व कुमार विश्वास के साथ,परिवार के साथ, बुधवार को सीएम योगी के साथ, उससे पहले राजनाथ सिंह और कई नेताओं के साथ संगम में डुबकी लगा चुके हैं।

### रामायण की हिंदी एनिमेटेड फिल्म का महाकुंभ नगर में प्रथम प्रदर्शन




**महाकुंभ नगर।** दिव्य प्रेम सेवा मिशन के सेवा साधना शिविर में आज जापान में निर्मित प्रभु श्रीराम की गौरवगाथा पर आधारित एनिमेटेड फिल्म 'रामायण' के हिंदी संस्करण का प्रथम प्रदर्शन हुआ। यह फिल्म 24 जनवरी को सिनेमाघरों में हिंदी, तमिल और तेलुगु तीन भाषाओं में प्रदर्शित की जाएगी। इस विशेष अवसर पर उत्तर प्रदेश सरकार के समाज कल्याण राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) असीम अरुण, प्रसिद्ध कथावाचक पूज्य विजय कौशल जी महाराजऔर सेवा मिशन के अध्यक्ष डॉ. आशीष गौतम भैया ने फिल्म की प्रशंसा करते हुए इसे सांस्कृतिक चेतना का अद्भुत प्रयास बताया। मंत्री असीम अरुण ने कहा कि रामायण न केवल हमारी सांस्कृतिक धरोहर है, बल्कि यह जीवन के आदर्शों को साकार करने का माध्यम भी है। इस एनिमेटेड प्रस्तुति से हमारी नई पीढ़ी प्रभु श्रीराम के जीवन दर्शन को बेहतर समझ सकेगी।

### केन्द्रीय मंत्री ने श्रीमद्भागवत प्रदर्शनी और शोभा यात्रा का किया शुभारंभ



**महाकुंभ नगर।** केन्द्रीय पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत ने बुधवार को महाकुंभ नगर में श्रीमद्भागवत पर आधारित प्रदर्शनी और संस्कार भारती पवेलियन का उद्घाटन किया। इसके साथ ही उन्होंने शोभा यात्रा का शुभारंभ भी किया, जो महाकुंभ के सांस्कृतिक महत्व को प्रकट करती है। श्री शेखावत ने महाकुंभ में संस्कार भारती पवेलियन और शोभा यात्रा का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि महाकुंभ भारतीय सांस्कृतिक धरोहर का प्रतीक है और इस तरह के कार्यक्रम हमारी आध्यात्मिक एवं सांस्कृतिक परंपराओं को विश्व स्तर पर प्रस्तुत करने का अवसर देते हैं।

## महाकुंभ में सुधांशु जी महाराज का विशेष आध्यात्मिक शिविर और सत्संग



**महाकुंभनगर।** प्रसिद्ध आध्यात्मिक गुरु सुधांशु जी महाराज द्वारा महाकुंभ मेला के दौरान एक विशेष आध्यात्मिक शिवर का आयोजन किया गया है। यह शिविर 21 जनवरी से 23 जनवरी 2025 और 4 फरवरी से 7 फरवरी 2025 तक प्लॉट नंबर 46 सेक्टर 6 नागवासुकी रोड में आयोजित किया गया है । यह शिविर उन सभी श्रद्धालुओं और भक्तों के लिए खुला है जो इस महाकुंभ को आध्यात्मिक यात्रा में बदलना चाहते हैं और अपने जीवन को पावन और आनंदमय बनाना चाहते हैं। इस आध्यात्मिक शिविर का आयोजन सुधांशु जी महाराज और डॉक्टर अर्चिका दीदी के मार्गदर्शन में किया गया है। इस शिविर का मुख्य उद्देश्य महाकुंभ में आए भक्तों को आत्म शुद्धि से जोड़ना है । शिविर में आने वाले सभी श्रद्धालु महाकुंभ के संगम स्नान के साथ-साथ अनेक आध्यात्मिक गतिविधियों में भी भाग ले सकते हैं । शिविर में सम्मिलित सभी श्रद्धालु प्रातः गंगा ,यमुना और सरस्वती नदी के संगम में डुबकी के साथ-साथ वैदिक मंत्रोच्चार,यज्ञ , योग, ज्ञान ,सत्संग कथा और गंगा महा आरती में भी सम्मिलित हो सकते हैं। 45 दिवसीय इस महाकुंभ का आयोजन 14 जनवरी 2024 के शाही स्नान के साथ शुरू हो चुका है और यह आयोजन 26 फरवरी 2025 को समाप्त होगा । प्रयागराज के इस महाकुंभ के दौरान मानव सेवा के प्रति अपनी अटूट श्रद्धा को दशार्ते हुए सुधांशु जी महाराज द्वारा शिविर में भंडारा, जरूरतमंद को कंबल वितरण और जीवों के प्रति सम्मान दर्शन हेतु गौ पूजन का भी आयोजन किया जा रहा है। सुधांशु जी महाराज ने इस आयोजन को उत्कृष्ट बताते हुए कहा है कि महाकुंभ एक दुर्लभ खगोलीय घटना है जो आत्म जागृति और मोक्ष प्राप्ति का अनुपम अवसर प्रदान करती है।

## सत्संग द्वारा होता है मनुष्य का विवेक जागृति

**प्रयागराज।** महाकुंभ में सत्संग के द्वारा मनुष्य का विवेक जागृत होता है। जिस प्रकार मन को सही रास्ते पर चलाने के लिए जहाँ ज्ञान की आवश्यकता होती है, वहीं ज्ञान पर टिके रहने के लिए सत्संग अति आवश्यक है। संतो महापुरुषों के सानिध्य में बिताये गये एक-एक पल हमारे जीवन को सद्?मार्ग पर ले जाने में बहुत उपयोगी हैं और हमें जीवन में बहुत सारे अपराधो को करने से बचा लेते है। उक्त उद्?गार पठानकोट (पंजाब) से आये हुवे केन्द्रीय प्रचारक संत श्री जी. है. द्विवेदी ने महाकुम्भ मेला क्षेत्र, सेक्टर-16 तुलसी मार्ग, पश्चिमी पटरी स्थित सतं निरंकारी मिशन के शिविर में साध संगत को सम्बोधित करते हुवे व्यक्त किया। उन्होने आगे कहा कि हमारा मन मायावी प्रभाव अर्थात काम, क्रोध, लोभ, मोह और अहंकार से उत्पन्न विकारों से प्रभावित हो जाता है और मानव जीवन पशुवृत्ति वाला बन जाता है। सत्य के ज्ञान से अर्थात परमात्मा का बोध हासिल करने के बाद मानव जीवन इन्सानियत के गुणों से भरपूर होता है। ऐसा इन्सान प्यार, अहिंसा, मधुरता और नम्रता से भरपूर सभी को सुकून देने वाला होता है। परमात्मा के नाम का उच्चारण करने मात्र से परमात्मा का बोध नही होता बल्कि ईश्वर का बोध ब्रह्मवेत्ता संत के द्वारा ही होता है। निरंकारी मिशन, सद्गुरू माता सुदीक्षा सविन्दर हरदेव महाराज के सत्य सन्देश (ब्रह्मज्ञान) को जन जन तक पहुँचाकर विवेक जागृत करने का प्रयास कर रहा है।

## जोन की कर अधीक्षक की कार्यप्रणाली से आक्रोशित व्यापारियों ने किया घेराव

### टीम द्वारा घर से महिलाओं और बच्चों को बाहर निकाले जाने को लेकर हुआ था हंगामा, लोगों का आरोप है कि जिसने पैसा दिया उसका गृहकर काम आ रहा है

**अखंड भारत संदेश**



**नैनी।** नैनी क्षेत्र के नई बाजार मोहल्ले में उसे समय हंगामा हो गया जब बकाया गृहकर वसूली को लेकर क्षेत्र के नई बाजार मोहल्ले में पहुंची नगर निगम जोन पांच के कर विभाग की टीम का व्यापारियों ने विरोध किया। विरोध को देखते हुए टीम अपनी कार में बैठ गई, करीब एक घंटे के विरोध के बाद टीम बिना कार्रवाई के वापस लौट गई। नगर निगम जोन पांच के अंतर्गत चल रहे गृह कर अभियान में नगर निगम की कर अधिक्षका सुधा दीक्षित तथा उसके साथ कर निरीक्षका शालिनी केसरवानी और पूरी टीम सहित सरगम चौराहे पर सियाराम जायसवाल, धनंजय जायसवाल, बृज किशोर केसरवानी, इंद्रेश जायसवाल, निशा देवी के यहां कार्रवाई के लिए पहुंची थी। इनकी दुकान पर जाकर सुधा दीक्षित द्वारा जबरन लाल कपड़ा ताला सील मोहर लेकर सभी लोगों को घर से बाहर निकाल कर उसमें ताला लगाने की कार्रवाई की जाने लगी। यह देखकर स्थानीय लोगों को व्यापारियों ने इसका विरोध कर दिया। वहीं जानकारी पर पार्षद राकेश जयसवाल व व्यापार मंडल अध्यक्ष मौके पर पहुंचे। उन्होंने सुधा दीक्षित से पूछा कि आप किस कानून के तहत इनके घरों में सील करके ताला लगा रही है तो कर अधिक्षका ने कहा कि हमें नगर निगम के उच्च अधिकारियों का आदेश है की जिसका भुगतान नहीं है उनके घर सील करके ताला लगा दिया जाए। इतने में आसपास के लोग इकट्ठा होने के बाद पार्षद राकेश जायसवाल ने कहा कि आपके द्वारा कई महीनों से लगातार ज्यादा टैक्स की नोटिस देकर आम जनमानस को परेशान किया जा रहा है। साथ ही टैक्स की नोटिस का शुद्धिकरण करने के नाम पर आप और आपके कर निरीक्षक शालिनी के द्वारा अवैध वसूली कई महीनों से चल रहा है। इस संबंध में क्षेत्र के कई आम जनमानस आए दिन पार्षदों से शिकायत करते हैं। नैनी क्षेत्र में आपकी गलत अवैध वसूली पार्षद गण नहीं करने देंगे इस संबंध में अभी कुछ महीने पहले आपके द्वारा नैनी बाजार में एक व्यापारी का जबरन ताला बंद करके और जबरदस्ती गाड़ी में बैठाकर अपराधियों की तरह ले जाया गया है। पार्षद द्वारा इस संबंध में महापौर को तत्काल सूचना दिया गया।

## महाकुम्भ मेले में एक्युप्रेशर संस्थान शिविर आरम्भ

**महाकुंभनगर।** कुंभ मेला क्षेत्र में श्रद्धालुओं के उपचार एवं सेवा के संकल्प के साथ एक्युप्रेशर संस्थान शिविर आरम्भ कर दिए हैं।सभी बड़े शिविर दिव्य ज्योति, श्रीजी बाबा, सच्चा बाबा, हाईकोर्ट कैंप सभी सरकारी शिविरों सहित लगभग 30 शिविर संचालित किए जा रहे हैं।तुलसी मार्ग सेक्टर 19 स्थति मुख्य शिविर के उपचार प्रभारी आलोक कमलिया के देखरेख में उपचार कार्य संचालित हो रहे हैं।वरिष्ठ उपचारक विशाल जायसवाल, सुनील मिश्रा, अभय त्रिपाठी, राजेश वर्मा, हनुमान मिश्रा, अमित केसरवानी, बीना जायसवाल और रश्मि अग्रवाल की निगरानी में अन्य उपचारक सेवा कार्य कर रहे हैं। सभी शिविरों में लोगों को औषधिविहीन चिकित्सा पद्धति अपनी ओर आकर्षित कर रही है। सेवा कार्य में लगे उपचारकों में देश के अलग-अलग भागों से आए उपचारकों के अलावा एक्युप्रेशर महाविद्यालय के छात्रों को भी पूरे मनोयोग के साथ उपचार करते देखा जा सकता है। आज सायं 5 बजे तक सभी शिविरों में उपचार सेवा प्राप्त करने वालों की संख्या 1720 रही। पिछले 30 वर्षों से एक्यूप्रेशर संस्थान के तत्वावधान में माघ मेला ,कुंभ मेला के दौरान निःशुल्क उपचार का आयोजन किया जा रहा है। पिछले अर्धकुंभ के दौरान लगभग 60,000 लोगो का उपचार किया गया था।

## डीजीपी प्रशांत कुमार ने संगम में लगाई डुबकी



**महाकुंभनगर।** उत्तर प्रदेश के पुलिस महानिदेशक प्रशांत कुमार ने बुधवार को गंगा-यमुना और सरस्वती के संगम में आस्था की डुबकी लगाई। इसके बाद खुद मोटर बोट चलाकर घाटों पर सुरक्षा-व्यवस्था की समीक्षा की।दर्शन करने के बाद उन्होंने पुलिस अधिकारियों के साथ भ्रमण कर मेले में सुरक्षा व्यवस्था का जायजा भी लिया। उनका ज्यादातर जोर जल पुलिस और डूबने से बचाने वालों और महाकुंभ में आग से बचाव और इसके प्रति जागरूकता पर रहा। उत्तर प्रदेश के डीजीपी ने प्रशांत कुमार गंगा स्नान करने के बाद कहा, सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद की गई है, करोड़ों लोग अभी तक स्नान कर चुके हैं। इस भीड़ को संभालना चुनौती नहीं, बल्कि सुनहरा मौका है. मैंने डुबकी लगाई, मुझे काफी अच्छा लग रहा है। संगम की सफाई देखते ही बन रही है, देश-दुनिया में महाकुंभ की तैयारियों को लेकर चर्चा है। सुरक्षा बेहतर बनाने के लिए अंडर वॉटर ड्रोन का प्रयोग : डीजीपी प्रशांत कुमार ने बताया कि, महाकुंभ और सभी घाटों पर हमारे अधिकारी तैनात है। कंट्रोल रूम से निगरानी रखी जा रही है। इसके साथ ही ड्रोन और सीसीटीवी कैमरा का इस्तेमाल किया जा रहा है। इस बार महाकुंभ में व्यवस्था बनाने और सुरक्षा को बेहतर करने के लिए अंडर वॉटर ड्रोन का भी प्रयोग किया जा रहा है। इसके साथ ही कुंभ की भव्यता और दिव्यता बरकरार रखने के लिए घाटों की लंबाई को भी बढ़ाया गया है।

## महाकुंभनगर में आबकारी विभाग के शिविर का उद्घाटन

**महाकुंभनगर।** उत्तर प्रदेश के आबकारी एवं मद्य निषेध राज्य मंत्री ,स्वतंत्र प्रभार नितिन अग्रवाल ने आज महाकुंभनगर के सेक्टर 7 स्थित आबकारी विभाग के शिविर का उद्घाटन किया। यह शिविर श्रद्धालुओं की सुविधाओं के लिए बनाया गया है, जिसमें पांच बड़े कक्ष और दस बिस्तरों का रैन बसेरा शामिल है। इस अवसर पर मंत्री नितिन अग्रवाल ने कहा कि महाकुंभ प्रयागराज 2025 भारत की एकात्मता, अखंडता और विविधता में एकता का जीवंत प्रतीक है। श्रद्धालु यहां त्रिवेणी संगम में आस्था की डुबकी लगाकर पुण्य लाभ प्राप्त कर रहे हैं। उन्होंने सभी श्रद्धालुओं से महाकुंभनगर आने का आह्वान करते हुए कहा कि मां गंगा, यमुना और सरस्वती के आशीर्वाद से पवित्र त्रिवेणी संगम में स्नान कर जीवन को पवित्र बनाएं। इस अवसर पर आबकारी आयुक्त डॉ. आदर्श सिंह, अपर आबकारी आयुक्त, प्रशासन,डॉ. ज्ञानेश्वर त्रिपाठी समेत अन्य विभागीय अधिकारी रहे।

## उमरे ने महाकुम्भ मेले में स्टेनलेस स्टील थालियों एवं कपडे की थैलियों का किया वितरण




**महाकुंभनगर।** उत्तर मध्य रेलवे महिला कल्याण की अध्यक्षा चेतना जोशी, सचिव ऋचा वर्मा, तरुणा प्रकाश, प्रतिभा कदम, संतोष कुमारी बाजपेई, सरिता कदम और पर्यावरण अनुभाग उमरे मुख्यालय ने प्लास्टिक मुक्त इको कुंभ को बढ़ावा देने के लिए इस्कॉन, प्रजापिता ब्रह्मकुमारी, आर्ट ऑफ लिविंग सेंटर एवं रामभद्राचार्य आश्रम को कुल 2000 स्टील प्लेट और कपड़े के बैग बाटे गए ।स्टील प्लेटों को बांटने का मकसद सिंगल यूज प्लास्टिक के इस्तेमाल को कम करना है। इस्कॉन की तरफ से मधु पंडित दास अध्यक्ष अक्षयपात्र, चंचलापति दास वाइस चेयरमैन अक्षयपत्र एवं कंजलोचन कृष्ण दास एवं आर्ट ऑफ लिविंग की तरफ से राम गोपाल शर्मा एवं परमानंद जी उपस्थित थे। अब तक पर्यावरण अनुभाग उत्तर मध्य रेलवे मुख्यालय ने इको कुंभ को बढ़ावा देने के लिए विभिन्न स्थानों पर ,9000 प्लेट और 3000 कपड़े के बैग वितरित किए हैं। चेतना जोशी और महिला संगठन ने इस्कॉन पंडाल में रसोई बनाने तथा परोसने की सेवा की क मुख्य पर्यावरण प्रबन्धक ने सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग न करने की सलाह दी । समाजसेवी संस्थान पर्यावरण संरक्षण गतिविधि की तरफ से प्राप्त थालियाँ तथा थैलियोंका वितरण प्रदुषण रोकने में काफी मददगार साबित हो रहा है क इस गतिविधि में शिवाजी कदम मुख्य पर्यावरण एवं गृह व्यवस्था प्रबन्धक ,उत्तर मध्य रेलवे, संतोष बाजपेयी ,कार्य अध्ययन अधिकारी, अखिलेश कुमार सिंह इत्यादि रेलवे अधिकारी शामिल थे । महाकुंभ के अवसर पर यात्रियों की सुविधा के लिए उत्तर मध्य रेलवे की ओर से चलाई जा रही अतिरिक्त स्पेशल ट्रेनों की सफाई, यात्री बाड़ों का रखरखाव, बायो टॉयलेट आदि व्यवस्था का भी सुचारू रूप से चलने हेतु प्रयागराज स्टेशन का निरिक्षण किया गया।

**आवश्यकता है**

**प्रतिभा उच्च शिक्षा संस्थान**

सम्बद्ध प्रो. राजेन्द्र सिंह (रज्जू भइया) विश्वविद्यालय, प्रयागराज।

**निम्न पद हेतु सहायक आचार्य की आवश्यकता है-**

स्नातक स्तर कला संकाय
संस्कृत -01 पद

वेतन यूजीसी के मानकानुसार
विज्ञापन प्रकाशन के 10 दिनों के अंदर आवेदन पत्र महाविद्यालय में जमा करें।

**प्रबन्धक/सचिव**
**प्रतिभा उच्च शिक्षा संस्थान**
**फूलपुर उर्फ शेखपुर प्रयागराज**
**मो.नं. 8707046593, 9452145821**
ई-मेल pratibhaucchsiksha@gmail.com

# तुलसीसदन में भव्यता से मनाया जाएगा ''उत्तर प्रदेश दिवस'': सीडीओ

**अखंड भारत संदेश**



**प्रतापगढ़।** मुख्य विकास अधिकारी डा0 दिव्या मिश्रा की अध्यक्षता में जनपद के तुलसीसदन (हादीहाल) में 24 से 26 जनवरी 2025 तक ''उत्तर प्रदेश दिवस-2025'' को भव्यता के साथ मनाये जाने के सम्बन्ध में विकास भवन सभागार में अधिकारियों के साथ बैठक की गयी। उन्होने अधिकारियों को निर्देशित किया कि उत्तर प्रदेश दिवस के अवसर पर विभिन्न विभागों द्वारा शासकीय योजनाओं के स्टाल लगाये जाये और योजनाओं के सम्बन्ध में लोगों को जानकारी दी जाये। बैठक के दौरान सम्बन्धित अधिकारियों ने यूपी दिवस के दौरान आयोजित होने वाले कार्यक्रमों के सम्बन्ध में जानकारी दी। इस दौरान विभिन्न योजनाओं के लाभाथिर्यों को प्रमाण पत्रध्स्वीकृति पत्र का वितरण किया जायेगा। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी व माध्यमिक शिक्षा विभाग के अधिकारी को निर्देशित किया गया कि यूपी दिवस के अवसर सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किये जाये। उन्होने बताया कि उच्च शिक्षा विभाग द्वारा श्रद्धेय अटल बिहारी बाजपेयी शताब्दी वर्ष, समाज कल्याण विभाग द्वारा भगवान बिरसा मुण्डा जी की 150वीं जयन्ती पर आधारित प्रदर्शनी, राष्ट्रीय एकीकरण विभाग द्वारा लौहपुरूष सरदार बल्लभ भाई पटेल पर आधारित प्रदर्शनी लगायी जायेगी। सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम विभाग, कृषि विभाग, चिकित्सा विभाग तथा अन्य विभागों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले हस्तशिल्पियों किसानों, उद्यमियों, चिकित्सकों आदि का चयन करते हुये उत्तर प्रदेश दिवस-2025 के अवसर पर सम्मानित किया जाये। बैठक में जिला विकास अधिकारी कृष्ण कुमार, जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी प्रियंका सोनी व अन्य सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित रहे।

## मारपीट की अलग-अलग घटनामें दो घायल

**अखंड भारत संदेश**

**पट्टी।** कोतवाली क्षेत्र के अलग अलग गांव में हुई मारपीट में दो लोग घायल हो गये। पीड़ित के परिजनों ने थाने पर शिकायत की है।

क्षेत्र के मरियमपुर गांव निवासी अर्पित यादव का आरोप कि वह बाजार से अपने घर मरियमपुर गांव जा रहा था। अभी वह सराय महेश रोड के पास पहुंचा था कि पहले से खड़े युवकों ने उसे रोक लिया और लात घूसे व डंडे से पीटकर घायल कर दिया। वही रमईपुर नवादा गांव की रुखसार पत्नी रियासत ने पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर आरोप लगाया है कि उनका बेटा गुलकान गांव में ही क्रिकेट खेलने गया था। इस दौरान हुए विवाद में उसे आधा दर्जन लोगों ने मारपीट कर लहूलुहान कर दिया। मारपीट की दोनों घटनाओं की शिकायत पुलिस से की गई है। पुलिस घायलों को मेडिकल के लिए भेजते हुए अग्रिम कार्रवाई में जुटी हुई है।

# जिलाधिकारी ने रैन बसेरे का किया निरीक्षण

**अखंड भारत संदेश**



**प्रतापगढ़।** जिलाधिकारी शिव सहाय अवस्थी ने जनपद प्रयागराज में चल रहे महाकुम्भ-2025 के महत्वपूर्ण स्नान पर्व ''मौनी अमावस्या'' में आने वाले श्रद्धालुओंध्यात्रियों को अवस्थान की सुविधा उपलब्ध कराये जाने के दृष्टिगत तुलसीसदन में बनाये गये रैन बसेरा का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान तुलसीसदन (हादीहाल) के रैन बसेरे में 50 बेड मय गद्दा, रजाई, चारपाई लगा हुआ पाया गया जिसके सम्बन्ध में अधिशासी अधिकारी को निर्देश दिये गये कि हाल की और अधिक साफ-सफाई करायी जाये तथा परिसर में प्रत्येक दिन फागिंग, एण्टी लार्वा का छिड़काव इत्यादि कराया जाये। बिस्तर पर साफ चादरें एवं तकिया (कवर सहित) बिछाया जाये। रात्रि में हाल के भीतर एवं बाहरी परिसर में पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था एवं अलाव की व्यवस्था सुनिश्चित करायी जाये। जिलाधिकारी ने अधिशासी अधिकारी को यह भी निर्देशित किया कि नगर के स्वयंसेवियों से समन्वय स्थापित करें तथा उनका सहयोग लेते हुये श्रद्धालुओंध्आगन्तुकों के खान-पान हेतु समुचित व्यवस्था करा लें ताकि श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो। तुलसीसदन परिसर में एक हेल्प डेस्क बनाया गया है जो छोटा है, तत्क्रम में परिसर के मुख्य द्वार पर एक बड़ा हेल्ड डेस्थ स्थापित करते हुये उसमें कार्मिकों की तैनाती हेतु जिलाधिकारी ने अधिशासी अधिकारी को निर्देशित किया कि सभी व्यवस्थायें महाकुम्भ पर्व तक सतत् सुव्यवस्थित ढंग से चलाई जाये। निरीक्षण के दौरान जिला पंचायत राज अधिकारी श्रीकान्त दर्वे व अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद बेल्हा राकेश कुमार उपस्थित रहे।

## मनायी गयी जनेश्वर मिश्र की पुण्यतिथि

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** समाजवादी विचारक जनेश्वर मिश्र की पुण्यतिथि पर यहां सपा कार्यकर्ताओं ने श्रद्धासुमन अर्पित किये। कार्यकर्ताओं ने बैठक के जरिए डॉ. लोहिया की विचारधारा को सशक्त बनाने में जनेश्वर मिश्र के समाजवादी चिंतन को अविस्मरणीय बताया। बैठक की अध्यक्षता विधानसभा अध्यक्ष रामधन यादव व संचालन प्रकाशचंद्र उपाध्याय ने किया। बैठक मे सपा के वरिष्ठ नेता टीपी यादव ने कहा कि स्वर्गीय जनेश्वर मिश्र की विचारधारा को आगे बढ़ाते हुए सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव की अगुवाई में समाजवाद को मजबूती मिल सकेगी। इस मौके पर अधिवक्ता प्रवीण यादव, राजेन्द्र विश्वकर्मा, रोशन लाल सरोज, ज्ञानप्रकाश वर्मा, राजेश यादव, सोनू पासी, अमृतलाल यादव आदि रहे।

## आतिशबाजी के दौरान युवक झुलसा, हालत गंभीर

**अखंड भारत संदेश**

**बेलखरनाथ धाम।** शादी समारोह में आतिशबाजी के दौरान एक युवक बुरी तरह झुलस गया।आनन-फानन में उसे अस्पताल भेजा गया। जहां उसकी हालत गंभीर बनी हुई है। मामले में घायल युवक की मां ने आतिशबाजी कराने ले गए गांव के ही एक युवक के विरुद्ध थाने में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।कंधई थाना क्षेत्र के रुदापुर गांव से चकमझानीपुर गांव में बारात गई थी।जिसमें आतिशबाजी कर रहे पूरे पांडे गांव निवासी शनि रजक (19) करतब दिखाने के दौरान गंभीर रूप से झुलस गया और उसके दाहिने हाथ की तीन अंगुलिया उड़ गई तथा बाएं हाथ में भी गंभीर चोट आई।इस दौरान बारात में अफरातफरी मच गई। आनन-फानन में इलाज के लिए 108 एंबुलेंस बुलाकर घायल शनि को अस्पताल भेजा गया। जहां हालत गंभीर बनी हुई है।इस संबंध में थाना प्रभारी कंधई अवन कुमार दीक्षित ने बताया कि तहरीर मिली है मामले की जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

# जिलाधिकारी ने जनसुनवाई के दौरान शिकायतकर्ताओं की सुनी समस्याएं

**अखंड भारत संदेश**



**प्रतापगढ़।** जिलाधिकारी ने कलेक्ट्रेट कार्यालय में जनसुनवाई के दौरान दूर-दराज से आये हुये फरियादियों की शिकायतों को गम्भीरतापूर्वक सुनकर सम्बन्धित अधिकारियों को प्राप्त शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण व समयबद्ध तरीके से निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। शिकायतकर्ता सन्तोषी देवी निवासी ग्राम सदर बाजार कोहरौटी ने शिकायत किया कि प्रार्थिनी के घर के बगल पुस्तैनी मन्दिर दिनेश प्रजापति के बगल में है मन्दिर के उत्तरी गेट पर मन्दिर से सटा हुआ पूजा हेतु चौकी बनी हुई है, चौकी पर दिनेश व अनिल जबरजस्ती चौकी के नींव के ऊपर दीवाल बनाकर मन्दिर की चौकी व उत्तरी गेट बन्द करने के लिये नींव खोद कर दीवाल बना रहे है, प्रार्थिनी के रोकने पर मारने-पीटने की धमकी दे रहे है, इस प्रकरण पर जिलाधिकारी ने एसएचओ कोतवाली को निर्देशित किया है कि स्वयं जांच कर शिकायत का समाधान करायें व की गयी कार्यवाही से अवगत करायें। जनसुनवाई के दौरान प्राप्त राजस्व व अन्य शिकायतों के सम्बन्ध में जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देशित किया है कि शिकायतों की निष्पक्ष जांच कर, शिकायतों का निस्तारण गुणवत्तापूर्ण ढंग से करें जिससे शिकायतकर्ता को इधर-उधर भटकना न पड़े। उन्होने अधिकारियों को यह भी निर्देशित किया है कि जनकल्याणकारी योजनाओं से पात्र व्यक्तियों को लाभान्वित करें, कोई भी पात्र व्यक्ति योजना से वंचित न रहें इसका विशेष ध्यान दें। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देशित किया है कि जनता की शिकायतों को शासन की मंशानुरूप गुणवत्तापूर्ण निस्तारण ससमय करायें, शिकायतों के निस्तारण में लापरवाही कदापि न बरती जाये।

## समारोहपूर्वक मनायी गयी शिवमूर्ति की पुण्यतिथि

**अखंड भारत संदेश**



**लालगंज।** साहबगंज क्षेत्र के सड़वा दुबान स्थित बाबू संतबक्श स्नातकोत्तर महाविद्यालय में बुधवार को समाजसेवी बाबू शिवमूर्ति सिंह की पुण्यतिथि समारोहपूर्वक मनायी गयी। बाबू संतबक्श ग्रुप आफ इंस्टीट्यूशंस के बैनरतले आयोजित समारोह का शुभारंभ ब्लाक प्रमुख लक्ष्मणपुर प्रेमलता सिंह व भाजपा नेता राकेश सिंह ने बाबू शिवमूर्ति सिंह की मूर्ति पर माल्यार्पण कर किया। समारोह को संबोधित करते हुए भाजपा नेता डॉ. राकेश सिंह ने कहा कि बाबू शिवमूर्ति सिंह सादा जीवन उच्च विचार के परिचायक थे। श्री सिंह ने कहा कि स्व. शिवमूर्ति सिंह ने शिक्षा के क्षेत्र में बेहतरीन कार्य करते हुए लोगों को शिक्षा के लिए प्रेरित किया। पुण्यतिथि पर जरूरतमंद लोगो को कंबल भी वितरित किया गया। अध्यक्षता डा. एस. के. पांडेय व संचालन अनूप त्रिपाठी ने किया। स्वागत भाषण डॉ. आरके विश्वकर्मा व आभार प्रशांत सिंह ने जताया। इस मौके पर यथार्थ सिंह, शिवम सिंह, हरि नारायण सिंह, डॉ. संगम लाल, अमित सिंह आदि रहे।

# पचास हजार के ईनामिया बदमाश को दबोचा

**अखंड भारत संदेश**



**लालगंज।** एसपी डॉ. अनिल कुमार के अपराध नियंत्रण अभियान को लेकर बुधवार को लालगंज सर्किल के लीलापुर पुलिस थाने को एसटीएफ की लखनऊ टीम के सहयोग से सफलता मिली है। लीलापुर पुलिस ने जिले के कई थानों में आपराधिक गतिविधियों में लिप्त पचास हजार के ईनामिया बदमाश को धर दबोचा है। लीलापुर के प्रभारी निरीक्षक अरूण कुमार सिंह को एसटीएफ लखनऊ की टीम ने सर्विलांस व मुखबिरी के जरिए ईनामिया बदमाश के क्षेत्र में होने की जानकारी दी। सूचना मिलते ही प्रभारी निरीक्षक अरूण सिंह के साथ पुलिस व एसटीएफ के लखनऊ यूनिट निरीक्षक अतुल चतुर्वेदी की टीम अलर्ट हो उठी। मंगलवार की रात पुलिस व एसटीएफ टीम ने बाबूगंज मार्ग पर पतुलकी मोड़ के पास पहुंची तो ईनामिया बदमाश पुलिस टीम पर फायरिंग करते भागने लगा। एसटीएफ व पुलिस टीम ने साहसिक प्रदर्शन करते हुए आरोपी को धर दबोचा। पकड़े गये आरोपी लालगंज कोतवाली के बेलहा मदनगढ़ निवासी शमी मोहम्मद के पुत्र मुकीम अहमद को पुलिस ने दबोचा तो तलाशी लेने पर उसके पास से एक तमंचा व कारतूस बरामद हुआ। प्रयागराज जोन के आईजी के स्तर पर गिरफ्त में आये बदमाश मुकीम की गिरफ्तारी के लिए पचास हजार का ईनाम घोषित किया गया था। पकड़े गये आरोपी मुकीम के खिलाफ जिले के लालगंज, संग्रामगढ़, महेशगंज, लीलापुर में गोवध निवारण अधिनियम तथा पशु क्रूरता निवारण अधिनियम के आधा दर्जन से अधिक मुकदमें दर्ज हैं। पुलिस ने आरोपी मुकीम के खिलाफ हत्या के प्रयास व आर्म्स एक्ट समेत गंभीर धाराओं मे केस दर्ज किया है। बुधवार को पुलिस ने आरोपी मुकीम अहमद को जेल भेज दिया है। ईनामिया बदमाश के दबोचे जाने की जानकारी पर जिले के अपर पुलिस अधीक्षक पश्चिमी संजय राय तथा लालगंज सीओ रामसूरत सोनकर ने एसटीएफ तथा लीलापुर पुलिस की कामयाबी को सराहा है।

## विवाहिता ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**लालगंज।** संदिग्ध परिस्थितियों में विवाहिता ने ससुराल में फांसी का फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने गुरूवार को शव का पंचनामा कर पीएम के लिए भेजवाया। लालगंज कोतवाली के रोहित वर्मा की पत्नी राधिका (22) ने मंगलवार की देर शाम कमरे में फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। राधिका का पांच वर्ष पूर्व रोहित के साथ विवाह हुआ था। वह अपने पीछे चार वर्ष के मासूम को निराश्रित छोड गयी है। बुधवार को सूचना मिलने पर दरोगा राजेन्द्र फोर्स के साथ गांव पहुंचे। पुलिस ने मृतका के शव को कब्जे मे लेकर पीएम के लिए जिला मुख्यालय भेजवाया। प्रभारी निरीक्षक नीरज यादव का कहना है कि घटना को लेकर कोई तहरीर नही मिली है। पीएम रिपोर्ट मिलने पर मृत्यु का कारण स्पष्ट हो सकेगा।

## अधेड़ महिला को लाठी डंडे पीटा

**बेलखरनाथ धाम।** रास्ते में कटीला बबूल रखने से मना करने पर अधेड़ महिला को लाठी डंडे से पीटकर अधमरा कर दिया। घायल महिला को इलाज के लिए अस्पताल भेजा गया है। कधंई थाना क्षेत्र के नरसिंहपुर गांव निवासी कलावती देवी (55) पत्नी अमर पाल के घर के समीप गांव में जाने के लिए रास्ता है। बुधवार सुबह कलावती रास्ते के बगल लगे कंटीले तार को हटा रही थी इसी दौरान पड़ोस की संगीता और विकास ने अधेड़ महिला की लाठी डंडे से पीटकर अधमरा कर दिया। जिसमें उसका बाया हाथ टूट गया। घायल अवस्था में उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बाबा बेलखरनाथ धाम भेजा गया जहां हालत गंभीर देखते हुए डॉक्टरों ने मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया।

## मत्स्य जीवी सहकारी समितियों के गठन हेतु करें आनलाइन आवेदन

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** मुख्य कार्यकारी अधिकारी मत्स्य पालक विकास अभिकरण विकास कुमार दीपांकर ने बताया कि जिले के अन्तर्गत तहसील सदर में सई नदी अन्तर्गत एक खण्ड तथा तहसील पट्टी में गोमती नदी का एक खण्ड एवं लालगज में बहने वाली सई नदी के 06 खण्डों में मत्स्य जीवी सहकारी समिति गठन किया जाना है। तहसील अन्तर्गत बहने वाली नदियों के खण्डवार समितियों का गठन इच्छुक मत्स्य पालक कर सकते है एवं एक न्याय पंचायत स्तर पर जिसका कार्यक्षेत्र मात्र एक न्याय पंचायत तक होगा जिसमें मत्स्य पालन, मत्स्य उत्पादन एवं मत्स्य विपणन की समिति न्याय पंचायत स्तर पर गठन की जायेगी। उन्होने बताया है कि समिति गठन करने हेतु न्यूनतम 27 सदस्यों एवं कार्यक्षेत्र के निवासी होना अनिवार्य है। 27 सदस्यों में 03 सदस्य अनुसूचित जाति एवं 06 महिला सदस्य होना अनिवार्य है। समिति के सचिव की आयु 20 वर्ष एवं शैक्षिक योग्यता इण्टर पास होना अनिवार्य है। एक व्यक्ति मत्स्य विभाग द्वारा गठित समितियों में से किसी एक समिति का सदस्य हो सकता है। आवेदक द्वारा विभागीय पोर्टल पर आनलाईन आवेदन ही मान्य होगा एवं आवेदन तिथि से 30 दिन के अन्दर तीन बैठक कराकर एवं समस्त औपचारिकतायें पूर्ण करने की अवधि तक होगा, दिये गये अवधि में कार्य न पूर्ण करने पर आवेदन स्वतः निरस्त हो जायेगा। इसके अतिरिक्त समिति गठन करने सम्बन्धी जानकारी कार्यालय मत्स्य विभाग कक्ष संख्या-5 भूतल विकास भवन में किसी भी कार्य दिवस में आकर जानकारी प्राप्त किया जा सकता है।

# आरपीएफ सिपाहियों के बीच चले लात घूंसे, एक को हटाया

### नशे में धुत कर्मचारियों के बीच लेनदेन को लेकर हुआ विवाद

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** रेलवे सुरक्षा बल की बैरिक में पैसे के लेनदेन को लेकर नशे में धुत सिपाहियों के बीच जमकर मारपीट हुईं। घटना का वीडियो वायरल होने के बाद मारपीट के आरोपी एक सिपाही को यहां से हटाकर बनारस भेज दिया गया है। इसको लेकर थाने पर चर्चाओं का बाजार गर्म है। कोई कुछ भी बोलने की स्थिति में नहीं है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार एक दिन पहले वसूली के पैसे को लेकर सिपाहियों ने नशा किया। उसके बाद आपस में मारपीट करने लगे। जिसमें से एक सिपाही ने वीडियो बनाकर उसको वायरल कर दिया। मामला उच्च अधिकारियों के संज्ञान में आने के बाद एक सिपाही पर गाज गिर गई। पता चला है कि उसे यहां से व्यास नगर बनारस में अटैच कर दिया गया है।

## अटैचमेंट खत्म होने के बाद भी थाने पर डटा है आरोपी सिपाही

मारपीट करने वाले दूसरे आरोपी सिपाही का स्थानांतरण काफी पहले बनारस में हो चुका है। इसी बीच उसको तीन महीने के लिए मां बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ से अटैच कर दिया गया था। अब उसका अटैचमेंट भी खत्म हो चुका है। इसके बाद भी उसको कार्य मुक्त नहीं किया जा रहा है। जबकि यह नियम के विपरीत है। उक्त सिपाही का रेल संपत्ति के चोरों से मधुर संबंध हैं। स्टाफ के बीच इसकी चर्चा हैं। पता चला है कि कमाई ऊपर तक जाती हैं। जिससे वह अफसरों की कृपा का पात्र बना हुआ है। संपत्ति की सुरक्षा राम भरोसे है।

# नायब तहसीलदार ने बंधक संपत्ति का बैंक को दिलाया भौतिक कब्जा

**अखंड भारत संदेश**



**प्रतापगढ़।** बड़ौदा यूपी बैंक की गड़वारा शाखा से गड़वारा बाजार निवासी भूराज ने बैंक के पक्ष में घर को बंधक कराकर कर्ज लिया था। जिसका समय से भुगतान नहीं कर रहा था। जिस पर सरफेसी एक्ट 2002 के तहत जिलाधिकारी के आदेश पर बुधवार को नायब तहसीलदार गड़वारा की मौजूदगी में बंधक संपत्ति का भौतिक कब्जा बैंक को दिलाया गया। इस दौरान भवन में पाई गई सभी वस्तुओं की वीडियोग्राफी कराने के साथ ही सूची भी बनाई गई। नायब तहसीलदार दिनेश चंद्र तिवारी ने बताया कि जिलाधिकारी के आदेश पर बैंक के पक्ष में यह विधिक कार्यवाही की गई है। वहीं बड़ौदा यूपी बैंक गड़वारा के शाखा प्रबंधक अरुण कुमार ने बताया कि बंधक संपत्ति का कर्ज न चुका पाने पर बंधक संपत्ति का भौतिक कब्जा कराकर मकान को सील करा दिया गया है। कार्रवाई के दौरान क्षेत्रीय कार्यालय के प्राधिकृत अधिकारी गौरव कुमार सिंह व विधि प्रबंधक जगदीश डोडिया समेत गड़वारा चौकी इंचार्ज चन्द्रबली सिंह मय फोर्स के साथ उपस्थित रहे।

## रनिंग भत्ते में बढ़ोतरी की मांग को लेकर गार्डों ने दिया धरना

**अखंड भारत संदेश**



**प्रतापगढ़।** टीए के अनुरूप रनिंग भत्ते में 25 प्रतिशत वृद्धि को लेकर आल इंडिया गार्ड काउंसिल और लोको रनिंग स्टाफ एसोसिएशन शाखा के संयुक्त तत्वाधान में 22 जनवरी को मां बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ रेलवे स्टेशन के मुख्यालय पर विरोध प्रदर्शन किया गया। धरने के दौरान कर्मचारियों ने कहा कि रेल मंत्री ने रनिंग स्टाफ के साथ अन्याय किया है। उन्होंने वायदे के अनुरूप भत्ते में 25 प्रतिशत की वृद्धि नहीं की है। धरने को संबोधित करते हुए मंडल अध्यक्ष आर एम सरोज ने कहा कि भत्ते में बढ़ोतरी की मांग को लेकर प्रदर्शन किया जा रहा है। आर के गुप्ता ने कहा कि सरकार ने कर्मचारियों को भत्ता देने से इंकार किया है जिसके विरोध में लॉबी के सामने सुबह दस से प्रदर्शन किया जा रहा है। शाखा सचिव अमरनाथ तिवारी ने बताया है कि केंद्रीय नेतृत्व के आह्वान पर विरोध प्रदर्शन किया गया। धरने में वीके तिवारी, मोहम्मद अनीश, जितेंद्र पांडे, आरके रावत, डीपी तिवारी समेत कई कर्मचारी मौजूद थे।

# श्रीरामलला की प्राण प्रतिष्ठा स्थापना को लेकर निकली शोभा यात्रा

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज।** अयोध्या में भगवान श्रीरामलला की प्राण प्रतिष्ठा के प्रथम स्थापना पर बुधवार को भण्डारे तथा शोभा यात्रा में श्रद्धालुओं ने भगवान श्रीराम का मनमोहक स्तुति गान किया। लालगंज बाजार में प्रतिष्ठा को लेकर हुए भण्डारे में श्रद्धालुओं ने पंक्तिबद्ध प्रसाद ग्रहण किया। भण्डारे का संयोजन युवा समाजसेवी अरविन्द सिंह व सुनील सिंह मोनू ने किया। यहां चेयरपर्सन प्रतिनिधि संतोष द्विवेदी, ब्लाक प्रमुख इं. अमित सिंह पंकज, दिनेश सिंह, अजीत सिंह, सालिक तिवारी, राकेश तिवारी गुड्डू आदि रहे। रानीगंज कैथौला बाजार में प्राण प्रतिष्ठा उत्सव को लेकर व्यापारियों ने प्रभु श्रीराम की भव्य शोभा यात्रा निकाली। व्यापारी पवन कुमार अग्रहरि की अगुवाई में निकली शोभा यात्रा में महिला श्रद्धालुओं ने मंगलगान की मनमोहक प्रस्तुतियां दी। शोभा यात्रा श्रीराम जयघोष के साथ बाजार के रामजानकी मंदिर से निकली। स्थापना उत्सव को लेकर श्रीराम भक्तों ने देर शाम तक प्रसाद ग्रहण किया। वहीं मां सती के दरबार में भी श्रीरामलला की प्राण प्रतिष्ठा उत्सव को लेकर भण्डारे का आयोजन हुआ। कार्यक्रम का संयोजन सुभाष केसरवानी व प्रधान ददन सिंह व जयप्रकाश केसरवानी ने किया। इस मौके पर व्यापारमण्डल के महामंत्री रामबाबू सोनी, शरद सिंह, शिवशंकर पाण्डेय, शंकर लाल जायसवाल, प्रमोद सिंह बाबा, धर्मेन्द्र केसरवानी, राजू केसरवानी, सनी सिंह, पुनीत सिंह व दिलीप मोदनवाल आदि रहे।

# जय श्रीराम के नारे से गूंज उठा पूरा कौशांबी जिला

**जिले के विभिन्न कस्बों में निकली श्री राम जी की भब्य शोभायात्रा अयोध्या में प्राणप्रतिष्ठा के वर्षगांठ के अवसर पर हुए कई आयोजन**

**चायल, मंझनपुर, नारा, मूरतगंज और अम्बावा पूरब में निकाली गई यात्रा**



**कौशाम्बी।** अयोध्या मन्दिर में भगवान श्रीराम के रामलाला मूर्ति प्राणप्रतिष्ठा के वर्षगांठ के अवसर पर में खासा उत्साह देखने को मिल रहा है। इस मौके पर मंझनपुर मुख्यालय स्थित श्री रामजानकी मन्दिर से भव्य शोभा यात्रा निकाली गई। इसके साथ विधानसभा के नारा गांव, करारी थाना क्षेत्र के छिमिरछा गांव में शोभा यात्रा को निकाला जा रहा है। इसके साथ जिले में चायल, मंझनपुर, नारा, मूरतगंज और अम्बावा पूरब सहित अन्य जगहों पर भी विश्व हिंदू परिषद के तत्वाधान में कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। पूरे जिले में श्री राम का जयकारा गूंज रहा था। मुख्यालय मंझनपुर में श्री राम जानकी मंदिर में महंत सुख सागर मिश्र की अगवाई में भव्य शोभायात्रा को निकाला गया जो अग्निशमन चौराहे से मंझनपुर चौराहे बाजार होते हुए वापस श्री राम जानकी मंदिर पर समाप्त हुई। इसी तरह नारा में आयोजित श्री राम जी की शोभायात्रा पूरे गांव में भूमि और अंततः प्राचीन शिव मंदिर में समाप्त हुई। मूरतगंज व अंबावाँ पश्चिम में भी भव्य शोभायात्रा निकालकर पूजा पाठ किया गया। चल कस्बे में विश्व हिंदू परिषद के तत्वाधान में कार्यकर्ता राजू पासी के द्वारा भव्य भंडारे का आयोजन किया गया जिसमें हजारों की संख्या में भक्त जनों ने प्रसाद ग्रहण किया।

## श्री राम जी के प्राण प्रतिष्ठा के प्रथम वर्षगांठ पर भव्य शोभायात्रा के साथ प्रसाद वितरण



**तिल्हापुर कौशांबी।** तिल्हापुर मोड़ में श्री राम जी के प्राण प्रतिष्ठा के प्रथम वर्षगांठ पर भव्य शोभा यात्रा निकाली गई शोभा यात्रा को पूरे क्षेत्र में घुमाया गया शोभायात्रा में हजारों लोग शामिल हुए उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल तिल्हापुर मोड़ के संरक्षक सुरेंद्र केसरवानी के द्वारा भगवान श्री राम मंदिर निर्माण में प्राण प्रतिष्ठा के प्रथम वार्षिक उत्सव का प्रसाद वितरण किया गया इस मौके पर सभी व्यापारी मौजूद रहे भक्तों ने श्री राम जी की पूजा अर्चना की तथा आशीर्वाद लिया बता दे कि अयोध्या में विराजमान श्री राम जी के प्राण प्रतिष्ठा के प्रथम वर्षगांठ पर राम भक्तों ने तिल्हापुर मोड़ में भव्य शोभायात्रा निकाली शोभायात्रा में अयोध्या में विराजमान भगवान श्री राम जी के स्वरूप में शोभा यात्रा निकाली जो दर्शन मात्र से धन्य हुए ,मोड़ के लोग शोभायात्रा निकलते ही फूलों की वर्षा करते हुए दिखाई दिए राम भक्त लोगों ने जगह-जगह जलपान की व्यवस्था की इस मौके पर सुभाष चंद्र केसरवानी, मदन कुमार केसरवानी, बांके लाल यादव ,शिवम केसरवानी, मनीष कुमार केसरवानी, नितिन केसरवानी सहित सैकड़ो व्यापारी मौजूद रहे।



## श्री राम जी के प्राण प्रतिष्ठा के प्रथम वर्षगांठ पर निकाली गई भव्य शोभायात्रा

**सराय अकिल कौशांबी।** नगर पंचायत सराय अकिल कस्बे में श्री राम जी के प्राण प्रतिष्ठा के प्रथम वर्षगांठ पर शिवालय बुद्ध पुरी से भव्य शोभा यात्रा निकाली गई शोभा यात्रा पूरे कस्बे में घुमाया गया शोभायात्रा में हजारों लोग शामिल हुए सीतापुर से चलकर आए डॉक्टर आशीष श्रीवास्तव ने श्री राम जी की पूजा अर्चना की तथा आशीर्वाद लिया बता दे कि अयोध्या में विराजमान श्री राम जी के प्राण प्रतिष्ठा के प्रथम वर्षगांठ पर राम भक्तों ने सराय अकिल कस्बे में भव्य शोभायात्रा निकाली शोभायात्रा में अयोध्या में विराजमान भगवान श्री राम जी के स्वरूप में शोभा यात्रा निकाली जो दर्शन मात्र से धन्य हुए ,शोभायात्रा बुद्धपुरी शिवालय मंदिर बाबा जी की कुटी बुद्ध पुरी से नवयुवक संघ कांवरिया कमेटी के सदस्य लोगों ने मिलकर निकाली चित्तापुर आए डॉक्टर आशीष श्रीवास्तव ने श्री राम जी की पूजा अर्चना की तथा शोभा यात्रा में साथ-साथ रहे कस्बा के लोग शोभायात्रा निकलते ही फूलों की वर्षा करते हुए दिखाई दिए राम भक्त लोगों ने जगह-जगह जलपान की व्यवस्था की राजेश केसरवानी श्याम केशरवानी ने शिवालय के पास जलपान कराया वही महावीर नगर में हनुमान मंदिर के सदस्यो ने मिलकर जलपान की व्यवस्था की, गल्ला मंडी के लोगों ने मिलकर शोभायात्रा के सभी लोगों को जलपान कराया सब्जी मंडी में भगवती गंज आदर्श तिराहा पटेल चौराहा फकीराबाद चौराहा हनुमान मंदिर पावर हाउस पर जगह-जगह लोगों ने जलपान कराया शोभायात्रा शिवालय से उठकर महावीर नगर होते हुए करन चौराहा से होकर पुणे महावीर नगर से गल्ला मंडी चावल मंडी सब्जी मंडी भगवतीगंज पटेल चौराहा फकीराबाद चौराहा बड़े हनुमान जी के मंदिर पावर हाउस होकर पुनः शिवालय जहरी बाबा की कुटी पर समापन हुआ नगर पंचायत अध्यक्ष अनूप सिंह डॉक्टर आशीष श्रीवास्तव कृष्ण नारायण रस्तोगी अजय कुमार अग्रहरि पत्रकार मोतीलाल स्वर्णकार मोनू पांडे पत्रकार कृष्णा तामृकार अमित अगृहरि गौरीशंकर मोदनवाल सुनील सोनी राजेश केसरवानी दारा सुमित केसरवानी बब्बू रस्तोगी शिव बाबू केसरवानी आदि लोग शामिल रहे।

## पत्रकार के निधन व पत्रकार की मां के निधन पर शोक सभा का आयोजन

**कौशाम्बी।** जनपद मुख्यालय मंझनपुर स्थित जिलापंचायत सभागार में मंगलवार को पत्रकार के निधन व पत्रकार की मां के निधन को लेकर शोक सभा का आयोजन किया गया। जिसमें जिले भर के पत्रकार शामिल हुए। इस दौरान पत्रकारों ने दो मिनट का मौन रख ईश्वर से मृतक आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना किए। इस दौरान शोक सभा की अध्यक्षता न्यू प्रेस क्लब अध्यक्ष ने किया। इस दौरान शोक सभा में प्रेस क्लब व इलेक्ट्रानिक मीडिया तथा भारतीय राष्ट्रीय पत्रकार महासंघ उपजा न्यूज रिपोर्ट क्लब भारतीय पत्रकार संघ आदि संगठन के अध्यक्ष व पदाधिकारी तथा सदस्य शामिल हुए। जनपद मुख्यालय के वरिष्ठ पत्रकार व न्यू प्रेस क्लब के उपध्यक्ष सतीश नामदेव का सोमवार को आकस्मिक निधन हो गया है। जिसे लेकर मंगलवार को जिलापंचायत सभागार में शोकसभा का आयोजन किया गया। जिसमें जिले के पत्राकारों के विभिन्न संगठनों के पदाधिकारी व कार्यकर्ता शामिल हुए। इस दौरान मृतक की आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन रख कर शोक व्यक्त किया गया। इस दौरान न्यू प्रेस क्लब अध्यक्ष बिमलेश शुक्ल ने कहा कि सतीश नामदेव अच्छे पत्रकारों में थे, उनके आकस्मिक निधन से पत्रकार समाज में अपूर्ण क्षति हुई है। सतीश नामदेव ने विभिन्न संस्थानों में काम किए है, वह लगभग 20 वर्ष से पत्रकारिता कर रहे है। इस दौरान प्रेस क्लब अध्यक्ष बृजेश गौतम ने कहा कि सतीश नामदेव पत्रकार के निधन से सभी पत्रकारों में शोक की लहर दौड गई है। उन्होने कहा कि इस समय पत्रकारों के ऊपर कहर बरप रहा है। एक माह में कई पत्रकारों के साथ घटनाएं हो चुकी है, उन्होने कहा कि पत्रकार साथी अजय की मां का निधन हो गया है। इस दौरान इलेक्ट्रानिक मीडिया के अध्यक्ष अली मुक्तदा ने कहा कि पत्रकार सतीश नामदेव के निधन से पत्रकार समाज ने अच्छा पत्रकार खो दिया है। इस दौरान पूर्व अध्यक्ष अशोक विश्वकर्मा ने कहा कि सतीश नामदेव के निधन से सभी पत्रकारों में शोक की लहर है, सतीश नामदेव पत्रकारिता से ही अपना व परिवार का भरण पोषण करते थे, सभी पत्रकार एकजुट होकर मृतक सतीश नामदेव के परिवार की जिस प्रकार से सहयोग कर सकते है, अवश्य सहयोग करे। इस मौके पर पूर्व अध्यक्ष योगेन्द्र सिंह, अशोक केशरवानी,सुशील मिश्रा बबलू राकेश केशरवानी राकेश सोनकर संजीत कुमार उर्पष्ठ रिंक सिंह, ध्यान सिंह, अमीत शुक्ल, पवन मिश्र महेन्द्र शुक्ल, रवीन्द्र अग्रहरि, मथुरा प्रसाद, धारा यादव, संजय मिश्र, करन सिंह यादव, इंतजार रिजवरी, अखिलेश गौतम, अनिरूद्ध पाण्डेय, अलोक यादव, नवसेब अहमद, नावेद, पैष्ठज, प्रसिद्ध मिश्र, जिया रिजयी, मेराज मंसूर, विपुल तित्रारी सुधरी कश्यप, विवेक मिश्र, श्रवण तिवारी, अरविंद राणा आशीष पाण्डेय, डब्बू सिंह आदि लोग मौजूद रहे।

# आईजीआरएस शिकायत का स्वयं मौके पर पहुंचकर डीएम ने किया मौका मुआयना

**जिलाधिकारी ने ग्राम-बिछौरा में जनकल्याणकारी योजनाओं यथा-प्रधानमंत्री आवास, पेयजल आपूर्ति तथा जीरो पॉवर्टी परिवारों का सर्वे सम्बन्धी योजनाओं का भौतिक निरीक्षण कर लिया जायजा**

अखंड भारत संदेश



**कौशाम्बी।** जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी द्वारा आज तहसील सिराथू के ग्राम-बिछौरा में जनकल्याणकारी योजनाओं यथा-प्रधानमंत्री आवास, पेयजल आपूर्ति तथा जीरो पॉवर्टी परिवारों का सर्वे किये जाने विषयक योजनाओं का भौतिक निरीक्षण कर जानकारी प्राप्त की गई। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने ग्रामसभा में बने प्रधानमंत्री आवासों का जायजा लिया, इस दौरान ग्राम में लगभग 06 प्रधानमंत्री आवास प्राप्त हुए, जिनके लाभार्थियों द्वारा आवास निर्माण कार्य पूर्ण करा लिया गया है। इसी प्रकार जिलाधिकारी ने स्वच्छ पेयजल आपूर्ति के लिए बनाई गयी पानी टंकी का भौतिक निरीक्षण किया। पानी की टंकी सुचारू रूप से क्रियाशील पायी गयी, जिससे ग्रामवासियों को सुबह-शाम पेयजल की आपूर्ति की जा रही है। उन्होंने वहॉ पर जीरो पॉवर्टी के परिवारों का सर्वे कराये जाने से सम्बन्धित योजना का भी भौतिक निरीक्षण किया, जिसमें 25 परिवारों के लक्ष्य के सापेक्ष 18 परिवारों का सर्वे पूर्ण करा लिया गया है, शेष लाभार्थियों को जल्द से जल्द सर्वे कराकर उनको योजना के लाभ से लाभान्वित कराये जाने के निर्देश सम्बन्धित को दिये। तत्पश्चात जिलाधिकारी ने आईजीआरएस संदर्भ संख्या-20017424014998 शिकायतकर्ता हेमंत कुमार पुत्र गोवर्धन पासी निवासी ग्राम-बडनपुर कादीपुर इचौली परगना कड़ा तहसील सिराथू जनपद कौशाम्बी द्वारा प्राप्त शिकायत का निस्तारण दिनांक 29 नवम्बर 2024 को उप जिलाधिकारी सिराथू द्वारा करवाया गया था, का मौके पर स्वयं जाकर भौतिक सत्यापन किया, जिसका निस्तारण सही पाया गया।इस अवसर पर उप जिलाधिकारी सिराथू सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## न्यूज झरोखा

### दवा लेकर आ रहे क्लीनिक संचालक की अचानक खून की उल्टियां होने से मौत



**कोखराज कौशाम्बी** कोखराज थाना क्षेत्र के महेशपुर गांव में क्लीनिक चलाने वाले एक डॉक्टर को अचानक उल्टियां होने से मौत हो गई है मौत होते ही परिवार में कोहराम मच गया है। जानकारी के मुताबिक कामता प्रसाद उम्र 25 वर्ष पुत्र घुरई निवासी ग्राम मुगोरा थाना करारी बीते कई वर्षों से कोखराज थाना क्षेत्र के महेशपुर ग्राम में एक क्लीनिक संचालित कर मरीजों का इलाज करता था ग्रामीणों ने बताया कि भरवारी से दवा लेकर वह अपनी क्लीनिक महेशपुर जा रहे थे डीडीआर स्कूल के रास्ते में नगर पालिका ऑफिस के पास बाइक से उतरते ही उसे खून की उल्टिया होने लगी तमाम ग्रामीणों के पहुँचने पर वह गिर पड़ा जिस पर ग्रामीणों ने पुलिस को सूचना दी कोखराज पुलिस ने एम्बुलेंस की मदद से उसे अस्पताल भेजा लेकिन रास्ते मे ही उसने दम तोड़ दिया पुलिस ने मृतक के परिजनों को सूचना दिया जिससे घर वालों में मौत की खबर से कोहराम मच गया पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेज दिया है।

### स्काउट गाइड को माला पहनकर डायमंड जुबली जंबूरी तमिलनाडु के लिए डीआईओएस ने किया रवाना



**कौशाम्बी।** भारत स्काउट और गाइड जनपद कौशांबी से प्रादेशिक मुख्यालय के आवंटित कोटे से डायमंड जुबली जंबूरी मनप्पराई त्रिचि तमिलनाडु के लिए प्रयागराज मंडल से चयनित कंटिजेंट लीडर श्याम बाबू यादव जिला संगठन कमिश्नर स्काउट व जनपद से चयनित 02 स्काउट अनूप कुमार, विवेक कुमार धर्मा देवी इंटर कॉलेज केन कनवार और 02 गाइड शिखा शर्मा, रूबी देवी श्री दुर्गा देवी इंटर कॉलेज ओसा मंझनपुर कौशांबी को जिला मुख्यायुक्त स्काउट गाइड जिला विद्यालय निरीक्षक डॉ सच्चिदानंद यादव ने कार्यालय जिला विद्यालय निरीक्षक से डायमंड जुबली जंबूरी में प्रतिभा करने वाले उपरोक्त सभी को माला पहनकर शुभकामनाएं दिया और डायमंड जुबली जंबूरी तमिलनाडु के लिए रवाना किया साथ ही साथ जिला आयुक्त स्काउट चुन्नीलाल सरोज, प्रधानाचार्य धर्मा देवी इंटर कॉलेज डॉ.रामकरण त्रिपाठी, जिला खेल सचिव माध्यमिक श्याम लाल, जिला पूर्व खेल सचिव चंद्रभूषण पांडे, स्काउट मास्टर ललित कुमार ने आशीर्वाद व शुभकामनाएं दिए।

### प्रयागराज कुम्भ मेला आने जाने वाले वाहनों की कोखराज पुलिस ने की चेकिंग



**कोखराज कौशाम्बी।** महाकुम्भ 2025 के दृष्टिगत जनपद में शांति एवं कानून व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने हेतु रढ कौशाम्बी के निर्देशन में थाना कोखराज पुलिस बल द्वारा थाना क्षेत्र में पैदल गस्त की गई तथा आमजनमानस को भयमुक्त माहौल के लिए आश्वस्त किया गया। कोखराज क्षेत्र के हाइवे सकाढा तिराहे पर एसओ कोखराज चन्द्र भूषण मौर्य ने अपनी पुलिस टीम के साथ प्रयागराज कुम्भ मेला में आने जाने वाले वाहनों की चेकिंग किया और संदिग्ध लोगों के ड्राइविंग लाइसेंस की भी जाँच पड़ताल किया। महाकुम्भ-2025 के आयोजन को सकुशल सम्पन्न कराने एवं सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिगत कोखराज पुलिस द्वारा पैरामिलिट्री फोर्स के साथ संदिग्ध व्यक्तियों वाहनों की मोर्चा बनाकर व बैरियर लगाकर सघन चेकिंग की गयी है।इस मौके पर उप निरीक्षक सन्तोष कुमार,हरीश तिवारी, दीपक आदि पुलिस टीम मौजूद रही।

### आईजीआरएस की 3 शिकायतों का स्वयं मौके पर पहुँचकर एडीएम ने किया मौका मुआयना

**कौशाम्बी।** अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) प्रबुद्ध सिंह द्वारा आई०जी०आर०एस० संदर्भ सं0 40017424024376 आवेदिका बच्ची देवी पत्नी लालता प्रसाद तिवारी निवासिनी भड़ेसर तहसील सिराथू एवं आई०जी०आर० संदर्भ संख्या 20017424016124 व 20017424016518 आवेदिका रामरती पत्नी स्व. रामचन्द्र निवासिनी ग्राम घना का पूरा मजरा भडेसर के निस्तारणों का भौतिक सत्यापन किया गया, जो कि सही पाया गया।

### लोकसभा निर्वाचन में प्रयुक्त वाहनों के स्वामी लॉगबुक अवमुक्त प्रमाण-पत्र निर्वाचन कार्यालय में 02 फरवरी तक करायें उपलब्ध

**कौशाम्बी।** उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 में दिनांक 18-05-2024 से 20-05-2024 तक की अवधि के लिए जनपद के तीनों विधानसभाओं के पोलिंग पार्टियों को भेजने/वापसी के लिए अधिग्रहीत किये गये निजी भारी वाहनों (बसो) के वाहन स्वामियों को सूचित किया है कि, जिनकी बसों के किराये-भाड़े का भुगतान अभी तक नहीं हो पाया है, उनके बैंक खाते में ई-पेमेन्ट के माध्यम से भुगतान किये जाने के लिए प्रयुक्त वाहन से सम्बन्धित लॉगबुक/अवमुक्त प्रमाण-पत्र एवं आर०सी० तथा बैंक पासबुक की छायाप्रति जिला निर्वाचन कार्यालय कौशाम्बी में दिनांक 02-02-2025 तक भिजवाने का कष्ट करें, जिससे उनके किराये भाड़े का भुगतान किया जा सके।

# 1115 निराश्रितों को नगर पालिका ने वितरित किया ऊनी कम्बल



**कौशाम्बी** नगर पालिका परिषद मंझनपुर में 22 जनवरी को निकाय के 25 वार्डो में शीत लहर एवं ठंड से बचाव हेतु निराश्रित एवं असहाय, वृद्धा, विधवा, दिव्यांग महिला/ पुरूष नागरिकों को ऊनी कम्बल वितरण करने हेतु वार्डवार/मोहल्लो में कैम्प/चौपाल लगाकर पात्र लाभार्थियों को चयनित कराते हुए अध्यक्ष की अध्यक्षता में तथा भारतीय जनता पार्टी के मुख्य अतिथि जिला अध्यक्ष धर्मराज मौर्य, मण्डल अध्यक्ष महेश लोधी, व्यापार मण्डल के जिला अध्यक्ष प्रवेश केसरवानी व बीरेन्द्र केशरी तथा निकाय के निर्वाचित सदस्यगणों की उपस्थिति में वार्ड नम्बर-08, महात्मा गाँधी नगर (चक नगर द्वितीय) व वार्ड नम्बर-09, ऊधोश्याम नगर (नया नगर द्वितीय, मोइयनपुर) तथा वार्ड नम्बर-13, अटल बिहारी वाजपेयी नगर (समदा चौराहा, छोकरियन का पुरवा, रामपुर बसोहरा) एवं पूर्व में वितरण किये गये वार्डो के अवशेष बचे हुए पात्र लाभार्थियों एवं नागरिकगणों को धर्मराज मौर्य जिला अध्यक्ष, अध्यक्ष बीरेन्द्र कुमार (फौजी), महेश लोधी मण्डल अध्यक्ष, विजय तिवारी अध्यक्ष प्रतिनिधि, ओमकार पटेल (अवर अभियन्ता), संजय कुमार गुप्ता (लिपिक) जीतेन्द्र साहु, रामयश लोधी, हरिशचन्द्र पाल, राजू सिंह, निरंजन चौधरी, अजय कुमार, नत्थू लाल, सीमा चौरसिया सभासद व प्रतिनिधि झल्लर चौरसिया, तथा भारत गौतम, मान सिंह, आर्यवीर, दुर्गा प्रसाद सभासद प्रतिनिधि, तथा निकाय दीपक पाण्डेय, गुलाम शाबिर, संजीव कुमार, शिवम् सिंह, मयंक केशरवानी, विजय पाण्डेय, दिनेश सिंह, अर्जून सिंह, आजाद, साजन, रोहित गौतम के अन्य कर्मचारी उपस्थित थे। इस शीत लहर में निराश्रित एवं असहाय नागरिक को आज कुल 1115 ऊनी कम्बल जैसे ही प्राप्त हुआ उनके चेहरे पर मुस्कान/खुशी के साथ मुख्यमंत्री योगी आदित्य नाथ व उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य तथा नगर विकास मंत्री ए0के0 शर्मा एवं नगर पालिका परिषद मंझनपुर के अध्यक्ष बीरेन्द्र कुमार (फौजी) का जय जय कार का गुणगान सभी लाभान्वित नागरिक के द्वारा किया गया है।

## 24 जनवरी को होगा आयुर्वेदिक चिकित्सालय में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन

**कौशांबी।** दिनांक 24 जनवरी दिन शुक्रवार को क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी कौशांबी के निर्देशानुसार मंझनपुर भेलखा स्थित राजकीय आयुर्वेदिक चिकित्सालय में सुबह 10 बजे से 3 बजे तक निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन होगा। इस दौरान शिविर में बवासीर, भगंदर फीशर, गठिया, बाई, जोड़ो का दर्द, सियाटिका, चर्म रोग, श्वास रोग, उदर रोग, शुगर रोग सहित आदि रोगों का इलाज, परामर्श एवं औषधि वितरण का आयोजन होगा। उपरोक्त रोगों से ग्रसित लोग असुविधा से बचने के लिए सर्वप्रथम आधार कार्ड के साथ चिकित्सालय जाकर पहले से अपना रजिस्ट्रेशन अवश्य करा लें। चिकित्सा शिविर में चिकित्सक डा. बीएम त्रिपाठी प्रभारी चिकित्साधिकारी राजकीय आयु. चिकित्सालय पश्चिम शरीरा, डा. राकेश कुमार पाण्डेय प्रभारी चिकित्साधिकारी राजकीय आयु. चिकित्सालय मंझनपुर डा० ज्ञानेश्वर सिंह, प्रभारी चिकित्साधिकारी राजकीय आयुर्वेदिक चिकित्सालय कौशाम्बी मौजूद रहेंगे।

## 27 जनसेवा केंद्रों की आईडी निरस्त करने के निर्देश

**कौशाम्बी।** भारत सरकार द्वारा जारी दिशा निदेर्शानुसार किसानों को अधिक से अधिक योजनाओं को लाभ पहुंचाने और योजनाओं से किसानों को जोड़ने के लिए फार्मर रजिस्ट्री रजिस्ट्रेशन योजना संचालित की गई है। जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी द्वारा दिये गये निर्देश के क्रम में समस्त ग्राम पंचायतों में स्थापित समस्त जनसेवा केन्द्रों से कृषकां का फार्मर रजिस्ट्री रजिस्ट्रेशन का कार्य अभियान चलाकर कराया जा रहा हैं। इस अभियान में सभी जनसेवा केन्द्र संचालको द्वारा आवश्यक सहयोग करते हुए अधिक से अधिक कृषकों का रजिस्ट्रेशन किया जाना है। दिये गये निदेर्शों के बावजूद जनसेवा केन्द्र संचालको द्वारा अपने ग्राम पंचायतों से सम्बन्धित कृषको का पंजीकरण में लापरवाही बरती जा रही है, जिसके कारण जनपद की प्रगति में वृद्धि नहीं हो पा रही है। जिस पर जिलाधिकारी ने कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए 27 सीएससी सेंटरों जिंसमें-अभिमन्यु सिंह बिदनपुर आमद कारारी, विनोद कुमार दनियालपुर, राज बाबू चायल, विपिन कुमार भदवां, मो0 गुलाम वारिस कसिया, शहजाद निजाममई, अनीस कुमार जरैनी, अमित त्रिपाठी पट्टी परवेजाबाद, अजय साहू गौरा, सतीश यादव सैवठा, महेन्द्र कुमार भदवा, धीरेन्द्र प्रताप सिंह पुनवार, अमित कुमार तैयबापुर मंगौरा, मो0 हसन पंडीरी, राजेश अग्रहरि बउली, आनन्द राज मिश्रा जाठी, मनीष केसरवानी पूरब शरीरा, सोनू कुमार कादिराबाद, अरविन्द कुमार रसूलपुर बड़गांव, सोमनाथ शुक्ला मंझनपुर, सेजी अहमद त्रिलोकपुर, सोनू कुमार सिराथू, अंजनी कुमार पाण्डेय हिसामपुर परसखी, रामू निजामपुर नौगीरा, मो0 अमन घोइसा, अनीस कुमार जरैनी एवं आकांक्षा कुमारी चायल की आई0डी0 निरस्त करने के निर्देश दियें।

### व्यापारियों की समस्याओं को एएसपी ने सुना

**कौशांबी।** पुलिस कार्यालय स्थित दुर्गा भाभी सभागार में अपर पुलिस अधीक्षक कौशाम्बी द्वारा जनपद के व्यापारी बन्धुओं के साथ बैठक कर उनकी समस्याओं को सुना गया तथा व्यापारियों को समुचित सुरक्षा व सहयोग का भरोसा दिलाया गया।

### एसपी ने फरियादियों की समस्याओं को सुना

**कौशाम्बी।** पुलिस अधीक्षक बृजेश श्रीवास्तव द्वारा पुलिस कार्यालय में जनसुनवाई की गयी। इस दौरान पुलिस कार्यालय में आने वाले फरियादियों की समस्याओं को सुना गया तथा उनकी समस्याओं के समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु संबन्धित को आवश्यक आदेश-निर्देश दिए गए।

## प्राण घातक हमले के तीन दोषियों को पांच पांच वर्ष की कठोर कारावास की सजा

**कौशांबी।** सराय अकिल थाना में 12 वर्षों पहले दर्ज मुकदमा अपराध संख्या 224 सन 2012 के मुकदमे की सुनवाई करते हुए अदालत में प्राण घातक हमले के तीन आरोपियों को पांच-पांच वर्ष के कठोर कारावास की सजा सुनाई है और अभियुक्त पर छह 6000 का अर्थ दंड अदालत ने लगाया है। 12 वर्षों पहले तीनों अभियुक्तों ने प्राण घातक हमला किया था जिसका मुकदमा सराय अकिल थाने में दर्ज हुआ था विवेचक ने आरोपियों के विरुद्ध चार्ज सीट अदालत में दाखिल किया बचाव पक्ष के वकील ने अभियुक्तों को बेगुनाह बताते हुए बरी करने की फरियाद की सरकारी वकील डीजीसी क्रिमनल सोमेश्वर तिवारी ने अभियुक्त को कठोर से कठोर दंड दिए जाने की गुजारिश की मुकदमे की सुनवाई के दौरान अदालत में प्राण घातक हमले के आरोपी मोहम्मद मेहसर वा सुजात अली वा परवेज निवासी रानीपुर रसूलपुर सुकवारा थाना सराय अकिल को प्राण घातक हमले का दोषी पाया और तीनों दोषियों को 5--5 वर्ष के कठोर कारावास की सजा वा छह छह हजार रुपए के अर्थदंड से दंडित किया है।

### दो सगे भाई अर्थ दंड से हुए दंडित

**कौशाम्बी** सैनी कोतवाली के गडड़ियन का पुरवा निवासी दो सगे भाई धर्मपाल पासी व राजपाल पासी पुत्र सूरज बली पासी के मुकदमे की सुनवाई के दौरान न्यायालय ने डेढ़ डेढ़ हजार रुपए के अर्थ दंड से दोनों को दंडित किया है दोनों भाइयों पर मारपीट और गाली गलौज का मुकदमा चल रहा था।

### सड़क हादसे में बाइक सवार दो युवक घायल

**कौशांबी** मंझनपुर कोतवाली के बिजलीपुर के पास बाइक सवार दो युवक सड़क हादसे में घायल हो गए हैं जानकारी मिलने पर मौके पर पहुंचे लोगों ने मामले की सूचना एंबुलेंस और पुलिस को दिया है मौके पर पहुंची एंबुलेंस ने दोनों घायलों की इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया है। जानकारी के मुताबिक कुलवंत यादव पुत्र जागेश्वर प्रसाद निवासी शिवपुर गढ़ी वा अंकित पटेल पुत्र सुखलाल निवासी दुगार्पुर बुधवार की सुबह बिजलीपुर के पास सड़क हादसे में घायल हो गए हैं घायलों को इलाज के लिए एंबुलेंस 108 ने अस्पताल पहुंचाया है जहां दोनों का इलाज चल रहा है।

# प्राथमिक विद्यालय एवं उच्च प्राथमिक विद्यालय अरई सुमेरपुर का डीएम ने किया निरीक्षण

**जिलाधिकारी ने सहायक अध्यापिका की सेवा समाप्त करने एवं शिक्षामित्र का एक दिन का वेतन अवरूद्ध करने के दियें निर्देश**



**कौशाम्बी।** जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी द्वारा आज विकास खण्ड मूरतगंज के प्राथमिक विद्यालय एवं उच्च प्राथमिक विद्यालय अरई सुमेरपुर का आकस्मिक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का लिया जायजा। प्राथमिक विद्यालय अरई सुमेरपुर के निरीक्षण के दौरान विद्यालय में कार्यरत कुल 06 शिक्षक/शिक्षिकाओं के सापेक्ष प्रधानाध्यापक श्री सत्य नारायण यादव, स.अ. श्रीमती निकिता केसरवानी, स.अ. श्रीमती रितिका सिंह, स.अ. श्री राम करण एवं स.अ. श्री आमिर उबैद सहित 05 शिक्षक/शिक्षिकाएं उपस्थित पायी गयीं। श्रीमती मालती कुशवाहा (शिक्षामित्र) बिना सूचना के अनुपस्थित पायी गयीं। निरीक्षण के समय विद्यालय में एमडीएम मीनू के अनुसार बनाने की तैयारी की जा रही थी। विद्यालय में कुल नामांकन 255 के सापेक्ष 65 छात्र उपस्थित पाये गये। छात्रों की उपस्थिति कम पाये जाने पर जिलाधिकारी ने नाराजगी व्यक्त करते हुए छात्रों की उपस्थिति बढ़ाने एवं विद्यालय परिसर में साफ-सफाई की व्यवस्था सुनिश्चित कराये जाने के निर्देश प्रधानाध्यापक को दियें। उन्होंने अनुपस्थित शिक्षामित्र का निरीक्षण तिथि का मानदेय अवरूद्ध करने के निर्देश जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को दियें। उच्च प्राथमिक विद्यालय अरई सुमेरपुर के निरीक्षण के दौरान विद्यालय में कार्यरत कुल 03 शिक्षक/शिक्षिकाओं के सापेक्ष प्रधानाध्यापिका श्रीमती सुचिता कुशवाहा एवं स0अ0 श्री नरेश कुमार सहित 02 शिक्षक/शिक्षिकाएं उपस्थित पायी गयीं। सहायक अध्यापिका श्रीमती अलका बिना किसी सूचना के दिनांक 22.07.2024 से लगातार अनुपस्थित चलने के कारण जिलाधिकारी ने सहायक अध्यापिका की सेवा समाप्त करने के निर्देश जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को दियें। निरीक्षण के समय विद्यालय में एम0डी0एम0 मीनू के अनुसार बनाने की तैयारी की जा रही थी। विद्यालय में कुल नामांकन 155 के सापेक्ष 55 छात्र उपस्थित पाये गये। विद्यालय में छात्रों की उपस्थिति कम पाये जाने पर जिलाधिकारी ने नाराजगी व्यक्त करते हुए छात्रों की उपस्थिति बढ़ाने जाने एवं विद्यालय परिसर में साफ-सफाई कराये जाने के निर्देश प्रधानाध्यापिका को दियें।

## सम्पादकीय

# एमएसपी और आठवां वेतन आयोग

**पिछले** 55 दिनों से आमरण अनशन पर बैठे किसान नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल आखिरकार चिकित्सा सहायता लेने के लिए राजी हो गए हैं। श्री डल्लेवाल ने यह मंजूरी तब दी जब केंद्र सरकार ने जानकारी दी कि आगामी 14 फरवरी को चंडीगढ़ में किसानों से वह बातचीत करेगी। हालांकि जगजीत सिंह डल्लेवाल अब भी इस बात पर अडिग हैं कि वह मांगें पूरी होने तक अन्न ग्रहण नहीं करेंगे। पिछले 11 महीनों से आंदोलन पर बैठे संयुक्त किसान मोर्चा (गैर-राजनीतिक) और किसान मजदूर मोर्चा के प्रतिनिधियों से केंद्रीय कृषि मंत्रालय के संयुक्त सचिव प्रिय रंजन के नेतृत्व में एक प्रतिनिधि मंडल ने मुलाकात की। बैठक के ऐलान के बाद किसान नेताओं ने डल्लेवाल से अनुरोध किया कि वे चिकित्सा सहायता लें ताकि वे इस प्रस्तावित बैठक में हिस्सा ले सकें। श्री डल्लेवाल का स्वास्थ्य लगातार बिगड़ता जा रहा है और इस पर अदालत भी चिंता जतला चुकी है, लेकिन सरकार इस बारे में सही में कितनी फिक्रमंद है, यह विचारणीय है। पिछले साल 13 फरवरी से शंभू और खनौरी सीमा पर आंदोलनकारी किसान डेरा डाले हुए हैं, क्योंकि सुरक्षा बलों ने उन्हें अपनी फसलों के लिए कानूनी एमएसपी गारंटी सहित विभिन्न मांगों को लेकर दिल्ली तक मार्च करने की अनुमति नहीं दी थी। पिछले साल 8, 12, 15 और 18 फरवरी को केंद्रीय मंत्रियों और प्रदर्शनकारी किसानों के बीच चार दौर की बैठकें हुई थीं, जो बेनतीजा रही थी। अब एक लंबे अंतराल के बाद फिर से किसानों के साथ बैठक प्रस्तावित हुई है, जिसका क्या नतीजा निकलेगा इस बारे में कुछ भी कहना कठिन है।

पिछले अनुभव तो यही बताते हैं कि सरकार हद दर्जे की हठधर्मिता दिखाती है। वह हर हाल में किसानों को मजबूर और लाचार बनाकर झुकाना चाहती है। इससे पहले जब 2020-21 में किसानों ने ऐसा ही लंबा आंदोलन किया था, तो आखिर में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने यह कहकर तीनों कृषि कानून वापस लिए थे कि मेरी तपस्या में कोई कमी रह गई, जो मैं समझा नहीं पाया। यानी यहां भी सरकार ने अपनी गलती नहीं मानी, केवल यह स्वीकार किया था कि किसान कृषि कानूनों की उपयोगिता नहीं समझ सके। किसान तब कृषि कानूनों को वापस लेने के साथ ही न्यूनतम समर्थन मूल्य अपनी फसलों के लिए मांग रहे थे, अब भी उनकी मांग वही है। लेकिन सरकार के तर्क भी वही हैं कि इससे सरकारी कोष पर भार बढ़ेगा। आश्चर्य यह है कि जब सरकार आठवां वेतन आयोग के गठन की मंजूरी देती है, तब उसे इस वित्तीय भार की चिंता नहीं होती।

गौरतलब है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इसी गुरुवार को केंद्रीय कर्मचारियों के वेतन और पेंशनभोगियों के भत्तों में संशोधन के लिए आठवें वेतन आयोग के गठन को मंजूरी दी है। सरकार के इस फैसले से लगभग 50 लाख केन्द्रीय कर्मियों को लाभ होगा, साथ ही लगभग 65 लाख पेंशनधारकों की पेंशन में भी बढ़ोतरी होगी। अकेले दिल्ली में ही लगभग चार लाख कर्मचारियों को लाभ होगा, इनमें रक्षा और दिल्ली सरकार के कर्मचारी शामिल हैं।

# ट्रम्प शासन के शुरूआती दौर में भारतीय रुपये में गिरावट का खतरा वास्तविक

**- अंजन रॉय**

**जहां तक** भारतीय विदेशी मुद्रा बाजार का सवाल है, दरें लगभग सीधे तौर पर व्यवहार से जुड़ी हुई हैं। विदेशी संस्थागत निवेशकों के लिए यह एक बड़ी चुनौती है। अगर विदेशी पोर्टफोलियो निवेशक (एफपीआई) घरेलू बाजार में बिकवाली करते हैं और फिर अपने फंड निकाल लेते हैं, तो रुपया दबाव में आ जाता है। भारतीय रिजर्व बैंक बुलेटिन के ताजा अंक में प्रकाशित एक पेपर में इस बारे में लिखा है।

अमेरिकी डॉलर के मुकाबले भारतीय रुपये की विनिमय दर में हाल ही में हुई अस्थिरता ने इस बात पर बहस को जन्म दिया है कि केंद्रीय बैंक को राष्ट्रीय मुद्रा के प्रगतिशील अवमूल्यन की स्थिति पर कैसे प्रतिक्रिया देनी चाहिए। कुछ टिप्पणीकारों और रिपोर्टों के अनुसार, रुपया कुछ ही समय में 90 डॉलर के स्तर पर पहुंच सकता है।

भारत के अग्रणी बैंक, भारतीय स्टेट बैंक ने रुपये-डॉलर की दरों में मौजूदा उतार-चढ़ाव को 'ट्रम्प टैंट्रम्स' के रूप में वर्णित किया है, जो कि अमेरिकी फेडरल रिजर्व के अपने शानदार अध्यक्ष, बेनबर्नानके के तहत नीति सुधार चरण के दौरान पहले जो हुआ था, उसके संदर्भ में है।

बर्नानके प्रभावशाली अर्थशास्त्रियों में से एक थे और 1930 के दशक की महामंदी पर उनके काम ने उन्हें 2008 के वैश्विक वित्तीय मंदी के बाद की स्थिति को संभालने के लिए एक विशेष उपकरण प्रदान किया। ऐसी स्थिति का सामना करते हुए जिसमें केंद्रीय बैंकर अर्थव्यवस्था के व्यवहार को प्रभावित करने के लिए ब्याज दर भिन्नता जैसे मौद्रिक नीति साधनों का उपयोग करने में असमर्थ थे, प्रमुख केंद्रीय बैंकरों ने 'मात्रात्मक सहजता' (क्यूई) के रूप में जाना जाने वाला उपाय शुरू किया था। इसमें वित्तीय परिसंपत्तियों की खरीद करके सिस्टम में अधिक तरलता जारी करना और इस प्रकार नये फंड डालना शामिल था। स्थिति स्थिर होने के बाद, क्यूई जारी रहा और फिर वह समय आया जब इन्हें रोकना पड़ा-अर्थात्नीति उलटने का जमाना आया। बर्नानके ने अमेरिकी फेडरल रिजर्व की ओर से इस प्रक्रिया की शुरूआत की थी, जिसके कारण 2012-13 में वैश्विक वित्तीय उथल-पुथल मच गयी थी।

तब जो हुआ था, वह यह था कि नीतिगत रुख के उलट होने से उभरते बाजार अर्थव्यवस्थाओं (ईएमई) से धन का पलायन हुआ और वापस अमेरिका में आ गया। परिणामस्वरूप, ईएमई की मुद्राओं में एक तरह की गिरावट आई और विनिमय स्थिरता ने ईएमई को गंभीर रूप से प्रभावित किया। सबसे अधिक प्रभावित लोगों को एक नाम भी दिया गया था, फ्रैंजाइल फाइव। वित्त विशेषज्ञों के बीच उस चरण को टेपरटैंट्रम के रूप में जाना जाता था, क्योंकि अमेरिकी फेडरल रिजर्व प्रणाली द्वारा बॉन्ड खरीद को कम किया गया था।

नये अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प द्वारा आर्थिक कार्रवाइयों की एक श्रृंखला का सुझाव देने के साथ, वित्तीय बाजारों द्वारा एक समान अस्थिरता प्रकट की जा रही है। यह स्पष्ट और स्पष्ट रूप से घबराहट है। डोनाल्ड ट्रम्प उन देशों पर टैरिफ लगाने की धमकी दे रहे हैं, जिनके निर्यात बाजार अमेरिका में हैं। इस प्रकार, ट्रम्प कह रहे हैं कि वे केनडा, मैक्सिको और सबसे बढ़कर, चीन पर उनके उत्पादों पर टैरिफ लगायेंगे जो अमेरिकी बाजार में प्रवेश करते हैं। ट्रम्प ने भारत को भी नहीं बख्शा है। उन्होंने अक्सर भारत को टैरिफ किंग के रूप में वर्णित किया है, यह इंगित करते हुए कि भारत अक्सर संयुक्त राज्य अमेरिका से आयात पर टैरिफ लगाता है।

ट्रम्प टैरिफ का उद्देश्य बाहर से आयात को सीमित करना है। संयुक्त राज्य अमेरिका में एक रूढ़िवादी निरंकुश शासन स्पष्ट रूप से आयात को प्रतिबंधित करेगा और इसके बजाय अमेरिकी मांगों को बाहर से आयात



करने के बजाय घरेलू उत्पादित वस्तुओं पर निर्देशित करेगा। उम्मीद है कि इससे ट्रम्प के समर्थकों और उनके अनुयायियों द्वारा घोषित और प्राप्त की गयी तथाकथित मेक अमेरिका ग्रेट अगेन (मगा)कार्य योजना - अमेरिका को फिर से महान बनाओ- को बहाल या हासिल किया जा सकेगा।

हालांकि, अमेरिका और उसके व्यापार भागीदारों में जमीनी स्तर की आर्थिक स्थिति को देखते हुए, आयात को प्रतिबंधित करने वाले टैरिफ अमेरिका के अंदर आपूर्ति दबाव पैदा करेंगे। जैसा कि अर्थशास्त्र के जाने-माने प्रोफेसरों में से एक बैरी आइचेन ग्रीन ने तर्क दिया है, संयुक्त राज्य अमेरिका के भीतर विनिर्माण की कठोरता के कारण, अमेरिकी उपभोक्ताओं को घरेलू कमी को दूर करने के लिए आयातित वस्तुओं की ओर रुख करना होगा। ऐसा होने के लिए, विदेशी उत्पादों को खरीदना अभी भी सस्ता बनाने के लिए अमेरिकी डॉलर को मजबूत करना होगा।

इस प्रकार, ऐसा प्रतीत होता है कि अल्पावधि में, अमेरिकी डॉलर में वृद्धि के लिए भारी दबाव आयेगा। व्यापारिक साझेदारों को अपनी अर्थव्यवस्थाओं को स्थिर करने में अधिक चुनौतियों का सामना करना पड़ेगा। पहले से ही, कई प्रतिस्पर्धी मुद्राएं, और सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि चीनी मुद्रा ने डॉलर के मुकाबले निचले स्तर दिखाये हैं। ट्रम्प के राष्ट्रपति बनने के साथ अमेरिका की नयी वास्तविकताओं के लिए इस तरह के वैश्विक समायोजन की स्थिति में, भारतीय वित्तीय क्षेत्र को नई वास्तविकताओं के मद्देनजर समायोजित करने के लिए बहुत सतर्क दृष्टिकोण अपनाना समझदारी होगी।

नयी वास्तविकताएं और रुझान क्या हैं जिनके खिलाफ भारतीय केंद्रीय बैंक को निकट भविष्य के लिए अपनी नीतियां बनानी चाहिए? सबसे पहले, बाजार की ताकतों के खिलाफ मुद्रा की विनिमय दर को वास्तव में नियंत्रित करना लगभग असंभव है। क्या होता है जब केंद्रीय बैंक दरों को स्थिर करने के लिए बाजार में हस्तक्षेप करने के लिए भारी मात्रा में धन खर्च करते हैं। हस्तक्षेप समाप्त होने के तुरंत बाद मुद्राओं पर हमले फिर से शुरू हो जाते हैं। ऐसा बार-बार हुआ है। दूसरे, मुद्रा दरें आम तौर पर एक अवधि में घरेलू ताकत और कमजोरियों को दशार्ती हैं। इस प्रकार, समग्र व्यापार में रुझान, घरेलू मूल्य स्तर, ब्याज दरें और इसी तरह के कारक दीर्घकालिक संभावनाओं को प्रभावित करते हैं। जहां तक भारतीय विदेशी मुद्रा बाजार का सवाल है, दरें लगभग सीधे तौर पर व्यवहार से जुड़ी हुई हैं। विदेशी संस्थागत निवेशकों के लिए यह एक बड़ी चुनौती है। अगर विदेशी पोर्टफोलियो निवेशक (एफपीआई) घरेलू बाजार में बिकवाली करते हैं और फिर अपने फंड निकाल लेते हैं, तो रुपया दबाव में आ जाता है। भारतीय रिजर्व बैंक बुलेटिन के ताजा अंक में प्रकाशित एक पेपर में इस बारे में लिखा है। यह प्रवृत्ति कोई नई नहीं है। यह 2008 के बाद की वित्तीय मंदी के दौर में देखी गयी थी।

इस तरह की पृष्ठभूमि में बाजार को स्थिर करने के लिए आरबीआई का भारी हस्तक्षेप कुछ हद तक निरर्थक है। बेशक, ये हस्तक्षेप अपने तात्कालिक लक्ष्य को हासिल करते हैं-अर्थात तत्काल दरों को स्थिर करते हैं।

लेकिन विदेशी मुद्रा बाजार का एक और पहलू है - सख्त तकनीकी कारक जो अक्सर बढ़ जाते हैं और उन्हें थोड़ा ठीक करने की जरूरत होती है। ऐसा ही एक कारक विदेशी गैर-वितरणीय रुपया व्यापार प्रवृत्ति है। ये पूरी तरह से सट्टा हैं और वास्तव में डिलीवर करने योग्य नहीं हैं। जब रघुराम राजन ने रिजर्व बैंक के गवर्नर का पद संभाला था, तब इसने कुछ हद तक महत्व हासिल कर लिया था। एक अच्छे अर्थशास्त्री होने के नाते, उन्होंने विदेशी गैर-वितरणीय बाजार को नियंत्रित करने के लिए बहुत सफलतापूर्वक कदम उठाये थे। उन दिनों के सबक पर फिर से विचार करना उचित हो सकता है और उनमें से कुछ सबक शिक्षाप्रद हो सकते हैं। हालांकि, रुपये की विनिमय दर में उतार-चढ़ाव को रोकने के लिए हस्तक्षेप के लिए एक विस्तृत और निरंतर कार्यक्रम प्रति-उत्पादक हो सकता है और हम विदेशी मुद्रा भंडार का एक अच्छा हिस्सा बर्बाद कर सकते हैं। ट्रंप शासन अमेरिका को प्राथमिकता देने की अपनी योजनाओं के साथ वैश्विक अर्थव्यवस्था को अशांत करने की क्षमता रखता है।

# एक नया जुर्म: नमाज पढ़ना

**- राजेंद्र शर्मा**

**कुंभ** मेला जैसे बड़े पारंपरिक आयोजनों के लिए, जहां भी विशाल संख्या में लोग जुटते हैं, उनकी धार्मिक प्रकृति चाहे जैसी भी हो, तमाम व्यवस्था संबंधी इंतजामात करने और न्यूनतम सुविधाएं जुटाने की जिम्मेदारी से कोई भी शासन बच नहीं सकता है। बेशक, इस महाकुंभ के सिलसिले में भी इस पर तो बहस हो सकती है कि क्या व्यवस्थाओं के मामले में मोदी-योगी सरकार की सभी प्राथमिकताएं, इस पारंपरिक आयोजन की प्रकृति के अनुरूप रही हैं।

बरेली, उप्रः शनिवार को उत्तर प्रदेश में बरेली की बहेरी तहसील के एक गांव में घर के एक अस्थायी टीन शेड में जुमे की नमाज अता करने के लिए ग्राम पंचायत प्रधान समेत चार मुस्लिम पुरुषों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया और 20 पहचानशुदा तथा अनजान व्यक्तियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर ली। हिंदू जागरण सेना से जुड़े एक एक्स (पहले ट्विटर) उपयोक्ता ने नमाज अता किए जाने का एक ड्रोन फुटेज साझा किया था, जिसके बाद पुलिस ने उस स्थान को सील कर दिया और पुरुषों को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार होने वालों की पहचान आरिफ (ग्राम पंचायत प्रमुख), अकील अहमद, मोहम्मद शाहिद और छोटे अहमद के रूप में हुई है। पुलिस ने बताया कि मुजम्मिल, कादिर अहमद और अन्य कई के खिलाफ भी मामला दर्ज किया गया है।'



सिर्फ और सिर्फ 'सामूहिक रूप से नमाज पढ़ने' के जुर्म में पुलिस कार्रवाई की यह कोई पहली घटना नहीं है। मोदी-योगी के डबल इंजन राज में उत्तर प्रदेश में तो यह आए दिन की बात ही हो गयी है। सार्वजनिक जगह पर सामूहिक रूप से नमाज पढ़ने के लिए, यहां तक कि कई मामलों में तो सार्वजनिक स्थान पर अकेले नमाज पढ़ने के लिए भी या निजी स्थानों पर सामूहिक रूप से नमाज पढ़ने पर भी, पुलिस की कार्रवाई के मामलों की तादाद ठीक-ठाक बैठेगी। लेकिन, उत्तर प्रदेश इस मामले में अकेला ही नहीं है। मध्य प्रदेश जैसे अन्य भाजपा-शासित राज्य भी इस मामले में भी उत्तर प्रदेश के पदचिन्हों पर चल रहे हैं। और यह 'कृपा' भी सिर्फ नमाज पढ़ने वालों के लिए ही सुरक्षित नहीं है। कुछ ही हफ्ते पहले, भाजपा-शासित उत्तराखंड में एक महिला के निजी आवास पर, ईसाई प्रार्थना संबंधी आयोजन पर, इसी तरह हिंदू सांप्रदायिक संगठनों के झगड़ा खड़ा करने के बाद, पुलिस हरकत में आ गयी थी। गनीमत यही रही कि संबंधित घर की स्वामिनी को पुलिस ने गिरफ्तार नहीं किया और ऐसा कुछ भी दोबारा नहीं करने की कड़ी चेतावनी देकर ही छोड़ दिया। हरियाणा, छत्तीसगढ़, ओडिशा आदि अन्य डबल इंजन सरकार शासित राज्यों में भी, क्रिसमस समेत ईसाई धार्मिक आयोजनों पर हिंदू सांप्रदायिकतावादियों की हमलों और उनके लिए पुलिस-प्रशासन की मौन सहमति की घटनाएं, कम से कम वैकल्पिक मीडिया में ठीक-ठाक संख्या में दर्ज की गयी हैं।

इस तरह, मोदी राज में भारत में एक नया जुर्म स्थापित किया जा चुका है, मुसलमानों के नमाज पढ़ने का जुर्म, ईसाइयों के प्रार्थना करने का जुर्म और संक्षेप में कहें तो अल्पसंख्यकों के प्रार्थना करने का जुर्म। यहां हम जान-बूझकर 'अपने धर्म का पालन करने' जैसी व्यापक संज्ञा का उपयोग नहीं कर रहे हैं। अपने धर्म का पालन करने की संज्ञा के दायरे में तो, हालांकि भारत का संविधान सभी नागरिकों को ठीक इतनी ही व्यापक स्वतंत्रता देता है, अपने धर्म की प्रार्थना करने से आगे भी बहुत कुछ आ जाता है। बेशक, भारत का संविधान तो इससे कई कदम आगे बढ़कर, अपने धर्म का प्रचार तथा धर्मांतरण के जरिए उसका प्रसार करने तक की इजाजत देता है। लेकिन, जैसा कि किसी से छुपा हुआ नहीं है, धर्मांतरण-विरोधी कानूनों के नाम पर, पहले ही अल्पसंख्यकों के लिए अपने धर्म के प्रचार-प्रसार को व्यवहार में जुर्म ही बनाया जा चुका था। उत्तर प्रदेश की अगुआई में प्रायः सभी भाजपायी राज्य सरकारें, इन पाबंदियों को और इस जुर्म के लिए सजा को, कड़े से कड़ा बनाने में ही लगी रही हैं। बहरहाल, इसके साथ ही अब तरह-तरह के बहानों से, अल्पसंख्यकों के प्रार्थना करने के धार्मिक अधिकार को ही निशाने पर लेने की कोशिश की जा रही है। बरेली में जो हुआ है, इसी का ताजातरीन उदाहरण है। बरेली की घटना का पूरा अर्थ समझने के लिए, यह याद रखना भी जरूरी है कि नमाज पढ़े जाने की घटना शुक्रवार, 17 जनवरी की है और पुलिस कार्रवाई 18 जनवरी की है। इन तारीखों का महत्व, इस तरह की शिकायतों पर पुलिस की अतिरिक्त मुस्तैदी की ओर इशारा करने के अलावा यह भी है कि यह सब ठीक उस दौरान हुआ है, जब इलाहाबाद उर्फ प्रयागराज में महाकुंभ चल रहा है, जिसकी विधिवत शुरूआत 14 जनवरी को मकर संक्रांति से हो चुकी थी। इस महाकुंभ के लिए, जो वास्तव में बारह वर्ष पर होने वाला पूर्ण कुंभ है, मोदी-योगी के डबल इंजनिया राज द्वारा जिस तरह से व्यवस्थाएं की जा रही हैं और पूरी ताकत झोंककर व्यवस्थाएं की जा रही हैं, उनकी खबरों से न सिर्फ मीडिया पटा पड़ा है बल्कि खुद शासन द्वारा तमाम सार्वजनिक विमर्श को इस प्रचार के बोझ तले दबाने की ही, काफी हद तक कामयाब कोशिशें की जा रही हैं। एक ओर, अगर बढ़ा-चढ़ाकर इसके दावे किए जा रहे हैं कि इस बार के महाकुंभ में 40 करोड़ के करीब लोग हिस्सा लेने जा रहे हैं, तो दूसरी ओर जोर-शोर से इसके भी दावे किए जा रहे हैं कि सरकार ने अपनी ओर से कुंभ मेले के लिए कोई कसर नहीं छोड़ी है।

# 23 जनवरी से 26 जनवरी तक होगा विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन

**गाजीपुर । जिलाधिकारी** आर्यका अखौरी ने बताया कि 23 जनवरी, 2025 को नेता जी सुभाष चन्द्र बोस जयन्ती, 24 को यू0पी0 दिवस, 25 जनवरी को राष्ट्रीय मतदाता दिवस एंव 26 जनवरी, को गणतंत्र दिवस मनायी जानी है। उत्तर प्रदेश दिवस 23 से 26 जनवरी, 2025 को आडिटोरियम हाल निकट (विकास भवन के पास) भव्य प्रदर्शनी एवं मेला का आयोजन किया जायेगा। इस कार्यक्रम में सरकार की महत्वपूर्ण एवं लाभकारी योजनाओं का विभिन्न विभागो द्वारा प्रदर्शनी/स्टाल लगायी जायेगी।

जिलाधिकारी ने जनपदवासियों से अपील है कि जो व्यक्ति लाभ एवं सरकारी योजनाओं से वंचित है वे इस प्रदर्शनी में पहुचकर योजना से लाभान्वित हो। इसके अतिरिक्त समस्त जनपदस्तरीय अधिकारियों को निर्देशित किया जाता है कि उत्तर प्रदेश दिवस-2025, राष्ट्रीय मतदाता दिवस एवं गणतंत्र दिवस के दृष्टिगत दिनांक 22 से 26 जनवरी, 2025 तक समस्त सरकारी कार्यालयों तहसील, ब्लाक स्तर पर साफ-सफाई, रंगाई-पुताई व कार्यालयों को विशेष रूप से सजाते हुए लाईटिंग आदि का कार्य कराना सुनिश्चित करेंगे।

इसके अतिरिक्त 25 जनवरी, 2025 को पन्द्रहवें राष्ट्रीय मतदाता दिवस पी0 जी0 कालेज ग्राउन्ड में जिलाधिकारी द्वारा दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ 11.00 बजे किया जाना प्रस्तावित है। इस कार्यक्रम में सम्बन्धित विद्यालय के बच्चों द्वारा रैली के माध्यम से वोट जैसा कुछ नही, वोट जरूर डालेंगे हम की थीम का प्रचार-प्रसार करते हुए कार्यक्रम में प्रतिभाग करेगें। इस कार्यक्रम के पहले आयोजित कार्यक्रम को सम्पन्न कराने हेतु सम्बन्धित का आवश्यक दिशा निर्देश दिये। जिसमें कार्यक्रम सुबह स्कूटी रैली सिटी कालेज से प्रारम्भ होकर पूर्वान्ह 11 बजे पी0जी0 कालेज पहुँचेगी, तथा बाईक रैली-प्रत्येक तहसील से कम से कम 50 कोटेदारों द्वारा रैली निकाली जायेगी।

रैली प्रातः 11 बजे तक पी0जी0 कालेज ग्राउण्ड पहुचेगी। एन0सी0सी0, एन0एस0एस0, स्काउट गाइड एवं छात्र एवं छात्राओं द्वारा रैली प्रातः 10 बजे कलेक्टेज्ट से निकलकर प्रातः 11 बजे पी0जी0 कालेज ग्राउण्ड पहुँचेगी। खेल प्रतियोगिता हेतु 100 से 200 मी0 दौड़ प्रतियोगिता एवं दिब्यांग ट्राई साईकिल दौड प्रतियोगिता तथा रंगोली/निबंध/मेहदी/स्लोगन प्रतियोगिता का प्रांगण में सम्पन्न किया जायेगा। राष्ट्रीय मतदाता के अवसर पर जनपद के समस्त इण्टर कालेज/महाविद्यालयों में सांस्कृतिक कार्यक्रम किया जाना है। उन्होने निर्देशित किया कि 25 जनवरी को अधिक से अधिक युवाओं, महिलाओं, दिब्यांगजन, वरिष्ठ नागरिकों तथा पीवीटीजी की सहभागिता सुनिश्चित करने करते हुए जिले में स्थित कालेजों, महाविद्यालयों में राष्ट्रीय मतदाता दिवस का आयोजन करते हुए छात्र/छात्राओं को मतदाता जागरूकता की शपथ अवश्य दिलायी जाय। इस कार्यक्रम में नये मतदाताओं एवं वृद्ध मतदाताओं को भी सम्मानित किया जाय। उत्कृष्ट कार्य करने वाले एवं अच्चे कार्य करने वाले बी0एल0ओ0 को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया जाय।

# साहसी व पराक्रमी योद्धा थे नेताजी सुभाष चन्द्र बोस

**रमेश सर्राफ धमोरा**

**नेताजी सुभाष** चन्द्र बोस द्वारा दिया गया जय हिन्द का नारा भारत का राष्ट्रीय नारा बन गया। तुम मुझे खून दो मैं तुम्हे आजादी दूंगा का नारा भी उनका उस समय अत्यधिक प्रचलन में आया। आजादी की जंग में प्रमुख भूमिका निभाने वाले स्वतंत्रता संग्राम सेनानी और महान क्रांतिकारी नेताजी सुभाष चंद्र बोस की 23 जनवरी को 127 वीं जयंती मनाई जा रही है। उनकी जयंती को पराक्रम दिवस के रूप में मनाया जाता है। उनका पूरा जीवन ही साहस व पराक्रम का उदाहरण है।

नेताजी सुभाष चंद्र बोस का जन्म 23 जनवरी 1897 को उड़ीसा में कटक के एक संपन्न बंगाली परिवार में हुआ था। बोस के पिता का नाम जानकीनाथ बोस और मां का नाम प्रभावती था। जानकीनाथ बोस कटक शहर के मशहूर वकील थे। प्रभावती और जानकीनाथ बोस की कुल मिलाकर 14 संतानें थी, जिसमें 6 बेटियां और 8 बेटे थे। सुभाष चंद्र उनकी नौवीं संतान और पांचवें बेटे थे। नेताजी ने अपनी प्रारंभिक पढ़ाई कटक के रेवेंशॉव कॉलेजिएट स्कूल में हुई। तत्पश्चात उनकी शिक्षा कलकत्ता के प्रेजिडेंसी कॉलेज और स्कॉटिश चर्च कॉलेज से हुई। उनको उन्होने इंग्लैंड के केंब्रिज विश्वविद्यालय से सिविल सर्विस की परीक्षा में चौथा स्थान प्राप्त किया था।

1921 में भारत में बढ़ती राजनीतिक गतिविधियों का समाचार पाकर बोस ने सिविल सर्विस की सरकारी नौकरी छोड़ कर कांग्रेस से जुड़ गए। 1928 में जब साइमन कमीशन भारत आया तब कांग्रेस ने उसे काले झण्डे दिखाये। कोलकाता में नेताजी ने इस आन्दोलन का नेतृत्व किया। साइमन कमीशन को जवाब देने के लिये कांग्रेस ने भारत का भावी संविधान बनाने का काम आठ सदस्यीय आयोग को सौंपा। मोतीलाल नेहरू इस आयोग के अध्यक्ष और सुभाष बोस उसके एक सदस्य थे।

26 जनवरी 1931 को कोलकाता में राष्ट्र ध्वज फहराकर सुभाष एक विशाल मोर्चे का नेतृत्व कर रहे थे तभी पुलिस ने उनको जेल भेज दिया। जब सुभाष बोस जेल में थे तब गांधी जी ने अंग्रेज सरकार से समझौता किया और सब कैदियों को रिहा करवा दिया। लेकिन अंग्रेज सरकार ने सरदार भगत सिंह जैसे क्रान्तिकारियों को रिहा करने से साफ इन्कार कर दिया। भगत सिंह की फांसी माफ कराने के लिये गांधी जी ने सरकार से बात तो की परन्तु नरमी के साथ। सुभाष चाहते थे कि इस विषय पर गांधीजी अंग्रेज सरकार के साथ किया गया समझौता तोड़ दें। लेकिन गांधीजी अपना वचन तोडने को राजी नहीं थे। अंग्रेज सरकार द्वारा भगत सिंह व उनके साथियों को फांसी दे दी गयी। भगत सिंह को बचा नहीं पाने पर सुभाष बोस गांधीजी और कांग्रेस से बहुत नाराज हो गये।

1930 में सुभाष कारावास में रहते हुये ही कोलकाता महापौर का चुनाव जीतने पर सरकार उन्हें रिहा करने पर मजबूर हो गयी। 1932 में सुभाष को फिर से कारावास हुआ। इस बार उन्हें अल्मोड़ा जेल में रखा गया। अल्मोड़ा जेल में उनकी तबियत फिर से खराब होने पर सुभाष इलाज के लिये यूरोप चले गये। सन् 1933 से लेकर 1936 तक सुभाष यूरोप में रहे। यूरोप में सुभाष इटली के नेता मुसोलिनी से मिले। जिन्होंने उन्हें भारत के स्वतन्त्रता संग्राम में सहायता करने का वचन दिया।

1938 में गांधीजी ने कांग्रेस के हरिपुरा वार्षिक अधिवेशन में अध्यक्ष पद के लिए सुभाष को चुना तो था मगर उन्हें उनकी कार्यपद्धति पसन्द नहीं आयी। इसी दौरान यूरोप में द्वितीय विश्वयुद्ध के बादल छा गए थे। सुभाष चाहते थे कि इंग्लैंड की इस कठिनाई का लाभ उठाकर भारत का स्वतन्त्रता संग्राम अधिक तीव्र किया जाये। उन्होंने अपने अध्यक्षीय कार्यकाल में इस ओर कदम उठाना भी शुरू कर दिया था। परन्तु गांधीजी इससे सहमत नहीं थे। 1939 में जब नया कांग्रेस अध्यक्ष चुनने का वक्त आया तब सुभाष चाहते थे कि कोई ऐसा व्यक्ति अध्यक्ष बनाया जाये जो इस मामले में किसी दबाव के आगे बिल्कुल न झुके। ऐसा किसी दूसरे व्यक्ति के सामने न आने पर सुभाष ने स्वयं कांग्रेस अध्यक्ष बने रहना चाहा। लेकिन गांधीजी उन्हें अध्यक्ष पद से हटाना चाहते थे। गांधीजी ने अध्यक्ष पद के लिये पट्टाभि सीतारमैया को चुना। बहुत बरसों बाद कांग्रेस पार्टी में अध्यक्ष पद के लिये चुनाव हुआ।

चुनाव में नेताजी सुभाष को 1580 मत व सीतारमैय्या को 1377 मत मिले। गांधीजी के विरोध के बावजूद सुभाष बाबू 203 मतों से चुनाव जीत गये। गांधीजी ने पट्टाभि सीतारमैय्या की हार को अपनी हार बबताया। इसके बाद कांग्रेस कार्यकारिणी के 14 में से 12 सदस्यों ने इस्तीफा दे दिया। 3 मई 1939 को सुभाष ने फॉरवर्ड ब्लॉक के नाम से अपनी पार्टी की स्थापना की। सुभाष चंद्र बोस ने 1937 में अपनी सेक्रेटरी और ऑस्ट्रियन युवती एमिली से शादी की। उन दोनों की अनीता नाम की एक बेटी भी हुई।

जर्मनी जाकर नेताजी हिटलर से मिले। 1943 में उन्होने जर्मनी छोड़ दिया। वहां से वह जापान पहुंचे। जापान से वह सिंगापुर पहुंचे। जहां उन्होंने कैप्टन मोहन सिंह द्वारा स्थापित आजाद हिंद फौज की कमान अपने हाथों में ले ली। उस वक्त रास बिहारी बोस आजाद हिंद फौज के नेता थे। उन्होंने आजाद हिंद फौज का पुनर्गठन किया। महिलाओं के लिए रानी झांसी रेजिमेंट का भी गठन किया लक्ष्मी सहगल जिसकी कैप्टन बनी।

नेताजी के नाम से प्रसिद्ध सुभाष चन्द्र ने सशक्त क्रान्ति द्वारा भारत को स्वतंत्र कराने के उद्देश्य से 21 अक्टूबर 1943 को आजाद हिन्द सरकार की स्थापना की जिसे जर्मनी, जापान, फिलीपींस, कोरिया, चीन, इटली, मान्चुको और आयरलैंड ने मान्यता दी। आजाद हिन्द फौज के प्रतीक चिह्न पर एक झंडे पर दहाड़ते हुए बाघ का चित्र बना होता था। नेताजी अपनी आजाद हिंद फौज के साथ 4 जुलाई 1944 को बर्मा पहुँचे। यहीं पर उन्होंने अपना प्रसिद्ध नारा, तुम मुझे खून दो, मैं तुम्हें आजादी दूंगा दिया। खून भी एक दो बूँद नहीं इतना कि खून का एक महासागर तैयार हो जाये और उसमें मैं ब्रिटिश साम्राज्य को डूबो सकूं। 1944 को आजाद हिन्द फौज ने अंग्रेजों पर दोबारा आक्रमण किया और कुछ भारतीय प्रदेशों को अंग्रेजों से मुक्त भी करा लिया। द्वितीय विश्वयुद्ध के दौरान आजाद हिन्द फौज ने जापानी सेना के सहयोग से भारत पर आक्रमण किया।

# अतिक्रमणकारियों पर चला प्रशासन का चाबुक

## अवैध बनी पक्की दुकानों को भी कराया ध्वस्त

**अखंड भारत संदेश**



**बाँदा।** जिलाधिकारी के निर्देशन में नगर मजिस्ट्रेट ने अतिक्रमण हटाया गया दो दिनों के अंदर दो दर्जन के करीब पक्की दुकानों का ध्वस्थीकरण करण किया जाएगा। जिलाधिकारी के निर्देशों के क्रम में सिटी मजिस्ट्रेट संदीप केला ने बाबूलाल चौराहाए कालीदेवी मंदिर होते हुए अतर्रा चुग्गी पास तक अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया गया। इस दौरान सड़क की पटरियों पर किए गए अतिक्रमण को हटाया गया। चेतावनी के बावजूद अतिक्रमण न हटाने वाले दुकानदारों से जुर्माना भी वसूला गया। दो दिनों के अंदर दो दर्जन के करीब अवैध बनी पक्की दुकानों को ध्वस्थीकरण करण करने के आदेश सिटी मजिस्ट्रेट संदीप केला अतिक्रमण हटाओ अभियान के बेहद सख्त नजर आए उन्होंने कालिदेवी मंदिर के सामने बने बिजली दफ्तर की बाउंड्री के आगे बने लगभग दो दर्जन के करीब बनी अवैध पक्की दुकानों हटाने का निर्देश दिया। अगर दो दिनों के अंदर नहीं खाली किया गया बुलडोजर के माध्यम से ध्वस्थीकरण करण की कड़ी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

नगर पालिका के आरआई रामजस नें नगर मजिस्ट्रेट को नोटिस की जानकारी देते हुए बताया की नगर पालिका नें कई बार दुकानों को हटाने के लिए नोटिस दी गई है इसके बावजूद भी अभी तक अतिक्रमण नहीं हटाया है। बाबूलाल चौराहा में अवध तरीके से ई रिक्शाए ऑटोए बस अवैध तरीके से वाहनों को खड़ा करने वालों पर नगर मजिस्ट्रेट नें कड़ी फटकार लगाई। शहर में अवैध वाहन स्टैंडों और ई.रिक्शा के बेतरतीब खड़े होने से लोग जाम की समस्या से परेशान थे। दुकानदारों द्वारा सड़क तक सामान सजाने और ठेले लगवाने की वजह से पटरियों पर भी कब्जा कर लिया गया था। सिटी मजिस्ट्रेट ने दुकानदारों को सख्त चेतावनी देते हुए कहा की अगर भविष्य में फिर से अतिक्रमण किया। तो और कड़ी कार्रवाई की जाएगी।इस दौरान वरिष्ठ सफाई निरीक्षक हेमंत प्रसादए संजीत बाबूए नवल बाबूए गौरव श्रीवास्तवए मोनू कुशवाहा सहित भारी पुलिस बल मौजूद रहा।

# मंडल मे चल रहे विकास कार्यों की आयुक्त ने की समीक्षा

## बैठक कर दिये आवश्यक निर्देश

**अखंड भारत संदेश**



**बाँदा।** बुन्देलखण्ड विकास निधि जिलांश वर्ष 2023.24 एवं 2024.25 एवं बुन्देलखण्ड विकास निधि राज्यांश के निर्माण कार्यों की समीक्षा बैठक आयुक्त चित्रकूटधाम मण्डल अजीत कुमार की अध्यक्षता में आयुक्त कार्यालय सभागार में सम्पन्न हुई। उन्होंने चित्रकूट, बॉदा, महोबा एवं हमीरपुर के कार्यों की समीक्षा करते हुए सम्बन्धित विभागों के अधिकारियों एवं कार्यदायी संस्थाओं के अधिकारियों को निर्देशित किया कि 01 मार्च के पहले अधूरे कार्य पूर्ण कर लिये जायें। उन्होंने निर्माण कार्यों में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखने एवं समयबद्धता के साथ कार्यों को पूर्ण किये जाने के निर्देश दिये। उन्होंने सचेत करते हुए निर्देशित किया कि निर्माण कार्यों की गुणवत्ता में कमी पाये जाने पर निर्माण कार्य की जांच करायी जायेगी। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिये कि बुन्देलखण्ड विकास निधि से सम्बन्धित कार्यों को कराये जाने के प्रस्ताव सम्बान्धित जनप्रतिनिधियों से प्राप्त करते हुए पन्द्रह दिनों के अन्दर प्रस्ताव प्रेषित करें। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिये कि निर्माण कार्यों की रिपोर्ट धरातल पर किये गये कार्यों के अनुरूप सही रूप से भेजी जाएए इसका विशेष ध्यान रखें।

उन्होंने चित्रकूट जनपद के विकास खण्ड मऊ में इण्टरलॉकिंग एवं सीसी रोड के निर्माण कार्यों को 31 जनवरी तक गुणवत्ता के साथ पूर्ण कराये जाने के निर्देश दिये। उन्होंने यूपीपीसीएल द्वारा महोबा के विकास खण्ड कबरई में विद्युतीकरण के कार्य की समीक्षा कीए जिस पर बताया गया कि कार्य पूर्ण हो गया है। उन्होंने निर्देश दिये

## मदरा टेला गंगा घाट पर पुल निर्माण होने से आम जनमानस को आवागमन में मिलेगी सहूलियत . सक्षम करवरिया

**मेजा।** मेजा की पूर्व विधायक स्व नीलम करवरिया के सुपुत्र सक्षम करवरिया ने बुधवार को मदराटेला गंगा घाट पर बने पीपे के पुल का पूरी विधि विधान से पूजन किया। पूजन के दौरान सक्षम करवरिया ने कहा कि इस पुल के निर्माण होने से आम जनता के आवागमन में बड़ी सहूलियत मिलेगी। उन्होंने इस कार्य में लगे संबंधित अधिकारियों कर्मचारियों को धन्यवाद दिया है। सक्षम करवरिया ने बताया कि यह पुल आम जनमानस के लिए आगामी 15 फरवरी से शुरू कर दिया जाएगा। इस मौके पर पूर्व अध्यक्ष प्रधान संघ उरूवा टुनटुन तिवारीए दिनेश मिश्र पूर्व प्रधान मदराए मंडल अध्यक्ष आशिष पटेलए मेजा मंडल अध्यक्ष शैलेश पांडेय, सुधाकर शुक्ला, लालजी निषाद, अभी निषाद, जेपी तिवारी, विकास शुक्ल, राजकुमार शुक्ल, बबलू परसिया, मुंदर मिश्रा पूर्व प्रधान नीबी, बल्ली बिंद, राधे बिंद तथा ओपी दुबे आदि के अलावा कई अन्य लोग प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

# सपा ने छोटे लोहिया जनेश्वर मिश्र की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि अर्पित की

**अखंड भारत संदेश**



**चित्रकूट।** समाजवादी पार्टी कार्यालय कर्वी में बुधवार को समाजवादी पुरोधा छोटे लोहिया के नाम से प्रसिद्ध जनेश्वर मिश्र की पुण्यतिथि बड़े श्रद्धा भाव से मनाई गई। जिलाध्यक्ष शिव शंकर सिंह यादव सहित पार्टी के तमाम नेताओं व कार्यकर्ताओं ने जनेश्वर मिश्र के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की। इसके बाद एक विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी की शुरुआत में सपा के संस्थापक व पूर्व जिलाध्यक्ष दिनेश चंद्र पटेल के छोटे भाई व पूर्व प्रधान सुरेश चंद्र पटेल के निधन पर दो मिनट का मौन रखा गया व उनकी आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की गई। शिव शंकर सिंह यादव ने जनेश्वर मिश्र के जीवन पर प्रकाश डालते हुए उनकी सशक्त वक्तृत्व क्षमता की सराहना की। साथ हीए पार्टी के जिला उपाध्यक्ष नरेंद्र यादव ने भाजपा समर्थित गुंडों द्वारा समाजवादी नेता मुलायम सिंह यादव पर की गई टिप्पणी की कड़ी निंदा की व कहा कि सपा इसका विरोध सड़क से संसद तक करेगी। गोष्ठी के बाद समाजवादी छात्र सभा ने राजू दास के खिलाफ ज्ञापन दिया। इस मौके पर पूर्व जिलाध्यक्ष माता प्रसाद कुशवाहाए जिला उपाध्यक्ष मो गुलाब खानए उमाकांत यादवए राज सिंहए सत्यनारायण पटेलए तीरथ यादव समेत अन्य शामिल थे।

## मोटरसाइकिल व नकदी समेत दो आरोपी गिरफ्तार

**मऊ, चित्रकूट।** एएसपी चक्रपाणि त्रिपाठी के निर्देश में अपराध नियंत्रण को जारी अभियान में सीओ मऊ यामीन अहमद के पर्यवेक्षण में थानाध्यक्ष मऊ टीम ने आपराधिक विश्वासघात के दो आरोपियों को गिरफ्तार किया। दोनों आरोपियों जोखन यादव उर्फ जेके पुत्र स्व तीरथराज व दीपक उर्फ छोटू पुत्र जोखन यादव निवासी चड़ेरिया थाना गगहा जनपद गोरखपुर उप्र को आज दोपहर लगभग 12:10 बजे ग्राम जोरवारा नहर करही रोड थाना मऊ चित्रकूट से गिरफ्तार किया। दोनों आरोपियों के पास से एक मोटरसाइकिल, एक स्प्रे मशीन, दवाइयां व पांच हजार रूपये बरामद हुए है। गिरफ्तार करने वाली टीम में थानाध्यक्ष विनोद कुमार राय, एस आई ओमप्रकाश सिंह, सिपाही सोनपाल सिंह, शुभम त्रिपाठी मौजूद रहे।

# सैनिक बँधुओ के साथ डीएम ने की बैठक

## भूतपूर्व सैनिको व आश्रितों की समस्याओं की ली जानकारी

**अखंड भारत संदेश**



**बाँदा।** जिलाधिकारी ध् अध्यक्षए जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास श्रीमती जे0रीभा की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में सैनिक बन्धु की बैठक का आयोजन कैप्टन ;आईएनण्द्ध अजय कुमार कंवर जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास अधिकारी द्वारा आयोजित की गई। बैठक में भूतपूर्व सैनिको एवं उनके आश्रितों ने अपनी समस्याओं को जिलाधिकारी के समक्ष प्रस्तुत किया स जिलाधिकारी ने भूतपूर्व सैनिकों की समस्याओं को सुनते हुये प्राथमिकता पर निस्तारण किए जाने के निर्देश संबंधित विभागों के अधिकारियों को दिए स बैठक में भूतपूर्व सैनिकों द्वारा विभिन्न विभागों से संबंधित 06 समस्याओं के प्रार्थना पत्र का निस्तारण कराने हेतु सम्बंधित अधिकारियों को निर्देश प्रदान किया ।ण्बैठक मे पुलिसए राजस्वए लोक निर्माण विभाग व अन्य विभागों से संबंधित भूतपूर्व सैनिको एवं उनके आश्रितो के प्राप्त प्रार्थना पत्रो सम्बंधित शिकायतो पर कार्रवाई करते हुए सम्बंधित विभाग को निस्तारण करने के निर्देश प्रदान किया । भूतपूर्व सैनिको द्वारा कार्यालय भूतपूर्व सैनिक कल्याण परिसर में शहीद स्मारक के निर्माण की मांग रखी गयी जिस पर जिला सैनिक कल्याण अधिकारी द्वारा बताया गया कि निदेशकए सैनिक कल्याण को स्टीमेट प्रेषित किया गया है। बैठक में राजेश कुमारए अपर जिलधिकारी, विद्या, वेद प्रकाश मार्य सीडीओ, वकील अहमद अंसारी सहायक निदेशक सेवा, गुरूदेव, जीएम डीआइसा, ज्ञानेद्र सिंह, बीडीओ जसपुरा, डा0 पीके पाण्डेय अमुचि अधिकारी, विनोद कुमार, मुख्य कोषाधिकारी बांदा, रवि शंकर, एलडीएम, राम जी दुबे, जिला सूचना अधिकारी, गरिमा अग्रवाल, बीडीओ बबेरू, राजेश कुमार तिवारी, बीडीओ महुआ सत्येन्द्र सिंह अवर अभियन्ता बीडीएव सैनिक बन्धुओ तथा उनके आश्रितो ने प्रतिभाग किया।

# संवैधानिक मूल्यों की जानकारी के आभाव में होता है शोषण

## रचनात्मक गतिविधियों से बनाई समझए समूह चर्चा हुई, कम्युनिटी लीडर्स का तीन दिवसीय प्रशिक्षण समाप्त

### नरैनी व महुआ ब्लाक के 12 गांवों के युवक युवातियां हुए शामिल

**अखंड भारत संदेश**



**बाँदा** नरैनी वनांगना संस्था के बैनर तले चल रहे तरंग मेरे सपने मेरी उड़ान कार्यक्रम के तहत जीवन कौशल व नेतृत्व विकास पर युवाओं का तीन दिवसीय प्रशिक्षण का बुधवार को समापन हो गया। नरैनी व महुआ ब्लाक के 12 गांवों से शामिल युवक.युवतियों को संवैधानिक मूल्यों की जानकारी दी गई। खेल व रचनात्मक गतिविधियों के जरिए प्रशिक्षण दिया गया। समूह बनाकर संवैधानिक अधिकारियों पर चर्चा की गई।

कस्बा के अतर्रा रोड स्थित एक मैरिज हाल में सहयोग संस्था ;लखनऊद्ध से आए प्रशिक्षक प्रवेश कुमार ने कहा कि संवैधानिक अधिकारों व मूल्यों की जानकारी के आभाव में ग्रामीणए महिलाएंए युवातियां व किशोरियां शोषित होती हैं। इसके प्रति जागरूकता से जीवन में बदलाव आता है। उन्होंने बताया कि जनपद में वनांगना संस्था के सहयोग से यह कार्यक्रम चलाया जा रहा है। समुदाय से ही लीडर्स की पहचान कर उन्हें विशेष प्रशिक्षण दिया जा रहा है। यह लीडर्स अपने क्षेत्र में अशिक्षित व पिछड़ों को संवैधानिक मूल्यों की जानकारी देने का काम करेंगे। उन्होंने समता समानता पर खेल के माध्यम से प्रशिक्षण को रचनात्मक बनाया। फ़िल्म दिखाकर संगठन की ताकत पर चर्चा हुई। रिसोर्स परसन जगदीश ने लैंगिक भेदभाव पर खेल खिलाकर समूह चर्चा की। वारिष्ठ संदर्भ समूह शबीना मुमताज़ ने कहा की समुदाय के कुछ सामनत शाही लोग आपके संगठन को तोड़ने की कोशिश करेंगेए हमें इस चुनौती को भी समझने की जरूरत है। कम्युनिटी लीडर्स को मौलिक अधिकारों के साथ अपने कर्तव्यों पर भी पहल करनेण् की ज़रूरत है। लीडर्स की प्रगति पर चर्चा करते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की गई। शोभा देवी ने कार्यक्रम के उद्देश्य बताए। फरजाना खान ने सभी साथियों का आभार वयक्ति किया कम्युनिटी लीडर्स रूबी, पंकज व दीपक ने अपने विचार व सुझाव साझा किया। इस मौके पर लीडर्स माया, विमला, आलिया, शिफ़ा, महक, अर्चना, राजकुमारी, खुशबू, परवीन, अरविंद, अमित, विष्णु इत्यादि शामिल रहे।

# गणतंत्र दिवस को धूमधाम से मनाने की तैयारियांए एडीएम ने की बैठक

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रमों को लेकर कलेक्ट्रेट सभागार में एडीएम ;एफआर द्ध उमेश चन्द्र निगम की अध्यक्षता में महत्वपूर्ण बैठक हुई। बैठक में विभिन्न विभागों के अधिकारियों को कार्यक्रमों की रूपरेखा पर चर्चा करने वं निर्धारित समय पर सादगीए सौहार्द और गरिमा के साथ मनाने के निर्देश दिए।

एडीएम उमेश चन्द्र निगम ने बताया कि गणतंत्र दिवस की शुरुआत प्रातः 7 बजे मलिन बस्तियों में सफाई अभियान के साथ की जाएगी। इसके बाद 8 बजे प्रभात फेरी के साथ एनसीसी स्काउट व झांकियों का आयोजन होगा। 8:30 बजे सभी सरकारी व अर्ध सरकारी भवनों में झंडारोहणए झंडाभिवादनए राष्ट्रगान व संविधान के संकल्प का स्मरण होगाए साथ ही स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों को सम्मानित किया जाएगा। 9रू30 बजे पुलिस लाइन में पुलिस परेड कार्यक्रम का आयोजन होगाए और 10 बजे से समस्त शिक्षण संस्थाओं में ध्वजारोहणए राष्ट्रगानए संविधान के संकल्प का स्मरण तथा खेलकूद और सांस्कृतिक कार्यक्रम होंगे। 10:15 बजे जिला चिकित्सालय में मरीजों को फल व मिठाई वितरित की जाएगीए जबकि 10:30 बजे साइकिल दौड़ का आयोजन होगा। 9 बजे से 10:30 बजे तक स्टेडियम में वॉलीबॉल प्रतियोगिता आयोजित होगी। साथ ही 2 बजे दृष्टि संस्था शंकर बाजार कवी में फल वितरण किया जाएगा व 3 बजे रूट मार्च का आयोजन किया जाएगा। बैठक में एसडीएम मानिकपुर मोहम्मद जसीमए अपर मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ एम के जतारियाए अग्रणी जिला प्रबंधक इंडियन बैंक अनुराग शर्माए जिला प्रोबेशन अधिकारी पंकज कुमार मिश्राए जिला समाज कल्याण अधिकारी ज्ञानेंद्र सिंह भदौरियाए जिला खादी ग्रामोद्योग अधिकारी राजेंद्र कुमारए पीटीओ दीप्ति त्रिपाठीए अधिशासी अभियंता विद्युत दीपक सिंहए जल संस्थान डीके सत्संगी समेत अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

# गेहूं खरीद 2025.26: ऑनलाइन पंजीकरण अनिवार्य, एक मार्च से होगी सरकारी खरीद

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** आगामी वर्ष 2025.26 के लिए गेहूं खरीद प्रक्रिया का प्रारंभ एक मार्च से होगा। डीएम शिवशरणप्पा जी0एन0 ने जिले में गेहूं खरीद हेतु चार एजेंसियों के तहत कुल 38 गेहूं क्रय केंद्रों का अनुमोदन किया है। इस संबंध में जिला खाद्य विपणन अधिकारी अविनाश कुमार झा ने बताया कि सरकारी गेहूं खरीद केंद्रों पर गेहूं बेचने के लिए किसानों को ऑनलाइन पंजीकरण कराना अनिवार्य है। अविनाश कुमार के अनुसारए गेहूं खरीद को ऑनलाइन पंजीकरण एक जनवरी से शुरू हो चुका है। अब तक जिले में कुल 63 किसानों ने पंजीकरण करवाया है। किसान खाद्य विभाग की वेबसाइट पर जाकर ई.उपार्जन माड्यूल में नवीन पंजीकरण या पंजीकरण संशोधन कर सकते हैं। जिन्होनें पिछले वर्षों में धान.गेहू खरीद में पंजीकरण कराया थाए उन्हें नए पंजीकरण की आवश्यकता नहीं हैए पुराने पंजीकरण में सूचनाओं को अपडेट करना होगा। गेहूं की खरीद पर न्यूनतम समर्थन मूल्य 2425 रुपये प्रति क्विंटल तय किया गया हैए जो पिछले साल की तुलना में 150 रुपये अधिक है।

# सेंट थॉमस स्कूल के प्रधानाचार्य को केवल चेतावनी देकर क्यों छोड़ा गया

## क्या प्रशासन को बच्चों के भविष्य से कोई मतलब नहीं

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** बच्चों के साथ हो रहे अत्याचार में प्रशासन का रवैया चिंताजनक है। पहला मामला सेंट थॉमस स्कूल के प्रधानाचार्य के खिलाफ सामने आयाए जो एक बच्चे को सिर्फ श्री राम कहने पर परीक्षा से वंचित करने का था। इस मामले में मात्र एक चेतावनी देकर प्रधानाचार्य को छोड़ दिया गयाए जबकि उनके खिलाफ सख्त अनुशासनात्मक कार्रवाई की जानी चाहिए थी। अगर समय रहते प्रधानाचार्य पर कडी कार्रवाई कर मिसाल पेश की होती तो शायद बाकी स्कूल प्रशासन व शिक्षक भी सबक लेते। सवाल उठता है कि आखिरकार क्यों प्रशासन ने इस गंभीर मामले को नजरअंदाज किया व सिर्फ एक चेतावनी देकर मामले को रफा.दफा कर दियाघ् क्या बच्चों की सुरक्षा की जिम्मेदारी सिर्फ माता.पिता की हैए या प्रशासन का भी कोई कर्तव्य बनता हैघ् क्या शिक्षा के क्षेत्र में ऐसी घटनाओं को नजरअंदाज करना समाज के लिए खतरनाक नहीं हैघ् इतना ही नहींए सवाल यह भी है कि स्कूल के पाठ्यक्रम व शिक्षण मानकों की पूरी जांच क्यों नहीं की गईघ् क्या बच्चों के भविष्य को ऐसे ही दांव पर लगाएंगेए जब उनके शारीरिक और मानसिक विकास को खतरा होघ् प्रशासन को इस मुद्दे पर संजीदगी से कदम उठाने होंगे व सख्त कार्रवाई करनी होगी।

### सभी स्कूलों की जांच होनी चाहिए

चित्रकूट में बच्चों के साथ हो रहे ऐसे घिनौने अपराधों को देखते हुए अब समय आ चुका है कि सभी स्कूलों की कड़ी जांच हो। प्रशासन को हर हाल में इन शिक्षकों को तुत्काल सस्पेंड करए सख्त कानूनी कार्रवाई करनी चाहिए। क्या इन स्कूलों में बच्चों के खिलाफ चल रहे अपराधों को नजरअंदाज किया जाएगा।

# समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के दिए निर्देश



**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** डीएम शिवशरणप्पा जी0एन0 ने कलेक्ट्रेट में जनसुनवाई में जनसामान्य से समस्याएं सुनीं। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए कि जनसमस्याओं का निस्तारण समयबद्ध तरीके से व गुणवत्तापूर्वक किया जाए। जनसुनवाई में डीएम ने कहाए कि जमीन से संबंधित समस्याओं का समाधान पुलिस व राजस्व विभाग की संयुक्त टीम द्वारा तत्काल मौके पर जाकर करें। अधिकारियों को चेतावनी दी कि जनसुनवाई में जो भी समस्याएं सामने आ रही हैंए उनका निस्तारण शासकीय नियमों के अनुरूपए जल्द और प्रभावी तरीके से करें। जन सुनवाई में सीडीओ अमृतपाल कौरए अपर जिलाधिकारी न्यायिक राजेश प्रसाद मौजूद रहे।

# झूठा अपहरण आरोप लगाने वाले दो अभियुक्त गिरफ्तार

**चित्रकूट।** सरधुवा पुलिस ने युवक के अपहरण का झूठा आरोप लगाने वाले दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। यह कार्यवाही एएसपी चक्रपाणि त्रिपाठी के निर्देश में की गई। सीओ राजापुर जयकरन सिंह के पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक आशुतोष तिवारी ने मामले की विवेचना की। वादी बड़की देवी ने आरोप लगाया था कि सात दिसंबर 2024 को उनके बेटे फूलचन्द्र का अपहरण कर हत्या कर दी गईए लेकिन जांच में सामने आया कि वादी व उसके पुत्र ने झूठी कहानी बनाई थी। आरोपी फूलचन्द्र उर्फ बच्चा और संतोष कुमार ने इस झूठे आरोप को रचने में सहमति दी थी। 22 जनवरी 2025 को इन दोनों आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार करने वाली टीम में अपराध निरीक्षक अंजनी कुमार सिंहए दारोगा चन्द्रमणि पाण्डेय समेत अन्य पुलिसकर्मी शामिल थे।

# चार दिवसीय माइक्रोइरीगेशन सिस्टम प्रशिक्षण का सफल आयोजन

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** उद्यान विभाग चित्रकूट ने युवाओं के लिए माइक्रोइरीगेशन सिस्टम संचालन एवं रख.रखाव विषयक चार दिवसीय रोजगार प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन कियाा गयाए जिसका तृतीय दिवस ग्राम पंचायत खोही कर्वी में किया गया। जिसमें प्रशिक्षणाथिर्यों को औद्यानिक क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले अरुण त्रिपाठी के प्रक्षेत्र पर स्थापित गिनी रिप्रंकलर का प्रदर्शन दिखाया गया। मिनी स्प्रिंकलर के संचालन एवं रख.रखाव के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। कार्यक्रम में दीपक माथुर ;टीआरआई एंबेडेड सेलए मुख्य सचिव कार्यालय उत्तर प्रदेशद्धए राजेश यादव ;आईएआई दिल्लीद्धए श्रीमती माधुरी दिक्षीत ;घुगरी कोफाउण्डर एग्रीनेक्शट पुणेद्धए चंचल कुमार ;आईएआई दिल्लीद्ध व प्रदीप कुमार रूंगटा ;इरीगेशनद्ध ने प्रशिक्षणाथिर्यों को जानकारी दी। कार्यक्रम के सफल आयोजन में शशांक कुमार ;कनिष्ठ सहायकद्धए रामरूद्ध मिश्राए धीरेन्द्र प्रताप सिंहए संजय कुमारए ईसाक खानए बबलू और सोनू यादव का विशेष योगदान रहा।

# महिलाओं के अधिकारों व कानूनी जागरूकता के लिए विधान से समाधान कार्यक्रम का आयोजन

**अखंड भारत संदेश**



चित्रकूट। मानिकपुर ब्लाक परिसर में बुधवार को उप्र राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ व राष्ट्रीय महिला आयोग के संयुक्त तत्वावधान में विधान से समाधान कार्यक्रम किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य महिलाओं को कानूनी अधिकारों और विभिन्न विधिक उपायों के बारे में जागरूक करना थाए जिससे वे वास्तविक जीवन की चुनौतियों का सामना कर सकें। कार्यक्रम की अध्यक्षता विकास कुमार जनपद न्यायाधीशध्अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण व मार्गदर्शन श्रीमती नीलू मैनवाल सचिवध्अपर जिला जज ने की।

कार्यक्रम में न्यायाधिकारी सुश्री खुशबू चंद्रा ने महिलाओं को उनके अधिकारों व उपलब्ध कानूनी चैनलों जैसे पुलिसए न्यायपालिकाए व विभिन्न सरकारी योजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी। डॉ स्वाती पाठक महिला चिकित्साधिकारी ने सर्वाइकल कैंसर और एचआईवीध्एड्स के लक्षणों पर चर्चा की। साथ ही महिलाओं को वित्तीय स्वातंत्रता और महिला सशक्तिकरण हेतु विभिन्न सरकारी योजनाओं से अवगत कराया गया। खण्ड विकास अधिकारी शैलेन्द्र कुमार ने महिला पेंशन योजनाए मुख्यमंत्री बाल श्रम योजना और कन्या सुमंगला योजना के बारे में जानकारी दी।

# विदेश संदेश

## इजरायल मिलिट्री चीफ का इस्तीफा, कहा- 7 अक्टूबर की नाकामी जिंदगी भर मेरे साथ रहेगी

**इजरायल डिफेंस फोर्सेज (आईडीएफ) के चीफ ऑफ स्टाफ लेफ्टिनेंट जनरल हर्जी हलेवी ने अपने इस्तीफे का ऐलान कर दिया। उन्होंने कहा कि वह 6 मार्च को अपना पद छोड़ देंगे**

**तेल अवीव। इजरायल** डिफेंस फोर्सेज (आईडीएफ) के चीफ ऑफ स्टाफ लेफ्टिनेंट जनरल हर्जी हलेवी ने अपने इस्तीफे का ऐलान कर दिया। उन्होंने कहा कि वह 6 मार्च को अपना पद छोड़ देंगे। एक बयान में, इजरायल सैन्य प्रमुख ने कहा कि वह "7 अक्टूबर को आईडीएफ की नाकामी के लिए अपनी जिम्मेदारी को स्वीकार करने के बाद इस्तीफा दे रहे हैं।' उन्होंने कहा कि 6 मार्च तक, वह 7 अक्टूबर के हमास हमले की जांच पूरी कर लेंगे और आईडीएफ को भविष्य की चुनौतियों के लिए तैयार करेंगे।

'द टाइम्स ऑफ इजरायल' के मुताबिक आईडीएफ चीफ ने अपने त्याग पत्र में लिखा, 'पिछले चार दशकों से, इजरायल की रक्षा करने का मिशन मेरे जीवन की प्रेरणा रहा। एक सैनिक और युवा कमांडर के रूप में अपने शुरूआती दिनों से लेकर चीफ ऑफ स्टाफ के रूप में अपनी भूमिका तक, मैंने आईडीएफ का हिस्सा होने पर गर्व महसूस किया है। मैंने इसे एक अनुकरणीय संगठन के रूप में माना है।'

हलेवी ने लिखा, '7 अक्टूबर की सुबह, मेरी कमान के तहत, आईडीएफ, इजरायल के नागरिकों की रक्षा करने के अपने मिशन में नाकाम रहा। इजरायल के लोगों ने जान गंवाने, बंधक बनाए जाने और शारीरिक और भावनात्मक रूप से घायल होने के रूप में भारी और दर्दनाक कीमत चुकाई। कई लोगों के साहसी कार्य [सुरक्षा बल के कर्मचारी, आईडीएफ के



सैनिक और कमांडर, और बहादुर नागरिक] - इस महान आपदा को रोकने के लिए काफी नहीं थे। इस भयानक नाकामी के लिए मेरी जिम्मेदारी हर दिन, हर घंटे मेरे साथ है, और मेरे जीवन के बाकी हिस्से में भी मेरे साथ रहेगी।'

आईडीएफ चीन ने पत्र में कहा, "7 अक्टूबर को आईडीएफ चीफ की नाकामी के लिए अपनी जिम्मेदारी को स्वीकार करते हुए, और ऐसे समय में जब आईडीएफ ने असाधारण उपलब्धियां दर्ज की हैं और इजरायल की प्रतिरोधक क्षमता और ताकत को बहाल किया है, मैं 6 मार्च, 2025 को अपना कार्यकाल समाप्त करने का अनुरोध करता हूं।' हलेवी कहा, 'यह फैसला बहुत पहले लिया गया था। अब, जब आईडीएफ युद्ध के सभी क्षेत्रों में हावी है और एक और बंधक वापसी समझौते पर काम चल रहा है, तो समय आ गया है।'

बता दें इजरायल और हमास ने रविवार को युद्ध विराम समझौते को लागू करना शुरू कर दिया, जिसमें बंधकों और कैदियों की अदला-बदली शामिल है।

हमास ने 7 अक्टूबर 2023 को इजरायल पर हमला कर करीब 1200 लोगों को मार दिया था और 251 लोगों को बंधक बना लिया था। इसके बाद इजरायल ने गाजा में हमले शुरू कर दिए जिसमें कम से कम 47,035 फिलिस्तीनी मारे गए हैं और 111,091 घायल हुए हैं।

## बांग्लादेश : ट्रंप के नेतृत्व में अमेरिका से संबंधों में बदलाव की संभावना, विश्लेषकों का अनुमान

**ढाका। अमेरिका** में डोनाल्ड ट्रंप की सत्ता में वापसी के बाद बांग्लादेश से संबंधित नीतियों में भी बदलाव की संभावना है। ढाका में कई विश्लेषकों का मानना है कि बांग्लादेश के लिए अब अमेरिका के साथ रिश्ते असहज हो सकते हैं, विशेष रूप से मोहम्मद यूनुस के नेतृत्व वाली अंतरिम सरकार के सत्ता में आने के बाद से बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों, खासकर हिंदुओं के खिलाफ बढ़ते हमलों को लेकर अमेरिका में चिंता है।

राष्ट्रपति चुनाव अभियान के दौरान ट्रंप ने बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों, विशेष रूप से हिंदुओं और ईसाइयों के खिलाफ बढ़ती हिंसा की निंदा की थी। ट्रंप ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में लिखा था, "मैं बांग्लादेश में हिंदुओं, ईसाइयों और अन्य अल्पसंख्यकों के खिलाफ बर्बर हिंसा की कड़ी निंदा करता हूं, जहां भीड़ द्वारा हमले और लूटपाट हो रही है। यह पूरी तरह से अराजकता की स्थिति है।"

उन्होंने कहा, "मेरे कार्यकाल में ऐसा कभी नहीं हुआ, हम कट्टरपंथी वामपंथियों के धर्म-विरोधी एजेंडे से हिंदू अमेरिकियों की रक्षा करेंगे। हम आपकी स्वतंत्रता के लिए लड़ेंगे।"



यूनुस सरकार ने अमेरिकी प्रशासन से अच्छे संबंध बनाने की कोशिश की है और यह दावा किया है कि ट्रंप के दूसरे कार्यकाल में दोनों देशों के रिश्तों में कोई बदलाव नहीं होगा। लेकिन ढाका में कई विशेषज्ञों का मानना है कि अमेरिका के साथ संबंधों में मुश्किलें आ सकती हैं। सेंटर फॉर पार्टनरशिप इनिशिएटिव के संस्थापक रकीब अल हसन ने एक लेख में कहा कि बांग्लादेश को अमेरिकी नीति के विकास को ध्यान से देखना चाहिए और इसके लिए एक विशेष इकाई विदेश मंत्रालय में बनानी चाहिए। चीन के बेल्ट एंड रोड इनिशिएटिव (बीआरआई) में बांग्लादेश की भागीदारी पर अमेरिका पहले ही अपनी चिंता व्यक्त कर चुका है और ट्रंप के मुखर रुख से बांग्लादेश को कड़े फैसलों का सामना करना पड़ सकता है। इसके अलावा, अमेरिका बांग्लादेश को सालाना लगभग 20 करोड़ डॉलर की विकास सहायता प्रदान करता है और बांग्लादेश का सबसे बड़ा निर्यात बाजार भी है, विशेष रूप से रेडीमेड गारमेंट (आरएमजी) क्षेत्र में। हालांकि, हाल की रिपोर्टों के अनुसार, बांग्लादेश में नए अमेरिकी निवेश और द्विपक्षीय व्यापार में वृद्धि की संभावना "सीमित" दिख रही है।

रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि बांग्लादेश में वर्तमान में कई निवेशक पीछे हट रहे हैं और कुछ संभावित निवेशक स्थिति को देखकर फैसला लेने की रणनीति अपना रहे हैं। एक पूर्व बांग्लादेशी राजनयिक ने बताया कि नए निवेशकों को स्थिति का आकलन करने थोड़ा इंतजार करना पड़ सकता है।

इस बीच, ढाका में अमेरिकी दूतावास के प्रभारी राजदूत ट्रेसी एन जैकबसन ने हाल ही में बांग्लादेश के विभिन्न नेताओं से मुलाकात की है। गत 11 जनवरी को कार्यभार संभालने के बाद, उन्होंने यूनुस से मुलाकात की और बांग्लादेश के लोगों के लिए एक स्थिर और लोकतांत्रिक भविष्य की दिशा में अमेरिका के समर्थन पर चर्चा की।

इसके अलावा, 16 जनवरी को जैकबसन ने बांग्लादेश के कानून, न्याय और संसदीय मामलों के सलाहकार के साथ "श्रम अधिकारों, न्यायिक सुधार और आतंकवाद-रोधी" मुद्दों पर भी चर्चा की थी।

## खालिस्तान जिंदाबाद के नारे लगाते मजे से कैपिटल हिल में घूमता नजर आया आतंकी पन्नू

**अमेरिका**

**कार्यक्रम में** अपनी उपस्थिति से आतंकवादी यह दिखाने की कोशिश कर रहा था कि वह ट्रम्प और उनकी प्रासंगिकता के कितने करीब है। इस बीच, डोनाल्ड ट्रम्प और अमेरिकी प्रशासन के प्रति अपने महत्व और निकटता का प्रचार करने की पन्नू की कोशिशें असफल रही हैं। इस संदेश को संप्रेषित करने के उनके प्रयास विफल हो गए हैं, विश्वसनीयता और प्रामाणिकता का अभाव है।

डोनाल्ड ट्रंप के शपथग्रहण समारोह के दौरान एक असामान्य दृश्य देखने को मिला। खालिस्तानी आतंकी संगठन सिख फॉर जस्टिस (एसएफजे) का चीफ गुरपतवंत पन्नू अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के शपथग्रहण समारोह में पहुंचा हुआ था। खालिस्तानी आतंकवादी गुरपतवंत पन्नून ने 'खालिस्तान जिंदाबाद' का नारा



लगाया। इसका एक वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है जिसमें पन्नून कार्यक्रम में भीड़ के बीच नजर आ रहे हैं और नारा लगा रहे हैं। यह द लिबर्टी बॉल के आधिकारिक उद्घाटन के दौरान हुआ। सिख फॉर जस्टिस के जनरल काउंसिल पन्नून ने कथित तौर पर किसी संपर्क के माध्यम से टिकट खरीदे। उन्हें इस कार्यक्रम में आमंत्रित नहीं किया गया था।

कार्यक्रम में अपनी उपस्थिति से आतंकवादी यह दिखाने की कोशिश कर रहा था कि वह ट्रम्प और उनकी प्रासंगिकता के कितने करीब है।

इस बीच, डोनाल्ड ट्रम्प और अमेरिकी प्रशासन के प्रति अपने महत्व और निकटता का प्रचार करने की पन्नू की कोशिशें असफल रही हैं। इस संदेश को संप्रेषित करने के उनके प्रयास विफल हो गए हैं, विश्वसनीयता और प्रामाणिकता का अभाव है।

## डोनाल्ड ट्रंप ने खत्म की जन्मसिद्ध नागरिकता : अमेरिका में रहने वाले भारतीयों पर क्या असर पड़ेगा?

**वाशिंगटन। अमेरिकी** राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने सोमवार को अमेरिका में जन्मसिद्ध नागरिकता (बर्थ राइट सिटीजनशिप) को खत्म करने के लिए एक कार्यकारी आदेश पर हस्ताक्षर किए। आदेश यह सुनिश्चित करेगा कि विदेशी पासपोर्ट धारकों के बच्चों को अब अमेरिकी नागरिक नहीं माना जाएगा। इसमें वे लोग भी शामिल हैं जो देश में कानूनी रूप से रह रहे हैं, जैसे टूरिस्ट, स्टूडेंट और वर्क वीजा पर रहने वाले लोग। ट्रंप का यह आदेश भारतीयों पर गहरा असर डाल सकता है जानते हैं कैसे -

जन्मसिद्ध नागरिकता क्या है?

जन्मसिद्ध नागरिकता वह कानूनी सिद्धांत है जिसके अनुसार बच्चे उस देश की नागरिकता प्राप्त करते हैं जिसमें उनका जन्म हुआ है, भले ही उनके माता-पिता की राष्ट्रीयता या इमिग्रेशन स्टेट्स कुछ भी हो। अमेरिकी संविधान में 14वां संशोधन को लंबे समय से अमेरिकी धरती पर पैदा हुए लगभग सभी बच्चों को नागरिकता देने के रूप में पढ़ा जाता रहा है। इसे 1868 में गृह युद्ध के बाद अपनाया गया था ताकि पूर्व में गुलाम बनाए गए लोगों की स्थिति को स्पष्ट किया जा सके।

इसमें कहा गया है कि "संयुक्त राज्य अमेरिका में जन्मे या प्राकृतिक रूप से बसे सभी व्यक्ति, संयुक्त राज्य अमेरिका के नागरिक हैं।"

ट्रम्प ने क्या कहा?

सोमवार को राष्ट्रपति ने जन्मसिद्ध नागरिकता के खिलाफ एक कार्यकारी आदेश पर हस्ताक्षर करते हुए इसे 'बिल्कुल हास्यास्पद' अवधारणा करार दिया। उन्होंने



यह भी दावा किया कि अमेरिका 'दुनिया का एकमात्र देश' है, जिसके पास ऐसा नियम है। विवादास्पद आदेश को कानूनी बाधाओं का सामना करना पड़ सकता है - लेकिन व्हाइट हाउस का मानना है कि इसमें बदलाव के लिए 'बहुत अच्छे आधार' हैं।

कार्यकारी आदेश क्या करेगा?

सोमवार को डोनाल्ड ट्रंप द्वारा हस्ताक्षरित आदेश यह सुनिश्चित करेगा कि अमेरिका में जन्मे बच्चे - [जिनके माता-पिता में से कम से कम एक नागरिक या वैध स्थायी निवासी नहीं है] - को अब स्वचालित रूप से अमेरिकी नागरिकता नहीं मिलेगी। यह फेडरल एजेंसियों को ऐसे बच्चों के लिए अमेरिकी नागरिकता साबित करने वाले प्रासंगिक दस्तावेज जारी करने या मान्यता देने से भी रोकता है। यह आदेश अनधिकृत अप्रवासियों और अस्थायी वीजा पर अमेरिका में वैध रूप से रहने वाले - दोनों के बच्चों को लक्षित करता है।

क्या यह तुरंत लागू होगा?

ट्रंप द्वारा आदेश पर हस्ताक्षर करने के कुछ घंटों बाद तक प्रक्रिया में कोई तत्काल बदलाव नहीं हुआ। कार्यकारी आदेश 20 फरवरी तक प्रभावी होने वाला है, लेकिन इसके लिए कई कानूनी बाधाओं का सामना करना पड़ेगा। नागरिकता खंड अमेरिकी संविधान का हिस्सा है, और जन्मसिद्ध नागरिकता भी कानूनी द्वारा समर्थित है। कई रिपोट्र्स एक्सपट्र्स की हवाले से यह भी दावा करती हैं कि जन्मसिद्ध नागरिकता से संबंधित कानूनों में पूरी तरह से बदलाव असंभव है।

इस आदेश ने कई समाज के कई हिस्सों में आक्रोश पैदा किया है, जिसमें कई प्रभावशाली आवाजें इस फैसले के खिलाफ बोल रही हैं। अप्रवासी और नागरिक अधिकार अधिवक्ताओं - जिसमें अमेरिकन सिविल लिबर्टीज यूनियन भी शामिल है - ने भी सोमवार को इस आदेश के खिलाफ मुकदमा दायर किया।

## बांग्लादेश की इतनी हिम्मत, अब खुलेआम भारत को धमकाने लगा



**बांग्लादेश**

**आसिफ** नजरुल ने कहा है कि अगर भारत ने शेख हसीना के प्रत्यर्पण की मांग को ठुकरा देता है। तो ऐसा करना प्रत्यर्पण संधि के खिलाफ होगा। इससे ये माना जाएगा कि भारत ने प्रत्यर्पण संधि को खत्म करने का काम किया है। उन्होंने जानकारी देते हुए बताया है कि हमने एक चिट्ठी लिखी है जिसमें शेख हसीना के प्रत्यर्पण की मांग की गई है। अगर भारत शेख हसीना को प्रत्यर्पित नहीं करता है तो इससे ये साफ संदेश जाएगा कि उसने प्रत्यर्पण संधि की अवहेलना कर दी है, जो भारत और बांग्लादेश के बीच पहले से तय की गई थी।

भारत और बांग्लादेश के बीच तनाव कम होने का नाम नहीं ले रहा है। एक तरफ जहां भारत बांग्लादेश की सीमाओं पर बाड़ेबंदी को लेकर ढाका के द्वारा तनाव पैदा करने की कोशिश की जा रही है। बांग्लादेश की आंतरिम सरकार भारत के खिलाफ टीका-टिप्पणी करने से बाज नहीं आ रही है। बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के तमाम सलाहकार भारत विरोधी बयानों के लिए पूरे बांग्लादेश में सुर्खियां बटोर रहे हैं। अब एक और बयान भारत को धमकी देने के अंदाज से सामने आया है। अंतरिम सरकार के लॉ एडवाइजर आसिफ नजरुल ने कहा है कि अगर भारत ने शेख हसीना के प्रत्यर्पण की मांग को ठुकरा देता है। तो ऐसा करना प्रत्यर्पण संधि के खिलाफ होगा। इससे ये माना जाएगा कि भारत ने प्रत्यर्पण संधि को खत्म करने का काम किया है।

## तुर्की : स्की रिसॉर्ट होटल में आग लगने से 66 की मौत, 50 से ज्यादा घायल

**अंकारा। तुर्की** में मंगलवार को एक स्की रिसॉर्ट होटल में लगी आग में कम से कम 66 लोगों की मौत हो गई और 50 से ज्यादा लोग घायल हो गए।

यह हादसा उस समय हुआ जब बोलू प्रांत के कार्तलकाया स्की रिसॉर्ट में स्थित एक होटल में आधी रात के बाद आग लग गई।



इमारत में एक मंजिल पर रेस्त्रां चलता है। आग रेस्तरां में लगी।

स्थानीय अधिकारियों ने बताया, कई लोग घबराहट में होटल की इमारत से कूद गए, जिससे उनकी मौत हो गई।

बोलू प्रांत के गवर्नर अब्दुलअजीज आयडिन ने बताया कि आग लगने का कारण अभी तक स्पष्ट नहीं हो सका है, लेकिन आग की लपटों ने बहुत तेजी से होटल को अपनी चपेट में ले लिया।

आग लगने की सूचना मिलने पर अग्निशमन दल, खोज एवं बचाव इकाइयां तथा चिकित्सा दल शहर मौके पर पहुंचे। फायर ब्रिगेड और बचाव टीमों ने मिलकर लगभग 230 लोगों को सुरक्षित निकाला। तुर्की के न्याय मंत्री यिलमाज टुनक ने बताया कि इस हादसे की जांच के लिए बोलू प्रांत के मुख्य लोक अभियोजक कार्यालय द्वारा एक न्यायिक जांच शुरू की गई है। इस जांच में छह लोक अभियोजक और पांच विशेषज्ञों की एक समिति बनाई गई है।

कार्तलकाया रिसॉर्ट तुर्की के प्रमुख शीतकालीन पर्यटन स्थलों में से एक है, जो स्की सीजन में हजारों पर्यटकों को आकर्षित करता है। यह होटल 1978 से तुर्की के स्कीयर के लिए एक प्रमुख केंद्र रहा है।

बोलू शहर, अंकारा और इस्तांबुल के बीच स्थित एक प्रमुख शहर है, और यह क्षेत्र स्की पर्यटन के लिए जाना जाता है। कोरोग्लू पर्वत की चोटी पर स्थित, बोलू शहर के केंद्र से 38 किमी दूर, अंकारा और इस्तांबुल से 180 किमी दूर, स्की एंड माउंटेन होटल 60,000 वर्ग मीटर के क्षेत्र में फैला हुआ है।

अखंड भारत संदेश
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक
स्वामी श्री योगी सत्यम् फॉर
योग सत्संग समिति
द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज
1/6C माधव कुंज
कटरा, प्रयागराज से मुद्रित
एवं
क्रियायोग आश्रम एण्ड अनुसंधान संस्थान
झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश
से प्रकाशित
सम्पादक
स्वामी श्री योगी सत्यम्
RNI NO. UPHIN/2001/09025
प्रबन्धक
अनूप मिश्रा
ऑफिस मो.:
9565333000
Email:
akhandbharatsandesh1@gmail.com
सभी विवादो का न्याय क्षेत्र
प्रयागराज होगा

## ट्रंप ने 500 अरब अमेरिकी डॉलर की एआई पहल की घोषणा की

**अमेरिका**

**अमेरिका** में एआई बुनियादी ढांचे में 500 अरब अमेरिकी डॉलर का निवेश करेगी और बेहद तेजी से आगे बढ़ेगी तथा तुरंत 1,00,000 से अधिक अमेरिकी नौकरियों का सृजन करेगी।

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने एक नई कंपनी के माध्यम से कृत्रिम मेधा (एआई) बुनियादी ढांचे में 500 अरब अमेरिकी डॉलर के निवेश की घोषणा की है। इसे ओरेकल, सॉफ्टबैंक और ओपन एआई के साथ साझेदारी में बनाया जा रहा है।

स्टारगेट नामक यह उद्यम, अमेरिकी डेटा केंद्रों में प्रौद्योगिकी कंपनियों के महत्वपूर्ण निवेश को दशार्ता है। ये तीनों कंपनियों ने इस उद्यम के लिए वित्तीय मदद करने की योजना बनाई है। अन्य निवेशक भी इसमें निवेश कर पाएंगे। इसकी शुरूआत टेक्सास में निमार्णाधीन 10 डेटा केंद्रों से होगी। ट्रंप ने मंगलवार को व्हाइट हाउस में संवाददाता सम्मेलन में ओरेकल के मुख्य प्रौद्योगिकी अधिकारी लैरी एलिसन, सॉफ्टबैंक के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) मासायोशी सोन और ओपन एआई के सीईओ सैम ऑल्टमैन के साथ इसकी घोषणा की। राष्ट्रपति ने कहा, उस नाम को अपनी पुस्तकों में लिख लें क्योंकि मुझे लगता है कि आप भविष्य में इसके बारे में बहुत कुछ सुनने वाले हैं। एक नई अमेरिकी कंपनी जो अमेरिका में एआई बुनियादी ढांचे में 500 अरब अमेरिकी डॉलर का निवेश करेगी और बेहद तेजी से आगे बढ़ेगी तथा तुरंत 1,00,000 से अधिक अमेरिकी नौकरियों का सृजन करेगी। उन्होंने कहा, स्टारगेट तुरंत काम शुरू करेगा, ताकि एआई में अगली पीढ़ी की प्रगति को बढ़ावा देने के लिए भौतिक तथा आभासी बुनियादी ढांचे का निर्माण किया जा सके।

## ली छ्यांग ने विभिन्न क्षेत्रों के विशेषज्ञों, उद्यमियों और प्रतिनिधियों के साथ संगोष्ठी की अध्यक्षता की

**बीजिंग। चीनी** कम्युनिस्ट पार्टी के पोलित ब्यूरो की स्थायी कमेटी के सदस्य, प्रधानमंत्री ली छ्यांग ने शिक्षा, विज्ञान, संस्कृति, स्वास्थ्य और खेल के क्षेत्रों के विशेषज्ञों, उद्यमियों और प्रतिनिधियों के साथ एक संगोष्ठी की अध्यक्षता की। उन्होंने "सरकारी कार्य रिपोर्ट (राय मांगने के लिए मसौदा)" पर राय और सुझाव भी सुने। संगोष्ठी में सभी ने माना कि पिछले वर्ष बढ़ते बाहरी दबाव और बढ़ती आंतरिक कठिनाइयों के साथ एक जटिल और गंभीर स्थिति का सामना करते हुए चीन ने अपने व्यापक आर्थिक नियंत्रण प्रयासों को बढ़ाया और लगातार नवीन नीतिगत उपाय पेश किए, जिससे अर्थव्यवस्था ने तीव्र वृद्धि हासिल की, विभिन्न उपक्रमों ने नई प्रगति की, बाजार की उम्मीदों और सामाजिक विश्वास को प्रभावी



ढंग से बढ़ावा मिला और ये उपलब्धियां कड़ी मेहनत से हासिल की गईं। सभी ने अपने-अपने क्षेत्र के आधार पर वर्तमान विकास समस्याओं के समाधान तथा इस वर्ष सरकारी कामकाज में अच्छा प्रदर्शन करने पर भी राय और सुझाव रखे। सभी के भाषणों को ध्यान से सुनने के बाद ली छ्यांग ने बताया कि पिछले वर्ष शी चिनफिंग के केंद्र वाली चीनी कम्युनिस्ट पार्टी की केंद्रीय समिति के मजबूत नेतृत्व में पूरे देश ने मिलकर काम किया। समग्र आर्थिक परिचालन स्थिर रहा और लगातार प्रगति हुई।

पूरे वर्ष के मुख्य विकास लक्ष्य और कार्य सफलतापूर्वक पूरे हुए और उच्च गुणवत्ता वाले विकास को लगातार बढ़ावा मिला। लेकिन, चीन को अभी भी विकास में कई कठिनाइयों और चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने आगे कहा कि चीन में दीर्घकालिक आर्थिक विकास की मूल प्रवृत्ति नहीं बदली है और न ही बदलेगी। जब तक हम अपना काम अच्छी तरह से करने में दृढ़ रहेंगे, हम निश्चित रूप से अपने देश की अर्थव्यवस्था के स्थिर और स्वस्थ विकास को बढ़ावा देंगे।